4. *Bhattacharyya, A. (2012). Women in military in India: The cry for parity. Mediterranean Journal of Social Sciences, 3(2), 317-324.*
5. *https://www.cwds.ac.in*
6. *https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/women-in-indian-armed-forces*
7. *John, M. E. (2018). Feminism and the discipline of sociology in India. In G. Chadha & M. T. Joseph (Eds.), Re-imagining sociology in India: Feminist perspectives (pp. 45-62). Routledge.*
8. *Josephin, V. P. D. (2017). Women empowerment through NCC. Global Research Publications.*
9. *Menon, N. (2012). Seeing like a feminist. Penguin Books India.*
10. *Menon, R. (2023). India on their minds: 8 women, 8 ideas of India. Women Unlimited.*
11. *National Education Policy and Gender Inclusion. (2020). Policy framework for gender equality in education. Ministry of Education, Government of India.*
12. *Singh, A., & Singh, Y. (2024). Women in combat: The rise of women in defense forces. Management Journal for Advanced Research, 4(4), 155-158.*
13. *Singh, A. (2024). Status quo of women's representation in Indian defense forces: An analysis of changing facets. SSRN Electronic Journal. https://doi.org/10.2139/ssrn.4779975*
14. *Singh, A., & Singh, R. (2025). Multiple perspectives examining how a Junior Reserve Officers' Training Corps (JROTC) program affects student development: A case study. Liberty University Research Symposium.*

15. *University Grants Commission. (2025). UGC-CARE list of quality journals. https://www.ilovephd.com/ugc-approved-care-journals-list/*
16. *VOA News. (2021, September 29). India's elite military academy to open doors to women. https://www.voanews.com/a/india-s-elite-military-academy-to-open-doors-to-women/6250074.html*
17. *Women's and gender history in India: Between academia and activism. (2019). Books OpenEdition, 91-104.*
18. *Women in Security. (2022). How to integrate gender perspective in military education and training. SEESAC Regional Study.*

***Paper Received : 04 April, 2025*** ***Paper Accepted : 20 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 68-73

# वेद में वर्णित वानस्पतिक औषधियाँ

*प्रो० आशा गुप्ता **

## *सारांश*

*वेदों में वनस्पतियों को देवता माना गया है और इन औषधीय पौधों के लिए स्तुतपरक मंत्रों का भी प्रयोग किया गया है। ऋग्वेद में ओषध सूक्त के अन्तर्गत चिकेत्सीय ज्ञान और प्रयोग के विषयमें विस्तृत रूप से बताया गया है। ओषधि वनस्पति को माता के समान हितकारी बताया गया है।*

***मूल शब्द** – सुश्रुत, अक्ष, अवि, अशोक, अश्वत्थ, अश्वावती, उच्छुष्मा, उदुम्बर, उर्वारु, देवी, न्यस्तिका, नलद, नराची, नागकेशर, पलाश, पिप्पली, पीलु, पुण्डरीक पुनर्नवा, पृश्निपर्णी, बला, ब्राहनी, भगवती, भण्डूकी*

सृष्टि के प्रारंभ से ही मानव जीवन वनस्पतिमय था। वन्य प्रदेशों में वनस्पतियों का आधिक्य था और ग्रामीण क्षेत्र में भी उनकी बहूलता थी यही कारण था कि मानव अपने दैनन्दिन आवश्यकताओं की पूर्ति उसी माध्यम से करता था। आहार, वस्त्र, सैय्या, स्नान, अनुलेपन, अंगराग, शृंगार प्रसाधन, गृह निर्माण के नाना उपकरणों इत्यादि में पौधों का प्रयोग किया जाता रहा है। यज्ञों में वनस्पतियों का विशेष उपयोग था यज्ञशाला के निर्माण से लेकर यज्ञ की परिधि, यूप तथा विविध पात्रों तक में विभिन्न वनस्पतियों का प्रयोग किया जाता था। सोम तो यज्ञों में एक प्रधान द्रव्य था जिसे ओषधिराज की संज्ञा से विहित किया गया। मानव जीवन का सुख समृद्धि में वनस्पतियों का महत्वपूर्ण स्थान था। यही कारण है कि वैदिक वाङ्मय में ओषधि–वनस्पतियों की स्तुति में अनेक मंत्र उपलब्ध होते हैं। सर्वप्रथम में ऋग्वेद के ओषधि सूक्त के द्वारा हमें ओषधि, उनके प्रकार चिकित्सकीय प्रयोग एवं औषधियों की विभिन्न उपयोगिताओं के विषय में ज्ञान प्राप्त होता है। यजुर्वेद और अथर्ववेद में ओषधियों का वृहद विवरण प्राप्त होता है। अथर्ववेद को भिषग्वेद या भैषज्यवेद भी कहा जाता है। चरक और सुश्रुत[1] ने आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपांग (उपवेद) बताया है।

* *संस्कृत विभाग, रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी, डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, उत्तर प्रदेश*

मानव में प्रकृति के साहचर्य से वनस्पतियों का ज्ञान प्राप्त किया। जैसे–जैसे आवश्यकताएं बढ़ती गई वैसे–वैसे वनस्पतियों का प्रयोग क्षेत्र विस्तुत होता गया। प्राचीन महर्षियों ने वर्ण, पत्र, पुष्प, फल, कांड आदि अवयवों की विशेषताओं, उदभवस्थानों तथा गुण कर्म का सूक्ष्म निरीक्षण कर वनस्पतियों का विभिन्न वर्गों में बांटा। सामान्य रूप से छोटे पौधों को ओषधि और वृक्षों को वनस्पति शब्द से सम्बोधित किया।

जबसे मानव शरीर का प्रादुर्भाव हुआ तभी से रोगों की भी उत्पत्ति हुई और इस निवारण हेतु 'ओषधि वनस्पति' का औषध रूप में प्रयोग प्रारम्भ हुआ। ज्वर, यक्ष्मा, बलास (कफल रोग) आनुवांशिक रोग एवं अन्य स्त्रीरोग जो उस प्राचीनकाल से आज भी उसी रूप में मानव शरीर का क्षय करने वाले एवं वेदना प्रदायक है, की चिकित्सा इन औषधियों के माध्यम से तब भी उसी प्रकार की जाती थी जैसा कि आज के वैज्ञानिक युग में किया जाता है।

हमारी संस्कृत में प्राचीनकाल से ही 'तुलसी' के पौधे को मध्य–आंगन में लगाने का जो परंपरा रही है वह केवल श्रद्धा एवं भक्ति को प्रयोजन ही नहीं बल्कि यह पौधा कई मीटर की परिधि में रोगाणुओं को मार देता है। इसी तरह 'पीपल' पर हम जल चढ़ाते हैं तो पीपल के बीच जल स्पर्श द्वारा एक चक्र का निर्माण होता है और पीपल स्थित ओषधीय गुण को हम आत्मसात कर लेते हैं। हमारे देश में दीपावली के अवसर पर सरसों के तेल का दीपक जलाते हैं इसीलिए नहीं कि हमारे देश में सरसों तेल की अधिकता है बल्कि इस तेल से रोगाणुओं (बैक्टीरिया) को नष्ट करने की क्षमता होती है।

ऋग्वेद में ओषधियों को मानवसृष्टि से पूर्व उत्पन्न होने वाली कहा गया है।[2] ओषधियाँ मातृवत् हितकारिणी होती हैं, अतः उन्हें 'माता' कहा गया है।[3] ओषधियाँ संसार में हजारों स्थानों पर उत्पन्न होकर मानव मात्र के व्याधिजन्य दुःखों को दूर करके उन्हें संरक्षण प्रदान करती है।[4] ऋग्वेद में चार प्रकार कही गई हैं– फलयुक्त, फलरहित, पुष्पयुक्त एवं पुष्परहित।[5] ऋग्वेद में 'अक्ष' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अर्थ है 'रथ का एक भाग धूरा'। ऋग्वेद[6] और अथर्ववेद[7] में इस शब्द का प्रयोग 'पासा' (जुआ खेलने का साधन) के अर्थ में होता है, किन्तु छान्दोग्य उपनिषद्[8] में अक्ष शब्द विभीदक (बहेड़ा) के फल का बोधक है। आयुर्वेदिक मत से यह कड़वा, कसैला, दस्तावर, पाक के समय मधुर, नेत्रों को हितकारी केशवर्धक तथा स्वरभंग, नासा रोग, रुधिर

दोष, कण्ठरोग, हृदय रोग एवं रोग कृमियों का नाशक है। विभिदक की छाल, अल्परक्त, पांडुरोग एवं श्वेत कुष्ठ रोग में लाभदायक है। इसके बीज वमन, नेत्रव्रण को दूर करने वाले एवं वातनाशक होते हैं।[9] यह 'त्रिफला' में प्रयुक्त तीन द्रव्यों में से एक है।[10] अन्य दो द्रव्य हैं आमलकी (आँवला) एवं हरीतकी (हरड़)।

चरक संहिता के अनुसार विभीतक (बहेड़ा) के फल की मजा का लेप शोध एवं उससे उत्पन्न होने वाली दाह और वेदना से शांति प्रदान करता है।[11] बहेड़ा तथा अन्य अवयवों की छाल का चूर्ण शहद के साथ प्रयोग करने से कफज एवं पित्तज प्रमेह में लाभ प्रदान करता है।[12] इसका वानस्पतिक नाम 'टर्मिनेलिया बलरिका (Terminalia Ballirica) है और यह काम्ब्रेटेसी (Combretaceae) अर्थात् 'हरितकीकुल' की वनस्पति है इसका वृक्ष 60 से 100 फुट ऊँचा होता है। ओषधि के रूप में प्रयोग किया जाए तो इससे अम्लपित्त, अग्निमांद्य, अजीर्ण, दाह आदि उदरव्याधियों का निवारण होता है। '**<u>अघद्विष्टा</u>**'– अर्थात् पाप का नाश करने वाली। विद्वानों ने इसे 'दूर्वा' (दूब) कहा है। इसका उल्लेख 'अथर्ववेद' में हुआ है।[13] दूर्वा के तीन भेद बताए गए हैं– नील दुर्वा, श्वेत दुर्वा एवं गण्डदूर्वा। नील दुर्वा को ही शतपर्विका, सहस्रवीर्या एवं शतवल्ली कहा जाता है जो अनेक प्ररोहों वाली होती है।[14] इसके अतरिक्त इसे अमरी, अमृता अनुवल्लिका, असितालता, बहुवीर्य, हरसालिका, हरिता, महौषधि, एवं मंगला भी कहा जाता है। आयुर्वेदिक दृष्टि से दुर्वा–अरुचि, वमन, दाह, मूर्च्छा एवं कफनाशक तथा तृप्तिदायक है।[15] दूब का वैज्ञानिक नाम 'सिनोडोन डेक्टीलोन (Cynodon Dectylon) है। अजश्रृंगी– अथर्ववेद में अजश्रृंगी ओषधि का उल्लेख हुआ है। इसे वायु, जल और मलिन स्थानों पर उत्पन्न होने वाली 'अप्सरसो' (रोग कृमियों) को नष्ट करने वाली ओषधि कहा गया है। इसकी गंध तीव्र होती है।[16] इसका वैज्ञानिक नाम 'पिष्टेकिया इन्टिजेरिया' बताया गया है। यह कड़वी, कसैली, उष्ण तथा वात, कफ, क्षय, ज्वर, श्वास, खांशी एवं वमन को नष्ट करने वाली होती है।[17] **<u>अपस्कम्भ</u>**– अथर्ववेद में अपस्कम्भ का प्रयोग अतिविषाक्त अग्रभाग वाला (संभवतः बाण) अर्थ में हुआ है।[18] आचार्य सांयण इसे क्रमुक (सुपारी) वृक्ष स्वीकार करते हुए कहा है'' अपस्कम्यते विधार्यते अन्तरिक्षे इति अपस्कम्भः क्रमुकवृक्षः।[19] कौशिक सूत्र में इसे सर्पजन्य विष नाशक कहा गया है।[20] इसका वैज्ञानिक नाम है 'एरिका' 'कैटेचू' (Areca Catechue) है। यह भारी, शीतल रुक्ष, कसैली, अग्निप्रदीपक, रुचिकर और कफ, पित्त तथा

मुख्य की विरसता को दूर करने वाली ओषधीय गुणों से युक्त है। **अपामार्ग**— 'अपामार्ग' का प्रयोग अथर्ववेद में वहुशः किया गया है। इसे आधि एवं व्याधि दोनों की चिकित्सा में समान महत्वपूर्ण माना गया है। इससे क्रोध, दोष, अभिचार, दुःस्वज इत्यादि दूर करने वाली ओषधि बताया गया है।[21]

चरक के अनुसार अपामार्ग के साथ अन्य अवयवों संयोग— शिरःशूल, पीनस रोग, अधकपारी, अपस्मार और मूर्च्छा में लाभदायक होता है।[22] अपामार्ग का वनस्पतिक नाम 'एचीरेन्चस एस्पेरा' (Achyranchus Aspera) **अभया**— अनेक सूत्र ग्रन्थों में अभया को 'हरितकी' कहा गया है।[23] इसका वैज्ञानिक 'टर्मिनेलिया चेबुला' है। यह उदराग्निवर्द्धक, बुद्धिवर्द्धक, मधुरपाक, आयुवर्द्धक, नेत्रों को हितकारी, पुष्टिवर्द्धक, वायुवर्द्धक, श्वास, प्रमेह, अर्श, कुष्ठ, सूजन, उदररोग, स्वरभंग, विषमज्वर, गुल्म, ब्रण, वमन, हिचकी, हृदयरोगों, शूल यकृत तथा प्लीहा के रोग एवं कृमि नाशक है।[24]

**अमृत**— ऋग्वेद में पेय अमृत का निर्देश दिया गया है शतपथ ब्राह्मण में 'प्राण' एवं गोपथ ब्राह्मण में जल के रूप में प्रयोग किया गया है। डॉ0 प्रियव्रत शर्मा ने 'द्रव्यगुण विज्ञान' में गुडूची (गिलोय) को 'अमृत' कहा है। भावप्रकाश निघण्टु में भी अमृता अमृत वल्लरी इत्यादि नामों से विभूषित किया गया है।[25] यह उष्णु, बलदायक उदराग्निवर्द्धक, तृषा, आम, दाह प्रमेह खाँशी, पाण्डु, कामला, कुष्ठ वातरक्त, ज्वर, कृमि, बवासीर, हृदयरोग और और त्रिदोषनाशक होती है। कोरोना नामक महामारी में इस औषधि का प्रयोग रामबाण सिद्ध हुआ। **अर्क**— अथर्ववेद में अर्क (आक) को ताजीकारक (वीर्यवर्द्धक) औषधि कहा गया है।[26] श्वेतार्क को अलर्क, गणरूप, मन्दार, वसुक, सदापुष्प, बालार्क तथा प्रतापस कहा जाता है। रक्तार्क को अर्कपर्ण, विकीरण, रक्तपुष्प, स्फीट तथा सूर्य के समस्त पर्याय से जाना जाता है। इसके प्रयोग से— वातरोग, कुष्ठ, विष, व्रण, गुल्म, अर्श, कफ, उदररोग एवं कृमियों का शमन होता है। दर्द एवं सूजन को दूर करने के लिए मदार के पत्ते का लेप एक परम्परागत भारतीय चिकित्सा है। इसका वैज्ञानिक नाम 'कैलोट्रोपिस प्रोसीरा' (Clotropis Proceera) है। **अर्जुन**— अथर्ववेद में इसका अनेकशः उल्लेख हुआ है। यह भूरे रंग की लकड़ी वाला और हरे रंग की लकड़ी वाला होता है।[27]

भाव प्रकाश निघण्टु के अनुसार— अर्जुन वृक्ष की छाल का क्वाथ (काढ़ा) हृदय रोगों में उपयोगी है।[28] यह कसैला, उष्ण, मधुर, शीतल,

कान्तिजनक, व्रणशोधक, कफ, पित्त, दाह, प्रमेह, पाण्डुरोग, विषवाधा, रुधिर विकार बाधा को विनष्ट करता है। इसी तरह अनेक ओषधीय पौधे जैसे– अवि (कुलत्थ) अशोक, अश्वत्थ (पीपल) अश्वावती, इंद्राणी (इंद्रायण) उच्छुष्मा (कपिकच्छू या केवांच) उदुम्बर (गूलर), उर्वारु (उर्वारुक या ककड़ी) कनक्मक (धतूरा) कन्या (घृतकुमारी) कम्बला करंज, कुष्ठ, खदिर (खैर) गुल्गुलू (गुग्गुल) जीवन्ती तगर ताजद्भड़, (एरण्ड) तिल, दर्भ (कुश), दशवृक्ष, दिप्सौषधि (नागरमोथा या मोथा) देवी (काकमाची या मकोय) न्यस्तिका (शंखपुष्पी) नलद (उशीर) नराची, नागकेशर, पलाश, पिप्पली, पीलु, पुण्डरीक (कमल) पुनर्नवा, पृश्निपर्णी, बला, ब्राहनी, भगवती (सुभगा) भंड्गा, (भांग) भण्डूकी, (मण्दूकपर्णी) मदावती (द्राक्षा या अंगूर) मधु वनस्पति यव एवं यवपलाली, रामा, लांगली, वचा वरण इत्यादि द्वारा मानव कल्याण होता है।

वैदिक सभ्यता में वनस्पतियों को विशेष महत्त्व प्रदत्त है। आज के युग में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, चिकित्सा के क्षेत्र में नये–नये साधन आविष्कृत हुए हैं उतनी ही नवीन एवं प्राणघातक बीमारियाँ द्रष्टव्य हैं। यही कारण है कि मानव पुनः आयुर्वेद औषधि चिकित्सा एवं योग की ओर आशादृ ष्टि लगाए हुए हैं। जिस तरह पंच महाभूतों से हमारा निर्माण हुआ है उसी तरह वनस्पतियों का भी। यही कारण है कि उनमें विद्यमान औषधीय गुण हमारी आंतरिक स्थिति से मेल खाते हैं और हमारे शरीर में प्रदोष के व्यतिक्रम के परिणाम स्वरूप होने वाली व्याधियों को दूर करने में सामर्थ्यवान होते हैं। हम अंतः स्थिति से मेल खाते हैं और हमारे शरीर में त्रिदोष के व्यतिक्रम के परिणामस्वरूप होने वाली व्याधियों को दूर करने में सामर्थ्यवान होते हैं। हम जिस अन्न को ग्रहण करते है वह केवल हमारी भूख को ही नहीं शान्त करता अपितु वह हमें पौष्टिकता प्रदान कर हमारी प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है।

अतएव ओषधीय पौधों को महत्त्व एवं उनको संरक्षण प्रदान करना प्रदान करना हमारा नैतिक धर्म है। ओषधीय पौधे मानव के लिए प्रकृतिदत्त उपहार है हमें इस उपहार को अपने प्राणों के समान सहेज कर रखना चाहिए।

## *संदर्भ*

1. *इह खलुआयुर्वेदो नाम यदुपांगमथर्ववेदस्य–सुश्रुत सू0 1.6*
2. *ऋग्वेद 10/97/1*

3. *औषधिरिति मातस्तरतदो देवीरुप ब्रवे। ऋग्वेद 10/97/4*
4. *ऋग्वेद 10/97/4*
5. *याः फालिनीर्या अफला अपुष्पा, याश्च पुष्पिणीः। ऋग्वेद 10/97/15*
6. *ऋग्वेद 7.86.6, 10.34.1*
7. *अथर्ववेद 7.50.1, 7.50.9*
8. *छा0उ0–7.3.1*
9. *भाव0 हरिक्यादि0 34–36 पृ0 8–9*
10. *भाव0 हरिक्यादि0 42–43 पृ0 11*
11. *चरक संहिता– 12.71*
12. *च0चि0–6.35*
13. *अथर्ववेद 2.7*
14. *नील दुर्वारुहान्ताभागर्वी शतपर्विका– भाव0 गुड़्च्यादि0 164, पृ0 213*
15. *अजश्रृंग्यज रक्षः सर्वान् गन्धेन नाशय, अथर्व0 4.37.2*
16. *भाव0 हरिक्यादि0 170 पृ0 62–63*
17. *अपस्कम्भस्य शल्यान्निरवोचमहं विषम्। अथर्व0 4.6.4*
18. *कौ0 सू0– 28.2*
19. *अथर्ववेद 4.17 1–5 तक*
20. *चरक संहिता– 2.3 –6*
21. *पारस्कर गृह सूत्र 3.2.2.*
22. *भाव0 हारीतक्यादि– 1–33 पृ0 1–8.*
23. *गुड़ची मधुपर्णी स्यादमृतामृतबल्लरी। भाव0 गुड़्च्यादि0–6*
24. *अर्को अंगनांग संसमकं कृणोतु। अथर्व0 6.72.1*
25. *बभ्रार्जुन काण्डस्थ ..........। अथर्व0 2.8.3*
   *हरिता अर्जुना........................। अथर्व0 4.3.7.5*
26. *भाव प्रकाश0 वटादि श्लोक– 26–27 पृष्ठ–344*


**Paper Received : 15 May, 2025** **Paper Accepted : 18 June, 2025**

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 74-80

# भारतीय शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल परम्परा का योगदान और पुनर्पाठ

*प्रो० अरुण कुमार सिंह* *

## *सारांश*

*भारतीय शिक्षा की नींव गुरुकुल परम्परा रही है, जिसने ज्ञान के साथ चरित्र, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी भी दी। गुरु–शिष्य का आत्मीय संबंध शिक्षा को गहरा और जीवनोपयोगी बनाता था। औपनिवेशिक काल में आधुनिक शिक्षा ने इसे पीछे धकेल दिया और शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित हो गई। आज गुरुकुल परम्परा का पुनर्पाठ आवश्यक है ताकि हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी भारतीय ज्ञान परम्परा को पुनः स्थान देने का प्रयास किया गया है। यदि गुरुकुल की शिक्षण पद्धति को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर अपनाया जाए, तो शिक्षा संपूर्ण और प्रभावी बनेगी। शिक्षा अब केवल डिग्री नहीं, जीवन को दिशा देने वाली होनी चाहिए। गुरुकुल के तत्वों को अपनाकर हम शिक्षा को पुनः सशक्त कर सकते हैं। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा और शिक्षा प्रणाली का भविष्य उज्ज्वल होगा। गुरुकुल और आधुनिक शिक्षा के समन्वय से ही भारत की शिक्षा प्रणाली सशक्त होगी।*

***मूल शब्द*** *– गुरुकुल परम्परा, भारतीय शिक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, समग्र विकास, सांस्कृतिक जड़े, राष्ट्रीय चेतना आदि।*

## प्रस्तावना

भारतवर्ष की सांस्कृतिक और बौद्धिक परम्परा पूरी दुनिया में अद्वितीय रही है। इस परम्परा की आधारशिला जिस तत्त्व पर टिकी है, वह है–ज्ञान। भारतीय समाज ने ज्ञान को न केवल मोक्ष का साधन माना, बल्कि जीवन के प्रत्येक आयाम का आधार भी। भारत की शिक्षा पद्धति कभी मात्र नौकरी–केन्द्रित या औपचारिक नहीं रही, बल्कि यह संस्कार, आत्मबोध और चरित्र निर्माण पर आधारित रही है। इसी दृष्टिकोण ने गुरुकुल व्यवस्था को जन्म दिया, जो सहस्त्राब्दियों तक भारतीय समाज की बुद्धिक–नैतिक ऊर्जा का केन्द्र बनी रही।

* *इतिहास विभाग, डी.ए.वी.पी.जी. कालेज, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़, उ०प्र०*

गुरुकुल परम्परा केवल एक शैक्षिक ढांचा नहीं थी, बल्कि एक जीवंत संस्था थी, जहाँ विद्यार्थी केवल अक्षरज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन–दर्शन, अनुशासन, सेवा, सहिष्णुता, और समर्पण जैसे गुणों का भी अर्जन करता था। गुरुकुल केवल ज्ञान का केन्द्र नहीं, बल्कि एक संस्कृतिक प्रयोगशाला था, जहाँ गुरु और शिष्य मिलकर जीवन की पूर्णता की ओर अग्रसर होते थे। यह शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को स्वावलंबी, आत्मचिन्तक, और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने का कार्य करती थी। आज जब आधुनिक शिक्षा प्रणाली के समक्ष मूल्यों का संकट, उद्देश्यहीनता और संस्कारहीनता जैसी चुनौतियाँ हैं, तब यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम अपनी परम्परा के उन स्रोतों की ओर पुनः दृष्टि डालें, जो हमें जीवन के गहरे अर्थ से जोड़ते हैं। गुरुकुल परम्परा ऐसी ही एक अनुपम व्यवस्था थी, जिसे केवल अतीत के गौरव के रूप में नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के विकल्प के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है।

## गुरुकुल परम्परा का स्वरूप और मूल तत्व

भारतीय शिक्षा प्रणाली की जड़ों को यदि खोजा जाए, तो वह हमें सीधे वेदों, उपनिषदों और स्मृतियों के युग में ले जाती है, जहाँ शिक्षा को केवल जीविका का साधन नहीं बल्कि आत्मा के उन्नयन, समाज के पुनर्निर्माण और विश्व के कल्याण का माध्यम माना गया। इसी व्यापक दृष्टिकोण से उपजा भारतीय गुरुकुल परम्परा का वह स्वरूप, जिसमें गुरु और शिष्य के बीच का सम्बन्ध महज शिक्षक और विद्यार्थी का नहीं था, बल्कि वह एक विशिष्ट आध्यात्मिक, सामाजिक और नैतिक अनुशासन पर आधारित जीवन–सम्बन्ध था। गुरुकुल वह संस्था थी जहाँ शिष्य अपनी संपूर्ण जीवनचर्या गुरु के मार्गदर्शन में व्यतीत करता था। वह केवल अध्ययन के लिए नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सीखने के लिए वहाँ आता था। उसका दिन ब्रह्ममुहूर्त में जागने, स्नान करने, संध्या वन्दन और यज्ञ करने से आरंभ होता था और पाठ, ध्यान, गुरुसेवा, आत्मावलोकन तथा समवयस्क शिष्यों के साथ विचार–विनिमय करते हुए बीतता था। यहाँ शिक्षा का स्वरूप केवल बौद्धिक नहीं था, बल्कि वह शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक और आत्मिक विकास को समान रूप से केंद्र में रखती थी। विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हुए सेवा, श्रम और आत्मसंयम जैसे गुणों में भी दक्ष होता था, जिससे वह जीवन की वास्तविकताओं से जुड़कर

परिपक्व बनता था। गुरु का स्थान इस व्यवस्था में अत्यंत उच्च था। वह केवल ज्ञानी या शिक्षक नहीं था, बल्कि वह मार्गदर्शक, पालक और जीवन–दृष्टा होता था। शिष्य उसके सामने केवल छात्र नहीं बल्कि आत्मीय सदस्य होता था, जिसे वह अपने पुत्र की भाँति देखता, समझता और मार्ग दिखाता था। गुरु के प्रति श्रद्धा और विश्वास शिष्य के चरित्र का हिस्सा बनते थे। यह संबंध उस आदर्श पर टिका था जिसमें गुरु की आज्ञा पालन करना, उसे प्रथम स्थान देना और उसके ज्ञान को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारना मुख्य ध्येय होता था।

गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा अत्यन्त विविधतापूर्ण होती थी। वेद, वेदांग, उपनिषद, दर्शन, व्याकरण, गणित, खगोल, ज्योतिष, औषध–विज्ञान, नीतिशास्त्र, संगीत, चित्रकला, शिल्पकला और युद्धकला जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती थी। साथ ही यह शिक्षा केवल किताबी नहीं होती थी, उसमें अनुभव और आचरण का समन्वय भी था।[1] विद्यार्थी पाठ्यक्रम से बाहर भी सीखता था कृ जैसे गुरु की सेवा, आश्रम की व्यवस्था में भागीदारी, अनुशासन का पालन, प्रकृति के साथ सामंजस्य और आचार–विचार की मर्यादा। ये सारे आयाम मिलकर शिष्य को एक संतुलित, उत्तरदायी और नैतिक व्यक्ति के रूप में विकसित करते थे। शिक्षा की प्रक्रिया भी विशेष प्रकार की थी कृ श्रवण, मनन और निदिध्यासन। पहले गुरु से सुनकर विषय को ग्रहण करना (श्रवण), फिर उस पर गहराई से विचार करना (मनन), और अंततः उसे अपने आचरण में उतारकर जीवन में जीना (निदिध्यासन)। यह शिक्षा प्रणाली शुष्क नहीं थी, उसमें आत्मीयता, आध्यात्मिकता और क्रियाशीलता का अद्भुत समन्वय था। विद्यार्थी केवल जानकार नहीं बनता था, वह विचारशील, विवेकशील और संवेदनशील नागरिक बनता था।

गुरुकुल परम्परा का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पहलू उसकी समावेशिता भी थी। जहाँ आज की शिक्षा प्रणाली जाति, वर्ग और आर्थिक स्तर के भेदभाव में उलझी हुई दिखाई देती है, वहीं प्राचीन गुरुकुलों में अनेक उदाहरण मिलते हैं जहाँ समाज के सभी वर्गों के शिष्य केवल अपनी योग्यता और निष्ठा के आधार पर शिक्षा प्राप्त करते थे। सत्यकाम जाबाल, जो ब्राह्मण नहीं थे, लेकिन उन्होंने ऋषि गौतम के गुरुकुल में स्थान पाया क्योंकि वे सत्य के पथ पर

अडिग थे। यह दर्शाता है कि भारतीय गुरुकुल व्यवस्था मूलतः योग्यता, ईमानदारी और जिज्ञासा को प्राथमिकता देती थी न कि जन्म को। गुरुकुल परम्परा में शिक्षा को जीवन से पृथक नहीं माना गया था। वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से जुड़ी हुई थी–व्यवहार, संबंध, प्रकृति, समाज, धर्म और राष्ट्र। यही कारण है कि इस परम्परा से निकले व्यक्ति केवल विद्वान नहीं थे, वे समाज–संस्कृतिक नेतृत्वकर्ता, नीतिशास्त्री, सैनिक, राजपुरुष, चिकित्सक और संत भी बनते थे। यह परम्परा ज्ञान को पुस्तक तक सीमित नहीं रखती थी, वह उसे व्यवहार, अनुभव और सेवा से जोड़ती थी। गुरुकुल एक जीवंत संस्थान था, जिसमें शिक्षा के माध्यम से समाज के पुनर्निर्माण की क्षमता निहित थी। वह केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं था, बल्कि सामाजिक दायित्वों की पूर्ति का क्षेत्र भी था।

**शिक्षा के विषय और पद्धति**

प्राचीन भारतीय गुरुकुल परम्परा में शिक्षा केवल एक संकुचित पाठ्यक्रम का नाम नहीं थी, बल्कि यह जीवन की समग्र तैयारी का साधन थी। उसका उद्देश्य था कृ मनुष्य को सामाजिक, नैतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना। इस परम्परा में अध्ययन की जो विषयवस्तु थी, वह काल, परिस्थिति और समाज की जरूरतों के अनुरूप विकसित हुई थी। शिक्षा केवल श्रुतिगम्य नहीं थी, वह समझ, आचरण और अनुभव की त्रैणिक प्रक्रिया में विकसित होती थी। विषयों की दृष्टि से देखा जाए तो गुरुकुलों में शिक्षा का केंद्र वेद और वेदांग होते थे। वेद चार थे और उनके साथ शिक्षा के छह वेदांग पढ़ाए जाते थे। शिक्षा (उच्चारणशास्त्र), कल्प (अनुष्ठान), व्याकरण (भाषा संरचना), निरुक्त (शब्दों का अर्थ), छन्द (काव्यविधान) और ज्योतिष (काल–गणना)। इसके साथ–साथ उपनिषदों, दर्शनशास्त्र, न्याय, मीमांसा, आयुर्वेद, धनुर्वेद, संगीत, नाटक, गणित, खगोल, राज्यशास्त्र, नीति और साहित्य जैसे विषयों की शिक्षा भी दी जाती थी।[2] उल्लेखनीय है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी। शिष्य अपने गुरु से सीधी श्रवण परम्परा के माध्यम से ज्ञान अर्जित करता था। वह गुरु के मुख से पाठ सुनता था, उसे कंठस्थ करता था, और फिर उस पर मनन तथा विश्लेषण करता था। यही प्रक्रिया 'श्रवण, मनन और निदिध्यासन' कहलाती थी।[3] इस त्रैणिक प्रक्रिया का

लक्ष्य केवल तथ्य स्मरण करना नहीं था, बल्कि ज्ञान का आत्मसात और अन्तर्मुखीकरण था।

पद्धति की दृष्टि से यह शिक्षा प्रणाली संवाद, स्मरण, अभ्यास, सेवा और अनुशासन पर आधारित थी। प्रश्नोत्तर की विधि, जिसे आज 'सवबतंजपब उमजीवक' कहा जाता है, वह भारतीय गुरुकुलों में पहले से ही प्रचलित थी। जैसे उपनिषदों में याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी का संवाद, अथवा गार्गी और वाजसनेयी का तर्कपूर्ण प्रश्न उत्तर–यह सब संवादपरक शिक्षा पद्धति के अद्भुत उदाहरण हैं। शिक्षा में पाठ्य सामग्री से अधिक महत्व 'प्रेरणा' और 'अंतरंग सान्निध्य' का था। गुरुकुल पद्धति में शिक्षा व्यक्तिकेंद्रित होती थी, न कि भीड़ केंद्रित। एक गुरु सीमित संख्या में शिष्यों को पढ़ाता था और प्रत्येक शिष्य की रुचि, योग्यता और प्रवृत्ति के अनुसार शिक्षा का स्तर और दिशा तय करता था। यह वह शिक्षा थी जो 'नियोजन' नहीं, बल्कि 'प्रेरणा' से चलती थी। इतिहासकारों और शिक्षाविदों का मानना है कि नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला, वल्लभी, उदंतपुरी जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों ने इस गुरुकुल परम्परा को ही संस्थागत रूप दिया था, जहाँ हजारों छात्र और सैकड़ों शिक्षक एक अनुशासित, आत्मनिर्भर एवं विद्वत्तापूर्ण जीवन व्यतीत करते थे।[4] इन शिक्षालयों में प्रवेश की कोई जातिगत या वर्गगत बाधा नहीं थी, बल्कि योग्य और जिज्ञासु छात्र को ही वहाँ स्थान मिलता था, चाहे वह किसी भी सामाजिक पृष्ठभूमि से हो।

## समाज और राष्ट्र निर्माण में गुरुकुल परम्परा का योगदान

यह परम्परा न केवल ज्ञान का संचार करती थी, बल्कि अपने समय के राष्ट्र की रक्षा और नीति–निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाती थी। महाभारत काल में द्रोणाचार्य और कृपाचार्य जैसे गुरु सिर्फ शिक्षाविद् ही नहीं, राजनीतिक सलाहकार और राष्ट्र–संरक्षक भी थे। आचार्य चाणक्य ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में रहकर जिस राजनीति और अर्थनीति की शिक्षा दी, उसी से मौर्य साम्राज्य की नींव पड़ी। गुरुकुलों की शिक्षा प्रणाली का राष्ट्र–निर्माण में योगदान इस बात से भी समझा जा सकता है कि अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लागू होने से पहले भारत विश्व का सबसे अधिक साक्षर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र था। थॉमस मुनरो और विलियम एडम्स जैसे अंग्रेज प्रशासकों की

रिपोर्टों में यह स्वीकार किया गया है कि उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में ही भारत के लगभग हर गाँव में कोई न कोई पाठशाला (गुरुकुल या गुरुमुखी शिक्षा केन्द्र) अवश्य होती थी।

## गुरुकुल परम्परा का विघटन और आज की जरूरत

गुरुकुल परम्परा भारतीय शिक्षा व्यवस्था की आत्मा थी, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और आध्यात्मिक विकास भी था। गुरु–शिष्य के संबंध आत्मीयता पर आधारित होते थे और शिक्षा जीवन के हर पक्ष को स्पर्श करती थी। किन्तु अंग्रेजी शासन के दौरान लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति (1835) के माध्यम से ऐसी आधुनिक शिक्षा प्रणाली लाई गई जिसका उद्देश्य एक ऐसा वर्ग तैयार करना था जो औपनिवेशिक प्रशासन की सेवा कर सके।[7] इसके परिणामस्वरूप शिक्षा का उद्देश्य रोजगार प्राप्ति तक सीमित हो गया और भारतीय भाषाएँ, शास्त्र तथा सांस्कृतिक शिक्षा हाशिए पर चली गईं। इस परिवर्तन ने गुरुकुल परम्परा को कमजोर किया और शिक्षा को एक आत्मविहीन, परीक्षा–केंद्रित प्रक्रिया में बदल दिया, जिससे भारतीय समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हुआ।

आज के वैश्विक और मूल्य–संकट के दौर में भारतीय गुरुकुल परम्परा का पुनर्पाठ अत्यन्त आवश्यक हो गया है। यह परम्परा न केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम थी, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक समरसता की शिक्षा भी देती थी। आधुनिक शिक्षा प्रणाली जहाँ मात्र रोजगार–केंद्रित हो गई है, वहीं गुरुकुल प्रणाली जीवन–केंद्रित थी। इसलिए आज के विद्यार्थियों में आत्मानुशासन, पर्यावरण–सम्वेदनशीलता, आचारसंहिता और सह–अस्तित्व जैसे गुण विकसित करने के लिए गुरुकुल के तत्वों को पुनः अपनाना जरूरी है।[8] नई शिक्षा नीति 2020 में भी भारतीय ज्ञान परम्परा को पुनः स्थान देने का प्रयास हुआ है, जो इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। यदि गुरुकुल की शिक्षण–पद्धति को आधुनिक संसाधनों के साथ संयोजित किया जाए, तो यह भारतीय शिक्षा को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए एक सशक्त और समग्र प्रणाली प्रदान कर सकती है।

## निष्कर्ष

गुरुकुल परम्परा भारतीय शिक्षा की जड़ रही है, जिसने व्यक्तित्व विकास, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को समाहित करते हुए समग्र शिक्षा प्रदान की। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में जिस प्रकार शिक्षा का स्वरूप बदल गया है और वह केवल ज्ञान व नौकरी तक सीमित हो गई है, उससे शिक्षा के व्यापक उद्देश्य प्रभावित हुए हैं। इस संदर्भ में गुरुकुल के मूल्यवान तत्वों का पुनः समावेश अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है, जिससे भारतीय ज्ञान परम्परा को पुनर्जीवित करने का मार्ग खुला है। अतः हम कह सकते हैं कि हम गुरुकुल की शिक्षण पद्धति, गुरु–शिष्य संबंध और जीवन मूल्यों को समकालीन शिक्षा प्रणाली में प्रभावी रूप से सम्मिलित करें, ताकि शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र प्राप्ति से आगे बढ़कर जीवन को दिशा प्रदान कर सके।

## *संदर्भ*


1. *बद्री नारायण : भारतीय परम्परा और शिक्षा, पृष्ठ–211, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, सं. 2015.*
2. *डॉ. सत्यकेतु विद्यालंकर : प्राचीन भारत में शिक्षा का इतिहास, पृष्ठ–58, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, सं. 2003.*
3. *डॉ. रामनाथ शुक्ल : उपनिषदों में शिक्षा दृष्टि, पृष्ठ–39, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, वाराणसी, सं. 1998.*
4. *आर. सी. मजूमदार : प्राचीन भारत का इतिहास, भाग–2, पृष्ठ–173–180, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सं. 2010.*
5. *डॉ. सत्यकेतु विद्यालंकर : प्राचीन भारत में शिक्षा का इतिहास, पृष्ठ–58, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, सं. 2003.*
6. *डॉ. रामनाथ शुक्ल : उपनिषदों में शिक्षा दृष्टि, पृष्ठ–39, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, वाराणसी, सं. 1998.*
7. *आर. सी. मजूमदार : प्राचीन भारत का इतिहास, भाग–2, पृष्ठ–173–180, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सं. 2010.*
8. *Ministry of Education, Government of India: National Education Policy 2020, Chapter 4 & 22, Published by MHRD, 2020.*


**Paper Received : 15 May, 2025** **Paper Accepted : 18 June, 2025**

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 81-86

# डॉ० बी०आर० अंबेडकर के सामाजिक न्याय संबंधी विचारों की अवधारणा

*डॉ० अंशु पांडेय* *

## *सारांश*

*डॉ० भीमराव अंबेडकर सामाजिक न्याय के महान प्रणेता थे, वे शोषितों के मन मस्तिष्क और भावना में शोषण के विरुद्ध क्रांतिकारी विचार पैदा करने वाले एक महान क्रांतिकारी थे। डॉ अंबेडकर के विचारों से शोषित वर्ग में नई चेतना जागृत हुई और उनका आत्मसम्मान व आत्मविश्वास जागा। एक विद्वान का विचार है कि 'अंबेडकर के अध्ययन का विस्तार तथा उनकी दृष्टि की व्यापकता, विश्लेषण की गहनता व सोच की तार्किकता और कार्य के लिए उनके द्वारा दिए गए मानवीय सुझाव लोगों को क्रियाशील बना देते थे'[1] । उनका तर्क था कि एक राष्ट्र को अपने सभी नागरिकों, विशेषकर दलितों व उत्पीड़ित लोगों के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सामाजिक न्याय के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता निरर्थक है। उन्होंने ऐसी नीतियों की वकालत की जो शिक्षा, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आर्थिक अवसरों के माध्यम से हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाएँ। उनकी दृष्टि में इन समुदायों के उत्थान के लिए सकारात्मक कार्य किए जायें और एक ऐसा न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो ,जहाँ सभी के साथ समानता का व्यवहार किया जाए। वे राजनीति को सामाजिक मुक्ति के एक साधन के रूप में देखते थे, और एक ऐसे लोकतांत्रिक ढाँचे की वकालत करते थे जो व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करते हुए सामूहिक कल्याण को बढ़ावा दे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और भारत में सामाजिक न्याय और समानता के लिए चल रहे संघर्षों के लिए मार्गदर्शक का काम करते हैं। इस मूल्यांकन के माध्यम से, हमारा उद्देश्य आंबेडकर की चिरस्थायी विरासत और एक अधिक समावेशी एवं समतामूलक समाज के निर्माण में उनके विचारों की प्रासंगिकता को उजागर करना है।*

***मूल शब्द*** *– न्याय, समतामूलक, धार्मिक – भेदभाव, अस्पृश्यता, निर्बन्धन, बिक्री तथा बेगार।*

* *एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, दयानंद गर्ल्स पी०जी० कॉलेज, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय, कानपुर*

डॉ० बी०आर० अंबेडकर की सामाजिक न्याय व्यवस्था स्वतंत्रता, समानता, एवं बंधुत्व पर आधारित है। यह एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था है जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों में मनुष्य और मनुष्य के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। वह सामाजिक, धार्मिक भेदभाव के विरोधी थे, व ऐसी सामाजिक व्यवस्था चाहते थे जिसमें मनुष्य की स्थिति और योग्यता उसकी उपलब्धि पर आधारित होती है, जहां कोई भी व्यक्ति अपने जन्म के कारण कुलीन या अछूत ना हो। डॉ० अंबेडकर ने कहा है कि सामाजिक न्याय की धारणा मैत्री भाव शुभ संकल्प कुछ ऐसे तत्व हैं जो सामाजिक न्याय की धारणा का निर्माण करते हैं और यह अवधारणा सभी नागरिकों को एक सूत्र में बंधने का कार्य करती है, जिससे भ्रातत्व में वृद्धि होती है। उनकी दृष्टि में भ्रातत्व सामाजिक न्याय की आधारभूत शिला है[2]। उन्होंने देश के सामाजिक रूप से उत्पीड़ित और आर्थिक रूप से शोषित लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए संविधान में उन्होंने अनेक प्रावधान किये।

भारत का संविधान जिसका, मसौदा अंबेडकर जी की अध्यक्षता में तैयार किया गया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि राज्य अपने सभी नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता के साथ–साथ सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करेगा, साथ ही साथ देश में अस्पृश्यता, शोषण और प्रत्येक प्रकार के भेदभाव को मिटाएगा। वंचितों और दलितों के विकास के लिए विशेषाधिकार प्रदान किए जाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में इन वर्गों के विकास के लिए सतत कार्य भी किए जाने के लिए भी राज्य प्रतिबद्ध रहेंगे। भारतीय संविधान के अंतर्गत 'अनुच्छेद 14' में विधि के समक्ष 'सामाजिक समानता के अधिकार' का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि – 'राज्य भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा'।[3] 'अनुच्छेद 15' में कहा गया है कि 'राज्य किसी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूल, वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई भी विभेद नहीं करेगा तथा कोई नागरिक केवल धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर दुकानों, सार्वजनिक भोजनालयों, होटलों और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थान में प्रवेश या पूर्णतः या भागतः राज्य निधि से पोषित या साधारण जनता के उपयोग के लिए समर्पित कुओं, तालाबों, स्नानघरों, सड़कों और सार्वजनिक समागम के स्थान के उपयोग के संबंध में किसी भी निर्योग्यता दायित्व, निर्बन्धन या शर्त के अधीन नहीं होगा'। (भारत का संविधान, पृष्ठ. 12)[4]

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 के तहत सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए धर्म, वंश, जाति, उत्पत्ति, जनस्थान, निवास आदि किसी प्रकार के भेद के बिना सब नागरिकों को समान अवसर प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही अनुच्छेद 16 (4) के अंतर्गत पिछले वर्गों एवं अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण संबंधी नियमों का पूर्णरूपेण पालन हो, इस हेतु यह उपबंध किया गया है कि राज्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जाति, व जनजातीय, जिनका प्रतिनिधित्व राज्य के अधीन सेवाओं में निर्धारित अनुपात में नहीं है, राज्य के अधीन सेवाओं में किसी वर्ग या वर्गों के पदों पर प्रोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिए उपबंध करने से निवारित नहीं करेगा। 'सामाजिक न्याय' की दिशा में भारतीय संविधान का 'अनुच्छेद 17' अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें डॉ० बी०आर० अंबेडकर ने 'अस्पृश्यता कानून' को खत्म किया। डॉ० भीमराव अंबेडकर लिखते हैं कि अस्पृश्यता का अंत किया जाता है और उसका किसी भी रूप में आचरण निषिद्ध किया जाता है।' अस्पृश्यता से उपजी किसी निर्योग्यता को लागू करना अपराध होगा जो विधि के अनुसार दंडनीय होगा। 'अनुच्छेद 19' में उन्होंने भारत के राज्य क्षेत्र के किसी भी भाग में निवास करने और बस जाने तथा कोई आजीविका, व्यापार का कारोबार करने का अधिकार दिया। 'अनुच्छेद 21' में प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण किया गया है, जिसके अंतर्गत स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को उसके प्राण या देहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा अन्यथा नहीं। इसी प्रकार 'अनुच्छेद 23' में उन्होंने मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिशोध किया तथा स्पष्ट किया के इस उपबंध का कोई भी उल्लंघन अपराध होगा जो विधि के अनुसार दंडनीय होगा। 'अनुच्छेद 24' में बाल श्रम का प्रतिशोध किया गया है तथा अनुच्छेद 39 में समान कार्य के लिए सभी स्त्री पुरुषों को सम्मान वेतन का प्रावधान भी किया गया है। इस प्रकार डॉ० भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के अंतर्गत सामाजिक न्याय सभी नागरिकों को समान रूप से प्रदान करने का संकल्प लिया।

डॉ० भीमराव अंबेडकर समाज में पुरुषों के साथ – साथ महिलाओं को भी समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, उनका मत था कि नारी की प्रगति के बिना समाज की प्रगति संभव नही है। डॉ० अंबेडकर ने स्त्रियों के स्थान को उत्कृष्ट रूप से मानते हुए विकास मानदंडों के रूप में स्वीकार किया है[5]। उन्होंने स्त्रियों के आर्थिक उत्थान एवं राष्ट्रीय आर्थिक विकास में भागीदारी के लिए नारी शक्ति का संगठन होना आवश्यक माना है। डॉ अंबेडकर के अनुसार स्त्रियों को संपत्ति का अधिकार दिए बिना उन्हें की स्वतंत्रता और

समानता का अधिकार प्रदान किया जाना महत्वहीन है। उन्होंने कहा कि "मैं किसी समाज की प्रगति इस आधार पर मापता हूँ, कि इस समाज में महिलाओं ने किस सीमा तक प्रगति की है"। वे नारी संगठन के बहुत बड़े पैगम्बर थे। उनका विश्वास था कि यदि एक बार नारी यह निश्चय कर ले तो समाज की बुराइयों को दूर करने और समाज सुधार में उल्लेखनीय योगदान दे सकती हैं।

समाज में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त हो सके इसके लिए अंबेडकर ने उल्लेखनीय एवं अविस्मरणीय कार्य किया उन्होंने संविधान में लिंग के आधार पर पुरुष और स्त्री के बीच सामाजिक भेद को समाप्त किया। अनुच्छेद 14–16 के द्वारा संविधान में स्त्री पुरुष में कोई भेद न मानते हुए दोनों को समान दर्जा प्रदान किया गया है। अवयस्क बच्चों और स्त्रियों की बिक्री तथा बेगार लेने पर भी संवैधानिक प्रतिबंध लगाया गया। संविधान द्वारा नारी को स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार प्रदान किए जाने से नारी की सामाजिक स्थिति में सुधार तो अवश्य हुआ किंतु स्वतंत्रता एवं समानता की संवैधानिक प्रत्याभूति मात्र से सदियों अपेक्षित नारी को परंपरागत दासता से मुक्ति मिल पाएगी, इस बात पर डॉ० भीमराव अंबेडकर को संदेह था। उनका मानना था कि विवाह एवं संपत्ति पर अधिकार संबंधी कानून में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए बिना नारी की मुक्ति संभव नहीं है। अपने इस विश्वास को मूर्तरूप देने की दृष्टि से उन्होंने एक व्यापक सामाजिक विधान की रूप रेखा निर्मित की जिसे 'हिंदू कोड बिल' के नाम से जाना जाता है। 'हिंदू कोड बिल' में विवाह की निर्धारित तत्कालीन न्यूनतम आयु में वृद्धि, एक विवाह की अनिवार्यता,अंतर्जातीय विवाह को मान्यता, स्त्रियों को पुरुषों के समान तलाक का अधिकार, तलाकशुदा स्त्री को अपने पति से भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार, विधवा पुनर्विवाह को मान्यता, स्त्री को पुत्री, पत्नी एवं मां के रूप में पारिवारिक संपत्ति पर अधिकार, स्त्री को गोद लेने का अधिकार आदि का प्रावधान किया।

स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में 'हिंदू कोड बिल' अंबेडकर ने संसद के सम्मुख सर्वप्रथम 5 फरवरी 1951 को प्रस्तुत किया। बिल का औचित्य दर्शाते हुए उन्होंने संसद में कहा कि – यदि आप हिंदू व्यवस्था, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज की रक्षा चाहते हैं तो उनमें जो दोष पैदा हो गए हैं उनको सुधारने में आपको तनिक भी झिझक नहीं होना चाहिए। 'हिंदू कोड बिल' हिंदू व्यवस्था के केवल उन्हें अंशों सुधार चाहता है जो विकृत हैं उससे अधिक कुछ भी नहीं, अतः आप इसका समर्थन अवश्य करें। अंबेडकर जी का

कहना था कि वर्तमान हिंदू कानून संविधान में वर्णित मूल अधिकारों के प्रतिकूल है। हिंदू कोड बिल का उद्देश्य इसे संविधान सम्मत बनाना था। हिंदू कोड बिल में मौजूदा नियमों में सिर्फ चार सूत्र जोड़े गए थे, वह इस प्रकार हैं –

- जन्म–जात अधिकार के सिद्धांत का उन्मूलन
- महिलाओं को संपत्ति में संपूर्ण अधिकार
- पिता की संपत्ति में पुत्री का अधिकार
- तलाक की व्यवस्थाएं[6]

डॉ० अंबेडकर विवाह और संपत्ति संबंधी कानून में व्यापक परिवर्तन लाना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने हिंदू कोड बिल प्रस्तुत किया। जिस समय यह बिल संसद में प्रस्तुत किया गया, उस समय संसद में कांग्रेस दल भारी बहुमत में था। कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों सहित आम जनता में इस बिल को लेकर अत्यधिक विवाद पैदा हो गया। परंपरावादी विचारधारा के लोग बिल का विरोध कर रहे थे, जबकि प्रगतिशील विचारधारा के लोग इसका समर्थन। संसद और संसद के बाहर रूढ़िवादी तत्वों के विरोध के कारण 'हिंदू कोड बिल' मूल रूप में पारित नहीं हो सका तथा उसे स्थगित करना पड़ा। 'हिंदू कोड बिल' के प्रति तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं कांग्रेसियों के उदासीन एवं नकारात्मक रूख तथा कतिपय अन्य नीतिगत विषयों पर असहमति के कारण डॉ० अंबेडकर ने सन 1951 में कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। लेकिन आगे चलकर अलग–अलग अधिनियमों के रूप में 'हिंदू कोड बिल' संसद द्वारा पारित कर दिया गया।

डॉ० बी०आर० अंबेडकर भारत के आधुनिक निर्मित में से एक माने जाते हैं, उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा ही प्रासंगिक रहे हैं, वह एक ऐसी व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी नागरिकों को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग, और लिंग के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, स्त्रियों को पुरुषों के बराबर अधिकार प्राप्त नहीं हो पाएंगे। अतः ये डॉ० भीमराव अंबेडकर के ही प्रयास थे कि समानता संबंधी विचारों को और अधिक बल मिला तथा समाज के वंचित वर्ग के लिए के लिए तीव्रगति से सामाजिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत में शोषित व वंचित वर्गों के विकास एवं उनकी स्थिति में समानता संबंधी परिवर्तन लाने में डॉ० अंबेडकर का योगदान चिरस्मरणीय रहेगा।

## *सन्दर्भ*


1. *अंबेडकर बी०आर०, अनिहिलेशन ऑफ कास्ट, पृष्ठ, 29–30*
2. *जाटव, डी०आर०, सामाजिक न्याय का सिद्धांत, समता साहित्य प्रकाशन जयपुर पृष्ठ 68*
3. *सिंह राम गोपाल (1992), डॉ० बी०आर० अंबेडकर एक समाज वैज्ञानिक, म०प्र० हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, पृष्ठ 28*
4. *भारत का संविधान आलिया लॉ हाउस प्रकाशन, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश पृष्ठ–12*
5. *गुप्ता, राजेश, डॉ० अंबेडकर और सामाजिक न्याय, पृष्ठ–92*
6. *कुबेर, डब्ल्यू०एन० (2013), पृष्ठ–58*


***Paper Received : 08 April, 2025*** ***Paper Accepted : 15 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 87-91

# प्राचीन भारतीय राज चिन्तकों दृष्टि में दण्डनीति

*डॉ० दिनकर त्रिपाठी* *

## *सारांश*

*प्राचीन भारतीय राज चिन्तकों ने राजशास्त्र को जिस ढंग से प्रस्तुत किया है, उसमें 'दण्ड' का सिद्धान्त सर्व–प्रधान और विशेष महत्त्व का है। इसी कारण राजनीति शास्त्र को भी उन्होने 'दण्ड नीति' का नाम दिया है। राजा राज्य का शासन इसलिए करता है, क्योंकि 'दण्ड' का प्रयोग उसमें निहित है। आदर्श युग में हुए स्खलन से मत्स्य न्याय प्रारम्भ हुआ, जिसमें मानव जीवन, सम्पत्ति एवं धर्म पर संकट आया जिसके निवारणार्थ तथा धर्म की स्थापना हेतु ब्रह्मतेजोमय दण्ड की उत्पत्ति हुई।*

***मूल शब्द*** *– दण्ड, राजधर्म, रक्षा, प्रजा, शासन।*

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में दण्डनीति के सन्दर्भ में कहा गया है कि ''आन्वीक्षकी, त्रयी और वार्ता का योगक्षेम (फलना फूलना) दण्ड (व्यवस्था) पर ही निर्भर करता है। उनकी नीति को 'दण्डनीति' कहते हैं। प्राचीन भारत में दण्ड की अवधारणा उस शक्ति से रही है, जिस के द्वारा समाज की शक्तियाँ नियंत्रित होती रही हैं। अपराध निवृत्ति एवं धर्म की रक्षा तथा धर्म के क्रियान्वयन के लिए दण्ड की उत्पत्ति हुई है, ऐसी स्वीकृति है।''[1] दण्ड की उत्पत्ति की दार्शनिक विवेचना और उसके मूलभूत सिद्धान्तों का प्रतिपादन परवर्ती काल में किया गया है। ऋचाओं में विराट से ऋत् और सत्य की उत्पत्ति तथा उससे समुद्र और सम्वत्सर आदि का प्रादुर्भाव हुआ। इनके मूल में ऋत् विद्यमान था जिसका विकसित स्वरूप सृष्टि है। यह काल अपराध रहित था जिसे 'देवयुग' कहा गया। इस आदर्शयुग में अपराध न होने से दण्ड की कोई आवश्यकता नहीं रही। महाभारत के अनुसार उस काल में धिग्दण्ड ही पर्याप्त था।[2]

कामन्दक ने अपने नीतिसार में स्पष्ट किया है कि परस्पर मांस भक्षण की अभिलाषा से भिन्न मार्ग स्थित जगत् को दण्ड के अभाव से नष्ट करना मत्स्य न्याय है। यह जगत् काम और लोभ के द्वारा बल से निरालंब नरक में डूबता है। यह संसार प्रकृति से ही विषयों के वशीभूत रहा है। साधु सेषित सनातन मार्ग पर चलने के लिए दण्ड भय की ही प्रतिष्ठा है।[3] प्रजा दण्ड के भय से नियम के वशीभूत वैसे रहती है, जैसे पुरुष को कुल नारी प्राप्त होती

* *एसोसिएट प्रोफेसर एव विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, फिरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ*

है। अतः दण्ड से व्यक्ति, समाज एवं धर्म की रक्षा होती है। इसीलिए कामन्दक का विचार उचित प्रतीत होता है कि

दण्डं दण्डीव भूतेषु धारयन् धरणीपतिः।
प्रजाः समनुगृह्णीयात्प्रजापतिरिव स्वयम्।।[4]

भूपति दण्डी के समान सभी प्राणियों को दण्ड धारण कराता हुआ, प्रजापति के समान स्वयं प्रजा पर अनुग्रह करे। दण्ड का उद्देश्य कामन्दक और शुक्र दोनों विचारकों के मत में दम ही दण्ड है। जो राजा में स्थित राज्य एवं विधि के समक्ष समान समाज की स्थापना तथा सुरक्षा करना है।[5] इतना ही नहीं अपितु राजा भी विधि के अधीन है। जिसका उल्लंघन करने पर वह स्वयं दण्ड का भागी होता है।[6]

महाभारत शान्तिपर्व के अनुसार श्दण्डश उस मर्यादा का नाम है, जो मनुष्यों में अव्यवस्था के निवारण और अर्थ या धन–सम्पत्ति या मनुष्यों द्वारा आबाद पृथिवी के संरक्षण के लिए स्थापित की गई है।[7] आगे महाभारत में उल्लेख है कि जिस राजा में दण्ड देने की क्षमता नहीं होती ऐसे क्षत्रिय राजा की शोभा नहीं होती, न ही वह पृथ्वी का उपभोग कर सकता है तथा दण्ड न देने वाले राजा की प्रजा सुखी नहीं होती।

नादण्डः क्षत्रियो भाति नादण्डो भूमिमश्नुते।
नादण्डस्य प्रजा राज्ञः सुखं विन्दन्ति भारत।।[8]

दुष्ट व्यक्तियों को दण्ड देना और सज्जनों की रक्षा करना राज्य के राजाओं का श्रेष्ठ धर्म बताया गया है।

असतां प्रतिषेधश्च सतां च परिपालनम्।
एष राज्ञां परो धर्मः समरे चापलायनम्।।[9]

दण्ड की उत्पत्ति दैवीय सिद्धान्त पर आधारित है, इसीलिए दण्ड दैवीय गुण सम्पन्न कहा गया है। महाभारत की अवधारणा में दण्ड प्रजा पर शासन एवं उसकी रक्षा के लिए है। जब विश्व सोता रहता है. तो दण्ड जागता है। दण्ड का त्रिवर्ग है।[10] दण्ड विष्णु, नारायण और महापुरुष है। दण्ड दुष्टों को सम्मार्ग पर ले जाता है। दण्ड से ही राजा पृथ्वी पर शासन करता है, जिससे प्रजा सुख का भोग करती है। इस प्रकार महाभारत का दण्ड सिद्धान्त सार्वभौमिक सिद्ध होता है, जिसमें दण्ड शक्ति का विस्तार दृश्यमान है जिससे राजा काल का कारण स्वीकारा गया है।[11] जो प्राप्त न हो उसे प्राप्त करना,

प्राप्त हुए की रक्षा करना, रक्षित की वृद्धि करना और बढ़ी हुई सुख–समृद्धि को यथायोग्य स्थान व पात्रों में प्रयुक्त करना दण्डनीति का ही कार्य है। लोकयात्रा दण्डनीति पर ही निर्भर करती है।[12] महाभारत के शांति पर्व में दण्ड एवं दण्डनीति के अभिप्राय को इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया–

यस्माददान्तान् दमयत्यशिष्टान् दण्डयत्यपि।
दमनाद् दण्डनाच्चौव तस्माद् दण्डं विदुर्बुधाः।।[13]

असम्मोहाय मर्त्यानामर्थसंरक्षणाय च।
मर्यादा स्थापिता लोके दण्डसंज्ञा विशाम्यते।।[14]

अर्थात् दण्ड द्वारा अदान्त (उद्धृत) लोगों का दमन किया जाता है। अतः दमन करने और दण्डित करने के कारण 'दण्ड' शब्द का प्रयोग विद्वानों द्वारा किया जाता है। मनुष्यों में कहीं अव्यवस्था न मच जाय, – और अर्थ का संरक्षण हो सके, अतः मर्यादा की स्थापना की गई, जिसे 'दण्ड' कहते हैं। महाभारत में धर्म और अर्थ की रक्षा के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया। जैसा कि –

दण्डः संरक्षते धर्मं तथैवार्थं जनाधिपः।
कामं संरक्षते दण्डस्त्रिवर्गों दण्ड उच्यते।।[15]

अर्थात् धर्म, अर्थ और काम रूपी त्रिवर्ग की रक्षा सिर्फ दण्ड से सम्भव है। अन्यथा इसकी रक्षा करना असम्भव है। ज्ञातव्य है कि कामन्दक द्वारा निरूपण में कौटिल्य एवं मनु दोनों का समन्वय स्थापित किया गया है। उनके अनुसार दण्डी के समान दण्ड धारण करता हुआ, राजा प्रजा में दोनों लोकों को धारण कराता है।[16] इससे स्पष्ट होता है कि कामन्दक के विचार में लोक और परलोक दोनों की सिद्धि हेतु दण्ड आवश्यक है। दण्ड प्रयोग से त्रिवर्ग की स्थापना और वृद्धि सम्भव है। इसीलिए दुर्वृत्त के शमन हेतु ब्रह्मा ने दण्ड को उत्पन्न किया।[17] मनु भी कहते है कि ''दण्ड, ब्रह्मा का पुत्र एवं धर्म स्वरूप है।''[18] आगे चलकर – महाभारत के शांति पर्व में कहा गया है कि–

सर्वे त्यागाः राजधर्मेषु दृष्टाः सर्वाः दीक्षाः राजधर्मेषु चोक्ताः।
सर्वा विद्याः राजधर्मेषु युक्ताः, सर्वे लोकाः राजधर्मे प्रविष्टाः।।[19]

अर्थात् सम्पूर्ण त्याग, दीक्षा, विद्या तथा लोक राजधर्म पर ही आश्रित है। दण्डनीति का सभी दिशाओं में सही प्रकार से प्रयोग होता है और उस युग में जनता संतुष्ट रहती है उसे सत्युग कहते हैं। जैसा कि–

दण्डनीत्यां यदा राजा सम्यक् कात्स्येंन प्रवर्तते।
तदा कृतयुगो नाम कालः श्रेष्ठः प्रवर्तते।।[20]

मनु ने अपने मनुस्मृति में दण्ड के बारे में बताया है कि ष्यह श्यामवर्ण तथा लाल आँखों वाला पाप विनाशक है। चार दाँतों एवं चार भुजाओं वाला है। इसके उग्ररूप से भय की उत्पत्ति होती है। दण्ड के सदुपयोग से प्रजा सुखमय होती है।[21] पाश्चात्य विचार में दण्ड का कार्य अपराधी को दण्ड ही देना नहीं, अपितु ऐसे वातावरण का प्रस्तुतीकरण करना है, जिसमें अपराध की स्थिति ही न आ सके। शक्ति से किसी अधिकार की स्थापना नहीं हो सकती।[22] कौटिल्य के विचार में ''दण्ड जीव मात्र की सुरक्षा के लिए है। योगक्षेम कारक है। उसके मूल में विनय है। यह कृतक एवं स्वाभाविक इन दो विधाओं वाला है।''[23] शुक्र मत में ''जो अदेय वस्तु को ग्रहण करता है अथवा अदेय वस्तु किसी को देता है। वे दोनों चोर की भाँति दण्डनीय हैं। उन्हें उत्तम साहस नामक दण्ड देय है।''[24]

यदि शासन के लिए दण्डनीति न रहे तो 'त्रयी' का विनाश हो जाएगा। सम्पूर्ण विश्व जगत् का अन्तिम आश्रय सिर्फ 'राजधर्म' ही है। अर्थ और धर्म के अनुसार ही कार्य किये जाएं। धर्म, अर्थ और काम ये त्रिवर्ग राजधर्म में ही समाहित रहते हैं। दण्ड, अव्यवस्था का अन्त है।

### *सन्दर्भ*


*1. शतपथ ब्राह्मण 5.447*
*2. महाभारत शांति पर्व 58.14, 67.16–17, 287.8–14*
*3 नीतिसार 2.42–43*
*4 वही – 3.1*
*5 नीतिसार 2.15, शुक्रनीति– 1.1571*
*6 वशिष्ठ धर्मसूत्र 21, विशेष हेतु द्र–, Sense of Injustice, p. 158*
*7. महाभारत शाति पर्व 15.10*
*8. महाभारत शांति पर्व 14.14*
*9. महाभारत शांति पर्व 14.16*
*10. महाभारत शांति पर्व– 15.205*
*11. महाभारत शांति पर्व 1.22*
*12. अर्थशास्त्र 1.1.1.3*
*13. महाभारत शांति पर्व 15.8*
*14. महाभारत शांति पर्व 15.10*
*16. महाभारत शांति पर्व 15.3*
*17. नीतिसार 2.36*

*18. नीतिसार 2.38, 43.3.1 अर्थशास्त्र 1.4.17–19, 5.1.1 या.स्मृ– 1.12*
*19. मनुस्मृति 7.14*
*20. महाभारत शांति पर्व 62.29*
*21. महाभारत शाति पर्व 96.7*
*22. मनुस्मृति 7.25 महाभारत शांति पर्व–121.15–16, विष्णु धर्मसूत्र–3.65 म.पु. 225.8*
*23. Bernard Bosanquet, The Philosophical Theory of the State & p. 34 Thomas Hill Green Lectures on the principles of political obligation. p. 140*
*24. अर्थशास्त्र 1.6.2–36– विनयसमूलो दण्डः प्राणभृतां योगक्षेमावहः।*

**Paper Received : 08 April, 2025** **Paper Accepted : 15 July, 2025**

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 92-99

# 'बम' का सहारा : आधुनिक शिक्षा जगत की समस्याओं का चित्रण

*डॉ० नियति कल्प **


## *शोध सारांश*

*'बम का सहारा' निबंध में निबंधकार ने शिक्षा जगत की वर्तमान समस्याओं का प्रभावपूर्ण विवेचन प्रस्तुत किया है। निबंधकार विवेकी राय स्वयं भी अध्यापक रहे हैं, इस कारण शिक्षा जगत की समस्याओं से वे भली–भांति परिचित हैं। वर्तमान शिक्षा पद्धति की यांत्रिकता और निरुद्देश्यता लेखक के मन में अनेकानेक प्रश्न उत्पन्न करती है। उसे ऐसी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बिल्कुल संदिग्ध जान पड़ती है, जिसमें किसी भी उपाय से कुछ निश्चित प्रश्न तैयार कर, परीक्षा में उत्तीर्ण होना ही विद्यार्थी के जीवन का एकमात्र लक्ष्य रह गया है। यांत्रिक शिक्षा–पद्धति में विद्यार्थी की अपने शिक्षक से यह आशा तनिक भी अनुचित नहीं है कि वह उसे परीक्षा में उत्तीर्ण होने का सुगम और सहज रास्ता बता दे,जिससे बिना परिश्रम वह डिग्री पाने में सफल हो जाये। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सारा ध्यान येन–केन–प्रकारेण डिग्री प्राप्त कर लेने पर है। विवेकी राय का यह निबंध हमें वस्तुस्थिति का भान कराता है कि वर्षों से शिक्षा जगत की यह समस्या सुरसा की भाँति मुँह फैलाए ही हुए है। मनोरंजक और रोचक शैली में उक्त निबंध आज की शिक्षा–व्यवस्था और विद्यार्थियों की मनःस्थिति को बखूबी अभिव्यंजित करने में सफल है। जो हमें शिक्षा–व्यवस्था की बदहाली पर गंभीरतापूर्वक विचार करने को मजबूर कर देता है।*


***मूल शब्द*** *– शिक्षा पद्धति, यांत्रिकता, परीक्षा, डिग्री, कुंजी*

हिन्दी के प्रसिद्ध ललित निबंधकार विवेकी राय का 'बम' का सहारा' शीर्षक निबंध 1962 ई० में प्रकाशित 'फिर बैतलवा डाल पर' नामक निबंध संग्रह में संकलित है। प्रस्तुत निबंध में निबंधकार ने शिक्षा जगत की वर्तमान समस्याओं का प्रभावपूर्ण विवेचन प्रस्तुत किया है। विवेचन मनोरंजक प्रतीत होते हुए भी शिक्षण जगत् की समस्याओं के विषय में हमें गंभीरतापूर्वक सोचने को विवश करता है। आज तिरसठ साल के बाद भी, यह निबंध उतना ही प्रासंगिक है, बल्कि अब तो कुछ ज्यादा ही प्रासंगिक हो गया है।

निबंधकार विवेकी राय स्वयं भी अध्यापक रहे हैं, इस कारण शिक्षा जगत की समस्याओं से वे भली–भांति परिचित हैं। वर्तमान शिक्षा पद्धति की यांत्रिकता और निरुद्देश्यता लेखक के मन में अनेकानेक प्रश्न उत्पन्न करती है। उसे ऐसी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बिल्कुल संदिग्ध जान पड़ती है, जिसमें किसी भी

* *सहायक प्राध्यापक, विश्वविद्‌यालय हिन्दी विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची*

उपाय से कुछ निश्चित प्रश्न तैयार कर, परीक्षा में उत्तीर्ण होना ही विद्यार्थी के जीवन का एकमात्र लक्ष्य रह गया है। जिस व्यवस्था में उसकी प्रतिभा, रुचि एवं मानसिकता के पूर्ण विकास का कोई अवसर नहीं है। ऐसी यांत्रिक शिक्षा–पद्धति में विद्यार्थी की अपने शिक्षक से यह आशा तनिक भी अनुचित नहीं है कि वह उसे परीक्षा में उत्तीर्ण होने का सुगम और सहज रास्ता बता दे,जिससे बिना परिश्रम वह डिग्री पाने में सफल हो जाये। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सारा ध्यान येन–केन–प्रकारेण डिग्री प्राप्त कर लेने पर है। आश्चर्य नहीं कि भारत में रोजगार–योग्य स्नातकों/डिग्रीधारियों की संख्या उत्साहवर्धक नहीं है, जबकि भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह अत्यावश्यक है। 2024 की रिपोर्ट के अनुसार 18–21 आयुवर्ग के 47.76 प्रतिशत 22–25 आयुवर्ग के 63.58 प्रतिशत और 26–29 आयुवर्ग के 54.95 प्रतिशत युवा ही रोजगार के लिए योग्य पाए गए। विषयवार देखने पर बी.ए एवं बी. कॉम के लिए यह प्रतिशत निम्नतम है।[1] दिनकर जी ने संभवतः ऐसी ही स्थिति का अनुमान करके लिखा था "शिक्षा का स्तर अभी भी बहुत नीचा है। अगर वह और नीचे लाया गया, तो बेकारों की फौज बढ़ेगी और उनकी फौज भी, जिन्हें कोई भी काम सौंपा नहीं जा सकेगा।"[2] स्कूली स्तर पर भी शिक्षा का स्तर अच्छा नहीं कहा जा सकता। 2024 की रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 5 में पढ़ने वाले मात्र 44.8 प्रतिशत बच्चे ही दूसरी कक्षा के टेक्स्ट को पढ़ने में सफल रहे। कक्षा 8 के लिए यह प्रतिशत 67.5 प्रतिशत रहा। अंकगणित के लिए यह प्रदर्शन और भी खराब है।[3] पढ़ाई–लिखाई को लेकर विकृत मानसिकता का परिचय 2015 में बिहार से आई एक खबर ने बखूबी दिया था जिसमें बोर्ड की परीक्षा में छात्रों को चोरी कराने के उद्देश्य से उनके अभिभावक दीवारों–छज्जों पर चिट लेकर चढ़े हुए थे।

विवेकी राय का यह निबंध हमें वस्तुस्थिति का भान कराता है कि वर्षों से शिक्षा जगत की यह समस्या सुरसा की भाँति मुँह फैलाए ही हुए है। प्रस्तुत निबंध के प्रारंभ में लेखक के पास आकर उसका एक छात्र उससे बम बना देने का आग्रह करता है। लेखक को आशंका होती है कि शायद उसका छात्र कम्युनिस्ट हो गया है। किंतु बम से छात्र का अभिप्राय ऐसी वस्तु से है, जिसकी सहायता से वह आसानी से परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाय। शिक्षक का विश्वास है कि बम और गोले से नहीं बल्कि पढ़ने से छात्र परीक्षा में सफल होता है। छात्र का मंतव्य पढ़ने से ही है। वह चाहता है कि शिक्षक, कवियों और उनकी भाषा–शैली के विषय में प्रश्नोत्तर तैयार करवा दे। शिक्षक अपने द्वारा कई बार बताये गये इस प्रश्न को याद कर लेने की सलाह छात्र को देता है। किंतु छात्र की समस्या कम नहीं। वह कहता है–"यही तो आफत है साहब! दर्जनों

मशहूर लेखक हैं। कोड़ियों प्रसिद्ध कवि हैं। किसका–किसका याद करें? जान साँसत में है!"[4]

शिक्षक उत्तर देता है कि क्या मुझे परचा आउट हो गया है जो बता दूँ कि यही आएगा?

किंतु छात्र के पास इस समस्या का समाधान तैयार है। वह कुछ ऐसा लिखवा देने का आग्रह करता है जो प्रत्येक कवि या लेखक के लिए लिखा जा सके। शिक्षक को यह असंभव प्रतीत होता है क्योंकि हर लेखक की अपनी अलग शैली, भिन्न–भिन्न भाव और गुण है। सबके विषय में ऐसा कुछ लिखवाना कैसे संभव है कि वह प्रत्येक लेखक पर सही उतरे।

छात्र अपने अज्ञानी शिक्षक के सामने अपने एक मित्र का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो इसी उपाय से परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया था। क्योंकि उसके एक मास्टर ने उसे लिखवाया था यानी कुंजी प्रदान की थी। वह कुछ ऐसा था–" आपकी भाषा आकर्षक है। आपकी शैली हृदय को छूती है। आपने अपने भावों और विचारों को सफलतापूर्वक प्रकट किया है।... इत्यादि। इसी तरह और भी।"[5]

वह शिक्षक से विनती करता है –"दो पृष्ठ भर तैयार करा दें। फिर तो कुछ इधर–उधर जोड़–जाड़कर ठीक ही कर लूँगा। किसी तरह इस वर्ष पास हो जाता।"[6]

तो क्या कई वर्ष से परीक्षा दे रहे हो? शिक्षक द्वारा इस प्रश्न पूछने पर विद्यार्थी बताता है कि उसे गत वर्ष परीक्षा देने से रोक दिया गया था। रोकने का कारण वह बताता है कि उसका बम ही कॉपी में चला गया था।लेखक आश्चर्य से भरकर उससे प्रश्न पूछ बैठता है–" बम? कैसा बम?"

वह जवाब देता है–" इतिहास के परचे का बम था। तमाम सन् – संवत् और तिथियाँ एक छोटे से कागज़ पर नोट करके ले गया था। कॉपी में छिपाकर लिखने के बाद उसे निकालना भूल गया और वह ऐसे ही उत्तर– पुस्तिका में चला गया।नतीजा यह हुआ कि परीक्षाफल तो गोल हो ही गया एक वर्ष के लिए रोक भी दिया गया।"[7] इसी कारण वह इस बार लिखकर नहीं बल्कि याद करके जायेगा।

यह वार्तालाप लेखक के सामने अनेक प्रश्न खड़े कर देता है। "जिस प्रकार बम–वर्षा करके शत्रु पर विजय प्राप्त करते हैं उसी प्रकार 'बम' के सहारे छात्र परीक्षा में विजय–लाभ के अभिलाषी हैं। इस 'बम' के भिन्न–भिन्न रूप

हैं। नोट्स हैं, सूत्र हैं, कुंजियाँ हैं, मशहूर सवाल हैं, संभावित प्रश्न हैं, नकल करना है, चोरी करना है, नंबर बढ़वाना है,रटाई–घोंटाई है, और परचा आउट करना है आदि–आदि। रह गयी बेचारी शिक्षा, तो परीक्षा और किसी प्रकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने के दो पाटों के बीच में यह तो मानो पिसान हो गयी।"[8]

जहाँ विद्यालय के व्यवस्थापक हानि–लाभ की चिन्ता में हैं। अध्यापक को मात्र अपने वेतन से मतलब है। वहीं विद्यार्थी को किसी प्रकार परीक्षा पास करनी है,क्योंकि इसी से उसे नौकरी मिलती है। मात्र उत्तीर्ण होने को अपना लक्ष्य मान बैठे परीक्षार्थी का ध्यान पढ़ाई से अधिक परीक्षा पर होता है। जिसकी तैयारी में वह हर प्रकार की तिकड़म भिड़ाता है और बम तैयार करता है। यह 'कुंजी–युग' बहुत समय से चला आ रहा है। कहते हैं कि देश के युवा देश का भविष्य होते हैं। अपने ही हाथों अपना भविष्य नष्ट किए जाने का एक बेहतरीन उदाहरण हमारी शिक्षा–व्यवस्था है। सरकारों के लिए अंतिम प्राथमिकता शिक्षा ही होती है। अब तो शिक्षकों में ऐसे लोग आ गए हैं जिनका पठन–पाठन से कम ही नाता है। 'पाखी' पत्रिका के जुलाई 2025 अंक में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर शिव कुमार यादव ने अपने आलेख 'बड़ी संभावनाओं के कवि' में इसी प्रवृत्ति को लक्षित करते हुए लिखा है "लेकिन कुछ ऐसे लोग भी शिक्षक बन जाते हैं जो न तो क्लास लेते हैं न ही कुछ लिखते हैं, बल्कि अपने आप को ऐसे कृत्यों में लगा देते हैं जिससे पूरा शिक्षक समाज कलंकित होता है।"[9]

लेखक को सहसा इस संदर्भ में एक घटना का स्मरण हो आता है जब निरीक्षण के सिलसिले में एक दयनीय परीक्षार्थी–तस्कर उसके सामने आया। प्रश्न था अकबर पर। किसी प्रकार वह परीक्षार्थी बाहर गया,इतिहास की पुस्तक से अकबरवाला पाठ फाड़कर लाया बिना सोचे–समझे नकल कर लिखना प्रारंभ किया–"बालकों पिछले अध्याय में तुम्हें बताया जा चुका है कि हुमायूँ.... बेचारे को क्या पता कि परीक्षक बालकों नहीं है और यह भी कि वह उत्तर लिख रहा है,इतिहास की पुस्तक नहीं। उसके सिर पर परीक्षा का भूत सवार है जिस कारण वह कुछ सोच नहीं पाता। पकड़े जाने पर वह 'जिन्दगी का सवाल है' यह कहकर गिड़गिड़ाता है। हम अपने देश भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह आसानी से समझा जा सकता है कि हमारा सारा ध्यान डिग्रियाँ और प्रमाण–पत्र जुटाने पर है। साल–दर–साल रट्टू तोते –जैसे छात्र स्कूलों और विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण हो रहे हैं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया ने दिल्ली राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयोगों पर ' शिक्षा, दिल्ली के स्कूलों में मेरे कुछ अभिनव प्रयोग' शीर्षक पुस्तक में लिखा है " शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़े–लिखे होने का सर्टिफिकेट हाथ में लेकर घूम रहे

नौजवानों की जमात खड़ा करना नहीं है। ... अगर शिक्षा की यह जिम्मेदारी है कि हमारे बच्चे बड़े होकर अच्छी नौकरियाँ हासिल कर सकें तो शिक्षा की यह भी जिम्मेदारी है कि हमारे स्कूलों से ऐसे लोग भी निकलें जो नई–नई और अच्छी नौकरियाँ पैदा भी करें ; आज दुनिया की बहुत सारी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बड़े होने का कारण यही है कि वे अपने स्कूल और कॉलेजों में जॉब सीकर्स नहीं जॉब प्रोवाइडर्स पैदा कर रहे हैं।"[10]

गत वर्ष की एक घटना का स्मरण लेखक को इसी संदर्भ में होता है जब जाड़े के मौसम में प्रातःकाल वह एक पुल पर बैठा एक व्यक्ति का इंतजार कर रहा होता है कि अचानक तेज सेण्ट के कारण उसका ध्यान तीन–चार विद्यार्थियों पर जाता है जो हाथ में उत्तर–पुस्तिकाएँ और एक–दो पुस्तकें लिए बातों में लीन सामने से निकल जाते हैं। लेखक के मन में प्रश्न उठता है कि अभी कॉलेज के समय में दो–ढाई घंटे की देर है तब आखिरकार ये विद्यार्थी कहाँ जायेंगे और उन्होंने इतनी तेज सेण्ट क्यों लगा रखी है? लेखक की नजर में वह जरूर कोई महत्वाकांक्षी छात्र है जो सभी को आकर्षित करने की नीयत से और अपनी विद्या की अनिपुणता की कमी को सेंट लगाकर पूरी कर रहा है। पढ़ने के समय वह कहीं धूप में बैठकर मित्रों के साथ गप लड़ाएगा। अध्यापकों की आलोचना करेगा। छात्रों की चर्चाएँ करेगा। साथ ही सारे संसार की मूर्खता ऊपर जमकर हँसी होगी। बीच में किसी ओर से पढ़ाई–लिखाई की बात पर वे कह उठेंगे– "हटाओ जी, कौन मरने जाए अभी से! जो पढ़तव्यम् तो मरतव्यम् ,दाँत कटाकट किं कर्तव्यम्।परीक्षा आएगी तो देखा जाएगा। कोई–न– कोई गोटी बैठेगी ही। लग गया तो तीर, नहीं तो तुक्का!"[11]

इन्हीं विचारों के क्रम में लेखक को गाँव की ओर से झुंड के झुंड छात्र आते दिखलाई पड़े। गाँव के छात्र जिनके पास समय की कीमत नहीं और जिनके पास घड़ी भी नहीं। इसी क्रम में लेखक को उस गाँव के एक परिचित छात्र का स्मरण हुआ जिसने गत वर्ष एक भाषण प्रतियोगिता में अपना कमाल दिखलाया था। छात्रों की अंतिम टोली में वह लेखक को अनायास दीख पड़ता है जो किसी पुस्तक में आँखें गड़ाए चला जा रहा था। लेखक को मानो स्वयं अपने प्रश्नों का समाधान मिल जाता है– "एक वह असमय जानेवाला सेण्ट की सुरभि में डूबा और एक यह उस समय का सदुपयोग कर सबसे पीछे जानेवाला पुस्तकों के पन्ने में डूबा!"[12]

अपने साथी की असफल प्रतीक्षा से ऊबकर लेखक आगे बढ़ा,जहाँ उसे मोड़ की पुल पर सेण्टवाला छात्र और उसके साथी एक कुत्ते के साथ बैठे दीख पड़े। उन सबका एक स्वर में लेखक को प्रणाम करना उसके लिए

अप्रत्याशित क्षण था। छात्रों के साथ बैठकर मानो वह भी अपने पूर्व छात्र–जीवन में वापस आ जाता है। लड़कों के अनुसार वे लेखक की टोपी,सूरत और चाल देखकर ही समझ गये कि वह कहीं का मास्टर है।

एक छात्र ने कहा–"आप लोगों को कॉपी जाँचते समय दया नहीं आती? दो–चार नम्बरों के लिए ही बेचारे लड़कों का जीवन चौपट हो जाता है।"[13]

लेखक मानो उसकी बात का समर्थन कर उत्तर देता है–"अध्यापक लोगों का पेट नहीं भरता। यह बालकों को फ़ेल करने के पाप का दण्ड है कि वे आज चपरासियों से भी गये–बीते हैं। बालकों को फ़ेल नहीं करना चाहिए।"[14]

दयावंत शिक्षक के ऐसे विचार छात्रों को सहानुभूति से भर देते हैं। वे देखते हैं कि शिक्षक के पैरों में तो बहुत दुखदायी बिवाइयाँ फटी हुई हैं। यदि उन्हें आज शिकार मिल जाय तो इसकी दवा का वे निश्चय प्रकट करते हैं। लेखक आश्चर्य प्रकट करता है कि पढ़ाई के समय वे सब शिकार खेल रहे हैं। इस प्रकार भला फाइनल परीक्षा में वह कैसे सफल हो पाएँगे? किंतु छात्रों को इसकी परवाह नहीं है। वे ठहाका मारकर हँस पड़ते हैं। सेण्ट लगाया हुआ छात्र कहता है कि परीक्षा का उनका केंद्र अपने ही कॉलेज में हो गया है। कुछ तिकड़म का बल,कुछ भुजा का बल, कुछ भाग्य का बल और सातवें फाटक के लिए जमकर बमबाज़ी होगी।

शिक्षक उन्हें स्मरण दिलाता है कि परीक्षा में बम का सहारा सदा हानिकारक और खतरनाक होता है। इसी बीच एक छात्र ने खेतों के बीच के छोटे से नाले की ओर संकेत किया। जब तक एक सियार की सूरत शिक्षक की आँखों के सामने प्रकट हुई , तबतक अपने कुत्ते को इशारा कर विचित्र प्रकार की हाँक लगाते हुए सभी उधर झपट पड़े। एक छात्र ने सियार के ताजा खून को बेवाई की अचूक दवा बतलाते हुए शिक्षक को जल्दी दौड़ने की सलाह देता है। झटपट की उत्तेजना में शिक्षक भी स्वयं को भूल गया। अब तक छात्रों को उचित दिशा–निर्देश देने का प्रयास करने वाला शिक्षक उस उत्तेजना की स्थिति में बिना कुछ विचारे छात्रों के आवाहन पर दौड़ने को उद्यत हो चुका था कि दूर से उसकी मित्र की पुकार ने, जिनकी वह अबतक प्रतीक्षा कर रहा था, उसे रोक दिया। निबंध की समाप्ति इसी बिन्दु पर होती है। यह निबंध शिक्षा के संबंध में जिस बात को व्यंजना से समझाना चाहता है , दिनकर उसी बात अपने निबंध 'शिक्षा के पाँच लक्षण' में शिक्षित व्यक्ति की पाँच पहचान के रूप में इस तरह बताते हैं – " शिक्षित व्यक्ति की पहली पहचान मैं यह मानता हूँ कि वह अपनी मातृभाषा में सुदक्ष होता है और वह अपनी मातृभाषा का प्रयोग धड़ल्ले से करता है। शिक्षित व्यक्ति की दूसरी पहचान यह है कि वह

विनम्र होता है। शिक्षित व्यक्ति की तीसरी पहचान यह है कि उसमें चिन्तन की शक्ति होती है। शिक्षित व्यक्ति की चौथी पहचान यह होती है कि उसका मस्तिष्क सतत विकासशील होता है। शिक्षित व्यक्ति की आखिरी पहचान यह है कि वह आलसी नहीं होता है और अपने हर काम को मुस्तैदी के साथ और ठीक समय पर अंजाम देता है। ... कर्म ही वह कसौटी है, जिस पर ज्ञान की परख की जाती है।"[15] देखा जाय तो शिक्षा के संबंध में दिनकर जी की उपर्युक्त बातें फिट बैठती हैं।

दरअसल आज शिक्षा को कमाई से जोड़कर ही देखा जा रहा है। धन–दौलत और सुख–सुविधा की चाह ने मनुष्य को पूँजी का सेवक बना दिया है। इस प्रवृत्ति को प्रेमचंद ने भाँप लिया था। उन्होंने अपने प्रसिद्ध निबंध 'महाजनी सभ्यता में लिखा है "इस महाजनी सभ्यता में सारे कामों की गरज महज पैसा होती है। ... कुलीनता और शराफत, गुण और कमाल की कसौटी पैसा, और केवल पैसा है। साहित्य, संगीत और कला – सभी धन की देहली पर माथा टेकने वालों में हैं।"[16]

निःसंदेह मनोरंजक और रोचक शैली में उक्त निबंध आज की शिक्षा–व्यवस्था और विद्यार्थियों की मनःस्थिति को बखूबी अभिव्यंजित करने में सफल है। जो हमें शिक्षा–व्यवस्था की बदहाली पर गंभीरतापूर्वक विचार करने को मजबूर कर देता है।

## *संदर्भ*


1. *ISR (India Skills Report) 2024*
2. *रामधारी सिंह दिनकर, दिनकर रचनावली–8, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.स 36*
3. *ASER (ANNUAL STATUS OF EDUCATION REPORT (RURAL) 2024*
4. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 138*
5. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 139*
6. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 139*
7. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 139*
8. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 139*
9. *शिव कुमार यादव, पाखी, जुलाई 2025, पृ.स 45*

10. *मनीष सिसोदिया, शिक्षा, दिल्ली के स्कूलों में मेरे कुछ अभिनव प्रयोग, पेंगुइन बुक्स, पृ.स 163*
11. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 140*
12. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 139*
13. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 141*
14. *विवेकी राय, फिर बैतलवा डाल पर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2000 ई., पृ. सं 141*
15. *रामधारी सिंह दिनकर, दिनकर रचनावली–8, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.स 23*
16. *प्रेमचंद, प्रेमचंद के श्रेष्ठ निबन्ध, ज्योति प्रकाशन, इलाहाबाद, 2005 पृ.स132*


***Paper Received : 05 May, 2025***		***Paper Accepted : 15 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 100-111

# गहरे अपनत्व बोध की कविताएँ और चेतन कश्यप

*डॉ. किरण कुमारी* *

**सारांश**

*साहित्य में समाज का हित सन्निहित है। एक साहित्यकार स्वान्तःसुखाय लिखते हुए भी जन कल्याण की भावना को कभी बिसरा नहीं पाता। कवि तो स्वभाव से ही सरल और संवेदनशील होते हैं, उदार और परोपकारी होते हैं। यही कारण है कि काव्य जनता की जिह्वा पर आसानी से चढ़ जाता है, पाठक के हृदय को आह्लादित कर देता है। चेतन कश्यप एक युवा कवि हैं जिनकी कविता सीधे पाठक से संवाद करती है। वह सिर्फ आलोचना नहीं करती, जो है और जो होना चाहिए के बीच के अंतराल को भी रेखांकित करती है। इनकी कविता प्रकृति, प्रेम, परिवार ,परिवेश के साथ–साथ युग सत्य का भी दमदार वाचन करती है। एक बार पढ़ लेने के बाद इनकी पुस्तकें बार बार पढ़ने के लिए विवश कर देती हैं। इनकी पाँच कविता पुस्तकें हैं– चाँद के दर पर दस्तक, ख़ास तुम्हारे लिए, एक पीली नदी हरे पाटों के बीच बहती हुई, एक क्लिक की बदौलत, विसंवादी। इनकी कविता मन से शुरू होती है, जन तक पहुँचती है और जनतंत्र की विसंगतियों से रू–ब–रू करवाने में पूरी तरह सफल होती है।*

***मुख्य शब्द*** *– जनता, जनवादी साहित्य, अर्थ चक्र, अहसास, परिस्थितियाँ, बेबसी, जमाना, माँ–पिता, घर आदि।*

एक संवेदनशील मनुष्य, एक अध्येता, एक युवा चिंतक और एक प्रतिभाशाली कवि हैं चेतन कश्यप। उनकी संवेदना का विस्तार असीम है, अबाध है, अनंत है। काव्य में उनकी गति अप्रतिहत है। अर्थशास्त्र के अध्येता होने के साथ–साथ चेतन कश्यप बैंक के पदाधिकारी भी रहे हैं। इस कारण इन्हें जनता से जुड़ने के अवसर प्राप्त हुए और आर्थिक समस्या से जूझती मध्यवर्गीय जनता की यातना से इनका साक्षात्कार हुआ। कवि मन आंदोलित हो उठा।

कविता में क्या क्या होना चाहिए या कविता कैसे रची जाती है की चर्चा से इतर मैं मानती हूँ कि कविता रची नहीं जाती घटित होती है। कविता कवि के हृदय में वाष्पित होती है, उसकी रगों में प्रवाहित रक्त से ऊष्मायित होती है, उसकी चेतना में उमड़ती घुमड़ती है, फिर हौले से उसके मानस में उतर आती है। आज की कविता में महाप्राण निराला द्वारा छन्द मुक्त होने के बाद भी जो अति आवश्यक है वह है भावना का प्रवाह जिसे आप आंतरिक लय की संज्ञा दे सकते हैं। ताजी कविता और टटके अहसास के कवि हैं चेतन कश्यप। इन्हें पढ़ते हुए मुझे दुष्यन्त कुमार याद आते हैं। उन्होंने लिखा है–

* *सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची, झारखण्ड*

''ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा
मैं सजदे में नहीं था आपको धोखा हुआ होगा।''[1]

तो चेतन कश्यप उनसे आगे बढ़कर 'उफान' शीर्षक कविता में लिखते हैं–

"झुकी रीढ़ को तान दूँ
थोड़ी आग खून में डाल दूँ
सज्दे को तोड़ूँ जरा
जरा आँखों में आँखें डाल दूँ
जी चाहता है"।[2]

जीवन संघर्ष का ही पर्याय होता है। जीवन भर की जद्दोजहद के बाद माँ–पिता मिल कर पुत्र को गरिमामय पद पर नौकरी करते हुए पाते हैं, पर फिर भी मन में गूँजता है– उत्तम खेती, मध्यम बान, अधम नौकरी भीख निदान। तरावट कविता में चेतन कश्यप लिखते हैं––

''भटक रहा हूँ सड़कों पर
'टैम्पू' में घूम रहा हूँ
ये मेरा शहर है पटना, और
मैं यहाँ कोई नौकर नहीं हूँ।''[3]

तो ये कविता आज के युवाओं के हृदय की आवाज बन जाती है, जो अर्थ चक्र के व्यूह में फँसे, नौकरी के जाल में उलझे, पल पल पिसते हुए, तिल तिल घिसते हुए अपने शहर को और अपने उन्मुक्त जीवन को याद करते हैं। 'बेबसी' शीर्षक कविता देखिए––

''दुख–दर्द की कोई सीमा होगी?
या सान पर चढ़ा
बस घिसते जाना है
घिसते जाना है!''[4]

परिस्थितियाँ नौकरीपेशा को मानो पीस डालती हैं, कुछ करने लायक नहीं छोड़तीं। जब चेतना सम्पन्न युवा इसमें कुछ बदलाव चाहता है तो वह आवाज उठाता है। वह बड़े अफसरों से बात करता है तो कोई असर नहीं होता। उसका खून जलता है होता कुछ नहीं। यह अहसास तोड़ता है फिर 'आत्म–समर्पण' की पंक्तियों को अनुभूत कीजिए–

''तय यही किया है
अब कुछ नहीं कहेंगे
तय यही किया है काम
काम भर करेंगे, बस!''

बेटा नौकरी की उलझनों में निरन्तर पिस रहा है और माता–पिता शाश्वत प्रतीक्षा रत हैं। ऐसे में कभी जब चन्द दिनों की छुट्टियाँ ले बेटा धर लौटता है तो–

''चमक उठी हैं
माँ की आँखें
तरावट आ गई है
पापा के चेहरे पर
निकलते वक्त कहा माँ ने
आया करो जो कहा नहीं, पर
जो दिखा एकदम साफ–
अच्छा लगा! बहुत अच्छा लगा।
और अपना हाल
गूँगा क्या बताए
गुड़ का स्वाद।''[6]

बहुत कम में बहुत अधिक को अभिव्यक्त करने का लाघव इस युवा कवि को आप्त है। चप्पल बाहर खोलने, सबकुछ पूछकर करने, पुकारने पर दौड़कर आने आदि नित्यवृत्त के बाद कवि लिखते हैं –

''और
बेटों की जगह
काम आया है कि  नहीं
वैधानिक सवाल है,
ठीक है,
कि क्योंकर है?
पर
सच्चाई
यही है छोटू घर का नौकर है।''[7]

यह कविता रूपायित करती है कि छोटू घर की धुरी है, फिर भी उसके हिस्से में अधिकार नहीं, केवल कर्तव्य हैं। वह नियमों से आबद्ध है। आज जमाना अड़ने और लड़ने वालों का है, चरने और हरने वालों का है, ढलने और छलने वालों का है। कवि का सवाल है

''जो बढ़ नहीं सकता है
जो चढ़ नहीं सकता है
उसका क्या?''[8]

जीवन का यथार्थ बेहद कठोर है और वह भी कवि की निगाह में है। चेतन कश्यप की 'गौरतलब' कविता उल्लेखनीय है––

''यथार्थ ही यथार्थ
दिखता है सब ओर
दुख में, सन्ताप में
जुर्म, अपराध में
शोषण की बातों में
सियह–अँधेरी रातों में
कत्ल, बलात्कार में
दुखियों के चीत्कार में
भ्रष्टाचार के शासन में
बेईमानी के राशन में
बस यही,
यही यथार्थ है
लेखक भी
यही लिखता है
या कि
बस यही बिकता है।''[9]

पर कवि चेतन कश्यप इससे आगे की यात्रा भी करते हैं। इनके काव्य में प्रश्न है कि

''ये जो महुए की खुशबू है
पके कटहल की गमक है
बौराए हुए जो आम हैं
क्या कुछ भी नहीं हैं?''[10]

यहाँ आप गंध बिम्ब का आनन्द ले सकते हैं। जीवन में परिवार का यथार्थ भी बहुमूल्य है जहाँ पुत्र से दूर रहने के लिए विवश माँ पिता नित्य चिंता मग्न दिखते हैं–

''माँ का
आशंकाभरा मन
पिता का
स्थित – प्रज्ञ – सा आचरण''[11]

आज के जमाने में जहाँ माँ पिता सर्वाधिक उपेक्षित हैं–ये पंक्तियाँ मन को संवेदित आलोड़ित कर देती हैं। पुत्र और पुत्र के परिवार से दूर अकेली रह गयी माँ की व्यथा समझने योग्य है। यह एक दारुण व्यथा है जब वह अपने कोखजाए

के सामने अपने हृदय की बात रखने में झिझक अनुभव करने लगती है। और पिता खामोश हो जाते हैं। वे भी स्थितप्रज्ञ हैं, सुख दुख से परे हैं,उन्हें बेटे की चिन्ता नहीं है, उससे आशा नहीं है या उम्मीद नहीं है ऐसा नहीं है, पर वे ऊपर से 'स्थितप्रज्ञ सा आचरण' ओढ़ लेते हैं। चेतन कश्यप की पंक्तियाँ बहुत कम शब्दों में बहुत अधिक बोलती हैं। 'माँ की हँसी' कविता में उतरिए–

''माँ
तुम कब हँसी थी
खुलकर पिछली बार?
माँ
तुमने
कब की थी आशा
हमसे पिछली बार....?''[12]

और अपनी माँ को अपने मन के दर्पण में देखिए। यह कविता माँ के कहे अनकहे अहसास से रू–ब–रू कराने की सामर्थ्य रखती है। 'घर' कविता में कवि लिखते हैं––

''घर हर लेता है
सब पीड़ा, दुख–तकलीफय
जहाँ रहते हैं पिता,
माँ''[13]

घर जिनकी दीवारें बच्चों के लिए सुरक्षा कवच होती हैं, जहाँ बच्चे स्वयं को महफूज समझते थे, निश्चिंत रहते थे, उसी घर में बेटे बहू, पोते पोतियों के बिना रहते हुए माँ–पिता कैसे जीते हैं इस पीड़ा को, वेदना को, यातना को समझने वाले कवि हैं चेतन कश्यप। 'ध्रुव–सत्य' कविता युग सत्य का उद्घोष कुछ इस प्रकार करती है––

''ध्रुव – सत्य शायद यही है
एकाकीपन – नितांत!
शायद ये
अशक्त सारे बंधन–पूर्णरूपेण!
और शायद ये
गैरजिम्मेदाराना प्रवृत्ति की
काठ– हृदय पीढ़ी––हम!!''[14]

'माँ' कविता में कवि लिखते हैं –

बचपन की भूख–प्यास
जरूरत हर आम, खास

पहचानती है
माँ सब जानती है।''[15]

घर से दूर युवा अपने आप को किसतरह व्यस्त रखता है यह 'एहसास' शीर्षक कविता में देखा जा सकता है––

''वही 'थॉट फॉर टुडे', वही 'सेक्रेड स्पेस'
जाने कितनी चीजों से जुड़ गया हूँ
जब से छूटा हूँ अपनी जड़ों से
जब से एहसास बढ़ गया है
अपनों से दूर होने का
देखिए तो जरा!''[16]

साथ न रह पाते हुए भी चेतन कश्यप अपनों से कभी दूर नहीं हैं–

''दिलों में आबाद हैं जो शहर
वो साथ–साथ चलते हैं
छूटते नहीं हैं लोग
जो दिलों में बसते हैं
तो फर्क क्या,
कि हमको रहना कहाँ है
तो फिक्र क्या,
हमको बिछड़ना कहाँ है।''[17]

चेतन कश्यप के बारे में ज्ञान प्रकाश विवेक लिखते हैं– ''चेतन कश्यप की कविताएँ, नए मिजाज की ऐसी कविताएँ हैं, जहाँ यथार्थ की चहलकदमी, कशमकश को पैदा करते हुए नए समय का तनाव रचती हैं। चेतन कश्यप की कविताओं में बदलते समय की तल्ख़ हकीकतें, बड़ी सलाहियत से व्यक्त हुई हैं।''[18]

अपनी कविता 'यथास्थिति' में कवि लिखते हैं–

''सर्वव्यापी विमूढ़ता
सर्वग्रासी अकर्मण्यता
संवेदनहीन संरचना
नीचे गूँगी, ऊपर बहरी।''[19]

इनकी कविता में व्यंग्य का स्वर भी प्रखर है–

''ओ ऊँचे ओहदे वाले बाबू
ओ बिन पेंदी के लोटे बाबू''[20]

''काटे काला कौआ किसको,
सबकी मोटी –मोटी चमड़ी
आँख का पानी मर गया पर
सबकी ऊँची–ऊँची पगड़ी''[21]

''चाटुकारिता अति मनभावन
सत्य वचन! सत्य वचन!
स्वार्थ सिद्धि है असली दर्शन
सत्य वचन! सत्य वचन !
मानवता का होता क्षरण
सत्य वचन!सत्य वचन!''[22]

और जब भाव प्रबल होते हैं तो कवि कुछ इस प्रकार स्वयं को अभिव्यक्त करता है–

''भाषा
कई बार समर्थ नहीं होती है
ख़ास कर तब
जब मन उत्प्लावित हो
सोचता हूँ इस बार
भेज दूँ
एक
कोरा कागज
मतलब
तो साफ है!''[23]

इनके बारे में ज्ञानप्रकाश विवेक का यह कथन सर्वथा उपयुक्त है कि– ''चेतन कश्यप अपनी कविताई में, मोम के दस्ताने पहनकर आग की लपटें पकड़ने का हुनर रखते हैं।''[24] इनकी कविता सरल शब्दों में कठिन अर्थ व्यक्त करने में समर्थ है––

''अर्थ
निहित अर्थ
अनर्थ
कौन है समर्थ
जो सब समझ सका.....''[25]

चेतन कश्यप का जन साधारण के प्रति जुड़ाव अनुपम है।ये मानते हैं कि जनता दर्द सहने पर विवश है क्योंकि–

''जो बोलेगा बागी होगा
चुप रहने पर दागी होगा
चित भी उनकी पट भी उनकी
उनकी है सरकार।''[26]

डॉ. माधव सोनटक्के लिखते हैं– ''जनवादी कवि मात्र क्रांति का नारा ही नहीं लगाता अपने परिवेश को आलोचनात्मक दृष्टि से परखता भी है। साथ ही हमेशा विद्रोही–मुद्रा बनाए रखने की अपेक्षा सकारात्मक रवैया भी अपनाता है।'' राजनीतिक चेतना जनवादी काव्य धारा की विशेषता है। आज राजनीति मात्र राजनयिकों तक सीमित नहीं है बल्कि देश का सबसे लघु व्यक्ति भी उसमें शामिल है। जब राजनैतिक परिवेश विषमता, पाखण्ड और विसंगतियों से भरा हो, तो जन साधारण का जीवन दुख से भर जाता है। तब राजनैतिक विसंगतियों से जूझना साहित्यकार का धर्म होता है। आज जनतंत्र अपना स्वरूप खो रहा है। ''जनतंत्रीय व्यवस्था पूँजीवादी–सामंतवादी अजनतंत्रीय वर्ग की गिरफ्त में है, मुख में समाजवाद और बगल में पूँजीवाद की दोगली नीति की शिकार है। इसीलिए 'जनतंत्र' शोषण तंत्र में तब्दील होता हुआ दिखाई देता है।''[28] ऐसी परिस्थिति में जब राजनीति से सेवाभावना लुप्त हो गई है, राष्ट्र प्रेम का मुखौटा भर है। जो भावना सबसे प्रबल हो कर उभरी है वह है कुर्सी प्रेम, जिसके लिए तमाम उठापटक, खरीद फरोख्त किए जाते हैं। चेतन कश्यप 'महिमा कुर्सी की' में लिखते हैं––

''कुर्सी की चिन्ता
कुर्सी की चर्चा
कुर्सी का पैसा
कुर्सी का खर्चा
कुर्सी की प्रतीक्षा
कुर्सी का स्वागत
कुर्सी स्वयंभू
कुर्सी तथागत''[29]

राजनीतिक पार्टियाँ अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए सभाओं और भोज का आयोजन करती हैं। इसमें जनता के पैसे से, जनता पर अपना प्रभुत्व जताया जाता है। ऐसे आयोजनों की पोल खोलते हुए युवा कवि चेतन कश्यप लिखते हैं–

''शर्तें तुम तय नहीं करते हो
माना कि तुम जय नहीं करते हो
उनके हाथों में डोर है सब
सत्ता जिनकी ओर है जब

बड़ी गाड़ियाँ, बड़े साहब, बड़े लोग
जिसने ऐसा पैदा किया है संयोग
ये उसके ताकत की झाँकी है
तुमने शायद कम आँकी है।''[30]

जन–चेतनावादी कवि शोषण मूलक व्यवस्था द्वारा निर्मित समकालीन नरक को सही मानवीय दुनिया में बदलने का प्रयास करता है। यह अपने परिवेश की सहज और अनिवार्य प्रतिक्रिया के रूप में सामने आता है। चेतन कश्यप लिखते हैं––

''अंदर ही अंदर
जो उबल रहा है नसों में
उस गुस्से का
फटना जरूरी है
यह अति
जो अति से भी ज्यादा है
उसका
घटना जरूरी है
बहुत जरूरी है!!''[31]

''जन चेतनावादी कवि कविता की सार्थकता समाज–जीवन से मात्र जुड़ जाने में नहीं, बल्कि उसके प्रति दायित्व निभाने में महसूस करता है, उसे वह एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। इसलिए वह अपनी कविता की शक्ति और उसकी सम्भावनाओं के प्रति सोचता है।''[32] व्यवस्था के रुख और संवेदनाहीन परिवेश की अभिव्यक्ति चेतन कश्यप निराले ढंग से करते हैं–

''परस्पर
कुछ बचा ही नहीं है
जो कुछ है भी
तो, है विद्वेष
अब इतना ही शेष!''[33]

अपनी कथ्य–चेतना के अनुरूप जन–चेतनावादी कवियों ने सहज, स्वाभाविक जनभाषा को अपनाया है। काव्य भाषा की सहजता और जीवन्तता को बनाये रखने के लिए बोलियों तथा अन्य भाषा के बहुप्रचलित शब्दों का बेहिचक प्रयोग किया जा रहा है–

''हिरामन भाय
डर ही लगता रहता है
कौन करे कलेस!

अब तो
मीता को
मीता की
बातों से भी
लग  जाती है ठेस!!''[34]

व्यंग्यात्मकता इनकी भाषा–शैली की खास विशेषता है। यह एक नया जमाना है, जहाँ फूट डालो राज करो का बीज मंत्र है। समाज में अत्याचार है, अनाचार है, झूठ है, फरेब है। आंदोलन होते हैं, उन्हें दंगों में बदल दिया जाता है। कवि चेतन कश्यप का प्रश्न है––

''सब तो अपने हैं
पराया कौन है?!
सब करता कौन है?
करवाता कौन है?''[35]

और जब दंगे हो रहे होते हैं सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूर और गरीब लोग मारे जाते हैं। ठेले लूट लिए जाते हैं। दुकानें जला दी जाती हैं। एक तरफ कोहराम ही कोहराम होता है और दूसरी ओर.......

''जो राजा, मंत्री होते हैं
महफूज घरों में सोते हैं
फिर
नई बिसातें बिछती हैं
फिर
खेल पुराना चलता है
बस
एक प्यादा बदलता है।''[36]

इनकी कविताओं में मुहावरों और लोकोक्तियों का धड़ल्ले से प्रयोग हुआ है। लोक में प्रयुक्त और जनता जनार्दन के द्वारा सर्वस्वीकृत तद्भव शब्दों का उपयोग कविता को जनमानस तक ले जाने में सहायक है।

**निष्कर्ष**

चेतन कश्यप के काव्य में अभिव्यक्ति के क्षितिज का अनंत विस्तार दृष्टिगत होता है। इनका प्रथम काव्य संग्रह चाँद के दर पर दस्तक देता है। चाँद से कवि को अतिशय प्रेम है।इनकी कविता में एक अलग किस्म की सहजता है, एक अपनापन है जो पाठक के हृदय को आकर्षित करता है। इनकी कविताई में गाँव घर की मिट्टी की सोंधी महक है, महुए के फूल की

खुशबू है, पके कटहल की गमक है, आम्र वृक्षों का बौराना है, भाई–बहन का हर्षाना है, घर का सुरक्षा कवच है, प्रेम का धनत्व है, वात्सल्य का भावबोध है ,भारत का संस्कृति बोध है, सामयिक यथार्थ का वाचन है। यह कविता हमारे मानस को समृद्ध करती है। इसे पढ़कर व्यर्थता बोध नहीं होता। इन्होंने अपनी पीढ़ी की कमियों को भी स्वीकारा है। ये गहरे अपनत्व बोध के कवि हैं।

## *संदर्भ*


1. *कुमार दुष्यन्त, साये में धूप, राधाकृष्ण, नई दिल्ली, अठारहवाँ संस्करण 1999, पृ. सं. 15*
2. *कश्यप चेतन, एक पीली नदी हरे पाटों के बीच बहती हुई, प्रकाशन संस्थान, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण 2016, पृ.सं. 26*
3. *वही, पृ.सं. 24*
4. *वही, वही, पृ.सं. 36*
5. *वही, पृ.सं. 41*
6. *वही, पृ. सं. 110*
7. *वही, पृ.सं. 115*
8. *वही, पृ.सं. 116*
9. *वही, पृ.सं. 09*
10. *वही, पृ.सं. 10*
11. *वही, पृ.सं. 11*
12. *वही, पृ.सं. 117*
13. *वही, पृ.सं. 122*
14. *चेतनकश्यप, चाँद के दर पर दस्तक, शिल्पायन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, संस्करण 2013 पृ.सं. 70*
15. *वही, पृ.सं. 37*
16. *वही, पृ.सं. 44*
17. *वही, पृ.सं. 57*
18. *वही, चाँद के दर पर दस्तक के फ्लैप से*
19. *वही, पृ.सं. 64*
20. *वही, पृ.सं. 65*
21. *वही, पृ.सं. 67*
22. *वही, पृ.सं. 68*
23. *कश्यप चेतन, ख़ास तुम्हारे लिए, बोधि प्रकाशन जयपुर, प्रथम संस्करण अगस्त, 2017 पृ.सं. 68*

24. चेतन कश्यप, चाँद के दर पर दस्तक, शिल्पायन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, संस्करण 2013, के फ्लैप से
25. चेतन कश्यप, एक क्लिक की बदौलत, न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2024, पृ.सं. 129
26. चेतन कश्यप, विसंवादी, न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2024, पृ.सं. 39
27. सोनटक्के डॉ. माधव, हिन्दी साहित्य का इतिहास, विकास प्रकाशन कानपुर, तृतीय संस्करण 2006, पृ.सं. 463
28. वही, पृ.सं. 465
29. कश्यप चेतन, विसंवादी, न्यूवर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2024, पृ.सं. 79
30. वही, पृ.सं. 107
31. वही, पृ.सं. 108
32. सोनटक्के डॉ. माधव, हिन्दी साहित्य का इतिहास, विकास प्रकाशन कानपुर, तृतीय संस्करण 2006 पृ.सं. 467
33. चेतन कश्यप, विसंवादी, न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2024 पृ.सं. 76
34. वही, पृ.सं. 75
35. वही, पृ.सं. 55
36. वही, पृ.सं. 52


***Paper Received : 20 May, 2024*** ***Paper Accepted : 05 Aug, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 112-116

# यज्ञ और पर्यावरण संरक्षण

*डॉ० नीतू सिंह **

***सारांश***

*वेदों की सजीवता यज्ञ से ही परिलक्षित होती है और यज्ञ आयोजन से ही धरा पर पर्यावरण की परिशुद्धि होती है। यज्ञ और पर्यावरण संरक्षण के बीच अविभाज्य संबंध है। इस पृथ्वी पर यज्ञमय वातावरण में ही सर्वांगीण विकास की झलक मिलती है। हमारे प्राचीन ऋषि–मुनियों ने मानव जाति के लिए जो धर्म बताएं है, वे यज्ञ से ही प्रेरति है। विश्व का कल्याण यज्ञ द्वारा पर्यावरण संरक्षण से ही संभव है। यज्ञ से न केवल इस लोक में बल्कि परलोक में भी प्राप्त किया जा सकता है।*

***मुख्य शब्द*** *– यज्ञ, शतपथ ब्राह्मण, पर्यावरण, प्रदूषण*

पर्यावरण की दृष्टि से यज्ञ के महत्त्व का उल्लेख करते हुए अथर्ववेद में यज्ञ को सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को बाँधने वाला नाभि स्थल बताया गया है। आश्वलायन गृह्य सूत्र में संतान, पशु ब्रह्म तेज और अन्न का वर्धन करने वाला बताया गया है। मनुस्मृति में वर्णित है कि यज्ञ में डाली गई वस्तुएं आहूति द्वारा सूर्य तक पहुँचती है, सूर्य से वर्षा होती है, वर्षो से अन्न उत्पन्न होता है, जिससे प्रजा की रक्षा होती है। विश्व की प्रवर्त्तमान विकास प्रक्रिया आज अपनी चरम ऊँचाई को छूने के लिए लालायित सी प्रतीत हो रही है। सोलहवीं सदी में इस विकास की प्रक्रिया का आरम्भमानव के लिए सुविधाएँ जुटाने के लिए हुआ था। अपने इस प्रयास में प्रभुप्रदत्त बुद्धि के सफल प्रयोग से मानव ने कुछ ही समय में अभूतपूर्व उपलब्धियों को भी प्राप्त किया। कालान्तर में यह प्रक्रिया विशुद्ध वैज्ञानिक प्रक्रिया हो गई है। जो आधुनिक सत्यता के विकास में एक महत्त्वपूर्ण सोपान सिद्ध हुई। इस सोपान पर आरूढ मनुष्य ने मानवीय हित में सभ्यता के विकास में अहं भूमिका निभाई, किन्तु इस सोपान के द्वारा गन्तव्य लक्ष्य अन्तहीन था, अतः मानवीय उपयोग की मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के बाद मनुष्य ने उस अन्तहीन लक्ष्य को लक्षित कर अपने प्रयास जारी रखो। भानव बुद्धि और वह अनन्त (प्रकृति) कहीं न कहीं एक ही घरातल से सम्बद्ध है, अतः मनुष्य ने उस अनन्त के कई रहस्यों को भी पाया।

प्रारम्भ में प्रकृत्ति के ये रहस्य मानव को अद्भुत भी लगे और तब तक प्रकृति के विभिन्न रूपों को अदृश्य शक्ति प्रतिरूप मानकर पूजने वाले समाज

* *असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी, डॉ० राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)*

में वैज्ञानिक वेतना का अभ्युदय हुआ। यह प्रक्रिया आगे बढ़ी। उपलब्धियों की प्राप्ति से मनुष्य में दरम पैदा हुआ और उसने केवल अपने मानसिक विनोद या दम्म की सन्तुष्टि के लिए शोध की प्रक्रिया जारी रखी, इस क्रम में वह चाहे अनचाहे अनन्त प्रकृति को चुर्नाती दे बैठा। विकास की यह यात्रा यहीं से पथ विचलित हो गई और कतिपय आहे की बुष्टि के लिए लक्ष्यहीन दिशा की ओर बढ़ने लगी।

मानव की सुविधाओं के लिए प्रारम्भ की गई यात्रा का यह दुखद परिणाम मानव अहं की ही एक उपलब्धि है। सुविधाएँ जुटाना एवं प्रकृति के रहस्य को जानना यह एक भिन्न बात है. किन्तु सुविधाएँ जुटाकर एवं प्रकृति के रहस्य को जानकर उसका असन्तुलित दोहन मनुष्य के लिए श्रेयस्कर सिद्ध नहीं हुआ, क्योंकि यह तो वैज्ञानिक भी मानते हैं कि मनुष्य प्रकृति का एक अंश है और कोई भी अंश अपने अंशी को आहत कर सुरक्षित नहीं हो सकता। मानव भी इस रूप में नियम का अपवाद नहीं बन सकता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता इसी प्रकृति चक्र में हस्तक्षेप का परिणाम है। श्रेष्ठता के मद में चूर मानव द्वारा प्रकृति के अस्तित्व को नकारने जैसी भूल के परिणाम को देखने के लिए शायद सृष्टि ही साक्षी न रह पाये। इसकी चरम परिणति की हम मात्र कल्पना ही कर सकते हैं।

आधिदैविक अर्थात्–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश पर होने वाले कुप्रभावों की क्षतिपूर्ति एवं दुष्प्रभावों की क्षमता को यज्ञ के माध्यम से कम किया जा सकता है। इसी प्रकार आधिभौतिक अर्थात् प्राणी–जगत् के प्रदूषण से उत्पन्न दुःखों को यज्ञ के माध्यम से कम करते हुए शून्य स्तर तक पहुँचाया जा सकता है। वायु–प्रदूषण के निवारण के वैदिक उपायों से–''यज्ञ से वायुशुद्धि एवं चक्रीय व्यवस्था में वर्षा भी शुद्ध होती हुई जल एवं वायु दोनों शुद्ध हो जाते हैं। सर्वविदित है कि प्रदूषण से ऋतुचक्र अनियमित हो जाता है, जिससे उपयुक्त समय पर वर्षा नहीं होती है। ऐसे समय में यज्ञ की सहायता से वृष्टि कराई जा सकती है। यह प्राचीन विज्ञान भारतीय संस्कृति में परम्परागत रूप से शास्त्रों में सुरक्षित रहा, किन्तु आधुनिक समय में गतशताब्दी के वैदिक विद्वान स्वामी दयानन्द 'यज्ञ द्वारा वर्षा' सिद्धान्त के प्रबल समर्थक और इसके साथ ही 'पंचभूत शुद्ध होते हैं' और 'सम्पूर्ण सृष्टि में सुख केवल यज्ञ द्वारा ही हो सकता है।'' इस मत के पोषक रहे हैं। उनके अनुसार–**''यज्ञ से जो वाष्प**

**उठता है, वह जल को निर्दोष और सुगन्धित करके सब जग को सुखी करता है। इस शुद्ध जल और वायु के द्वारा अन्नादि औषधि भी शुद्ध होती है। ऐसे सुगन्ध के अधिक होने से जगत् में नित्यप्रति अधिक से अधिक सुख बढ़ता है। यह यज्ञ–अग्नि में होम करने के बिना दूसरे प्रकार से होना असम्भव है।''**[1]

स्वामी दयानन्द अपना सम्पूर्ण मन्तव्य वैदिक शास्त्रों के आधार पर ही कहते हैं। शतपथ ब्राह्मण का वचन है–**''अग्नेर्वै धूमो जायते, धूमादभ्रम् अभ्राद्‍ वृष्टिः, अग्नेर्वा एते जायन्ते तस्मादाह तपोजा इति।''**[2] इस वचन की व्याख्या में स्वामी दयानन्द ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में लिखते हैं– जो होम करने के द्रव्य अग्नि में डालते जाते हैं, उनसे धुआँ और भाप उत्पन्न होते हैं...मेघमण्डल में वायु के आधार से रहते हैं। फिर वे परस्पर मिलकर बादल होके उनसे वृष्टि, वृष्टि से औषधि...।'' अन्यत्र यजुर्वेद के मन्त्र के अर्थ में लिखते हैं **''मनुष्य...भूमि में जिस यज्ञ का अनुष्ठान करता है, वह जलवृष्टिकारक मेघ को प्राप्त हो, वहाँ जाकर सूर्य की किरणों के गुणों से वर्षाता है।''**[3] शतपथ ब्राह्मण के उपर्युक्त वचन की मनु महाराज इस प्रकार पुष्टि करते हैं–

**अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते।**
**आदित्याज्जायते वृष्टिः वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः।''**[4]

मनु के वचन– ''**आधुनिक समय में विदेशी विद्वानों की दृष्टि में भी प्रयोगों द्वारा सिद्ध होने पर उन्होंने महर्षि मनु को विश्व में प्रसिद्धतम एवं महानतम् स्वास्थ्य–सम्बन्धी सुधारकों में माना है।''**[5] गीता में भी यज्ञ से वृष्टि की प्रक्रिया वर्णित हैं–

**अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।**
**यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।।**[6]

वेदमन्त्रों के अन्तर्निहित विज्ञान को जानकर यज्ञ के माध्यम से पवन की दिशा परिवर्तित करके अतिवृष्टि को रोका जा सकता है। इसी विधान से यज्ञ के द्वारा ऋतु चक्र को नियमित करके आँधी–तूफान–चक्रवात आदि को रोका जा सकता है। ऋग्वेद में इसका वर्णन है–

**गोमातरो यच्छुभयन्ते अजिभिस्तनूषु शुभ्रा दधिरे विरुक्मतः।**
**बाधन्ते विश्वमभिमातिनमप वर्त्मान्येषामनु रीयते घृतम्।।**[7]

अर्थात् सूर्य, पृथिवी एवं वायु बिजलियों से शोभा पाते हैं तथा अपने शरीरों से भिन्न–भिन्न कान्ति से युक्त बादलों को धारण करते हैं, अलग–अलग दिशाओं में फैलने वाले मेघों को पीड़ित करते हैं, अलग–अलग दिशाओं में फैलने वाले मेघों को पीड़ित करते हैं। इस कारण जिस ओर वायु जाती है, उस मार्ग पर ही मेघों का जल भी जाता है।''[8] इस प्रकार यज्ञ सभी प्रकार के आधिदैविक कष्टों को दूर करने की सामर्थ्य रखता है। सिर्फ आवश्यकता इसकी है कि मानव पूर्ण निष्ठा के साथ श्रद्धावान् होते हुए वेदमन्त्रों में अन्तर्निहित विज्ञान के रहस्यों को जानकर तदनुसार विधिविधान से कार्य करें। आध्यात्मिक प्रदूषण में मानसिक स्तर का प्रदूषण ग्रहण किया जाता है। अग्निहोत्र से मन पर सकारात्मक प्रभाव होने से प्रदूषण से होने वाली हानियाँ समाप्त हो जाती हैं। प्रदूषण से हुई हानियों से प्रकट हुए रोग भी अग्निहोत्र के विधिपूर्वक प्रयोग से सही होते देखे गये हैं। अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक श्री वैरी रैथनर ने पूना विश्वविद्यालय में 'अग्निहोत्र का मानसिक तनाव पर प्रभाव' नामक विषय पर शोध किया था। उन्होंने शोध निष्कर्ष प्राप्त किया कि अग्निहोत्र चिकित्सा से बच्चों का मृगी रोग जाता रहता है और मानसिक रूप से अविकसित बच्चों की बुद्धि विकसित हो जाती है।

प्रदूषण का एक भयंकर प्रकार है। विचार–प्रदूषण। इससे व्यक्ति के विचार इतने प्रदूषित हो जाते हैं कि वह अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा निर्णय करने तक में असमर्थ हो जाता है। अन्ततः इस विचारहीनता, विचार–शून्यता में वह नशे का आदी बन जाता है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य, अर्थ–व्यवस्था, परिवार तथा समाज के लिए यह दुर्व्यसन हानिकारक होते हुए भी व्यक्ति इसे छोड़ने में असमर्थ होता है। व्यक्ति का स्वाभिमान तथा मनोबल, संकल्प शक्ति आदि समाप्त प्रायः हो जाती है। इससे उसके लिए अपने जीवन का अर्थ भी धीरे–धीरे अर्थहीन होने लगता है। ऐसी विषम परिस्थिति में मनोवैज्ञानिक किंकर्तव्यविमूढ़ होने लगते हैं।

पर्यावरण प्रदूषण सम्बन्धी समस्त समस्याओं से केवल यज्ञ के विधिवत अनुष्ठान के द्वारा छुटकारा पा सकते हैं। गुरुवर्य आचार्य श्री स्वामी विवेकानन्द जी के शब्दों में–''वर्तमान में पर्यावरण आदि विविध समस्याओं में उलझे हुए विश्व की रक्षा करने का यह (यज्ञ) एक निरापद अमोघ उपाय है और यदि हम इसे ऋषियों द्वारा प्रदत्त मानवता के लिए वरदान कहें तो यह उचित ही है।''[9]

इस विषय में अन्य आधुनिक पद्धति के वैज्ञानिक अध्ययन किये जाने चाहिए जिससे यज्ञ आदि में अनास्थावान व्यक्ति भी आध्यात्मिक प्रदूषण से मुक्त होकर आनन्द लाभ प्राप्त कर सके।

## *संदर्भ*


1. *ऋग्वेदादिभाष्य . भूमिका*
2. *शतपथ ब्राह्मण 5/3/5/17*
3. *यजुर्वेदभाष्य 1/25*
4. *मनुस्मृति 3/48*
5. *यज्ञविमर्श, पृ0–77*
6. *यज्ञ विमर्श, पृ0–82, आर्षज्योति, पृ0–242*
7. *ऋग्वेद 1/85/3*
8. *यज्ञविमर्श, पृ0–88*
9. *ओ३म् तत्सत् अग्निहोत्र यज्ञ विज्ञान की दृष्टि में – स्वामी विवेकानन्द सरस्वती, प्रकाशक – स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान गुरुकुतत आश्रम (टीकरी भोला मेरठ पृ0–17*


***Paper Received : 12 April, 2025*** ***Paper Accepted : 25 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 117-124

# भक्तियोग का माहात्म्य

*डॉ० भास्कर प्रसाद द्विवेदी **


## *सारांश*

*भक्ति शब्द संस्कृत की 'भज्' धातु से बना है जिसका अर्थ है– पूजा करना या सेवा करना। यह ईश्वर, व्यक्ति या वस्तु के प्रति गहरा प्रेम, समर्पण, निष्ठा और श्रद्धा की भावना है। भक्ति का उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना, विश्वास और संतुष्टि प्राप्त करना है। इसके विभिन्न रूप हो सकते हैं, जैसे– प्रेम भक्ति, नवधा भक्ति और देशभक्ति। ईश्वर के प्रति परम प्रेम को भक्ति कहते हैं जबकि अपनी देह, सन्तान, पत्नी या अन्य विषयों के प्रति जो प्रेम है वह आसक्ति कहलाती है। श्रीमद्भगवद्गीता कर्मयोग और ज्ञानयोग के संयोजन में भक्तियोग का परिचय देती है जबकि भागवतपुराण भक्ति का विस्तार करता है और भक्तियोगी के लिए नौ विशिष्ट गतिविधियां प्रस्तुत करता है। श्रीमद्भगवद्गीता ने भक्ति के रूप में उस समय धर्म की दो प्रमुख प्रथाओं का विकल्प प्रस्तुत किया– सन्यासी का एकान्तवास और धार्मिक अनुष्ठान का अभ्यास। स्वामी विवेकानन्द ने भक्ति को परमात्मा से मिलन का व्यवस्थित मार्ग बताया था।*


हिन्दू धर्म में भक्तियोग से आशय अपने इष्ट देवता में अनुराग रखकर आन्तरिक विकास करने से है। इसे भक्तिमार्ग भी कहते हैं। यह उन तीन मार्गों में से एक है जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। अन्य दो मार्ग हैं– ज्ञानयोग तथा कर्मयोग। भक्ति की परम्परा बहुत पुरानी है। ग्यारह महत्त्वपूर्ण उपनिषदों में से एक श्वेताश्वतर उपनिषद् में भक्ति का उल्लेख है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में कहा गया है कि जिसकी उस परमदेव परेश्वर में तथा गुरु में भक्ति है वही उस परमात्मा को जान सकता है तथा उसी के हृदय में वह प्रकाशित होता है –

**यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।**
**तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः।।**[1]

जब मनुष्य परमेश्वर के प्रति अपने समस्त कर्मों तथा भावों का समर्पण कर देता है तब उसके इस समर्पण से उन कर्मों का अभाव हो जाने पर इस साधक के पूर्वसंचित कर्मसमुदाय का भी सर्वथा नाश हो जाता है। इस प्रकार कर्मों का नाश हो जाने पर वह साधक परमात्मा को प्राप्त हो जाता है–

**आरभ्य कर्माणि गुणान्वितानि भावांश्च सर्वान् विनियोजयेद्यः।**
**तेषामभावे कृतकर्मनाशः कर्मक्षये याति स तत्त्वतोऽन्यः।।**[2]

---

* *असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर*

भक्तियोग क्या है? यह योग भावना प्रधान और प्रेमी प्रकृति वाले व्यक्ति के लिये उपयोगी है। वह ईश्वर से प्रेम करना चाहता है और सभी प्रकार के क्रिया–अनुष्ठान, पुष्प, गन्ध–द्रव्य, मन्दिर और मूर्ति का आश्रय लेकर अपने इष्ट को प्राप्त करना चाहता है। प्रेम एक आधारभूत एवं सार्वभौम संवेग है। यदि कोई व्यक्ति मृत्यु से डरता है तो इसका अर्थ है कि उसे अपने जीवन से प्रेम है। स्वार्थी व्यक्ति अपने उद्येश्यों से अधिक प्रेम करता है। किसी व्यक्ति को अपनी पत्नी या पुत्र आदि से विशेष प्रेम हो सकता है। इस प्रकार का प्रेम मोह, भय, घृणा तथा शोक उत्पन्न करता है। यदि यही प्रेम परमात्मा से हो जाए तो मनुष्य के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। ज्यों–ज्यों ईश्वर से लगाव बढ.ता जाता है नश्वर सांसारिक वस्तुओं से लगाव कम होता जाता है। जब तक मनुष्य स्वार्थयुक्त उद्देश्य लेकर ईश्वर का ध्यान करता है तब तक वह भक्तियोग की परिधि में नहीं आता। पराभक्ति ही भक्तियोग के अन्तर्गत आती है जिसमें मुक्ति को छोड.कर अन्य कोई अभिलाषा नहीं होती। स्वर्ग, सन्तति, सम्पत्ति या किसी अन्य कामना की पूर्ति के लिए भक्ति को माध्यम बनाना विशालकाय जहाज से छोटी नदी को पार करने जैसा महान् साधन से तुच्छ साध्य को प्राप्त करने के समान होता है। विष्णुपुराण में भक्ति की सर्वोत्तम परिभाषा दी गयी है–

**या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्वनपायिनी।**
**त्वामनुस्मरतः सा मे हृदयान्मापसमर्पतु।।**[3]

हे ईश्वर! अज्ञानी जनों की जैसी गाढी प्रीति इन्द्रियों के भोग के नाशवान् पदार्थों पर रहती है, उसी प्रकार की प्रीति मेरी तुझमें हो और तेरा स्मरण करते हुए मेरे हृदय से वह कभी दूर न होवे।

श्रीमद्भगवद्गीता का बारहवां अध्याय भक्तियोग के अभिधान से जाना जाता है। इसमें आध्यात्मिक साधना के अन्य मार्गों की अपेक्षा भक्तिमार्ग की सर्वोत्कृष्टता पर प्रकाश डाला गया है। इसका प्रारम्भ अर्जुन द्वारा श्रीकृष्ण से पूछे गए इस प्रश्न से होता है कि योग में किन्हें पूर्ण मानें? जो भगवान के साकार रूप में भक्ति करते हैं या वे जो निराकार ब्रह्म की उपासना करते हैं। इसका उत्तर देते हुए श्रीकृष्ण कहते हैं कि दोनों मार्ग भगवद्प्राप्ति की ओर ले जाते हैं किन्तु वे उनकी साकार रूप की पूजा करने वाले भक्त का श्रेष्ठ योगी के रूप में सम्मान करते हैं। वे कहते हैं कि मायाबद्ध देहधारियों के लिए

उनके निराकार अव्यक्त रूप की आराधना करना अत्यन्त कष्टसाध्य है जबकि साकार रूप की आराधना करने वाले भक्त अपनी चेतना के साथ ही भगवान में विलीन हो जाते हैं और उनके प्रत्येक कर्म भगवान को समर्पित होते हैं। इसलिये श्रीकृष्ण अर्जुन को अपनी बुद्धि उन्हें समर्पित करने और अपने मन को केवल उनकी प्रेममयी भक्ति में स्थिर करने के लिए कहते हैं। किन्तु ऐसा प्रेम प्रायः संघर्षमयी आत्मालभ्य होता है। इसलिए श्रीकृष्ण अन्य विकल्प देते हुए कहते हैं कि यदि भक्त तुरन्त अपने मन को पूर्णरूप से भगवान में एकाग्र करने की अवस्था प्राप्त नहीं कर सकता तब उसे निरन्तर अभ्यास द्वारा पूर्णता की अवस्था को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। भक्ति कोई रहस्यमयी उपहार नहीं है अपितु इसे निरन्तर प्रयास से ही पोषित किया जा सकता है। यदि मनुष्य को यह भी कठिन लगता है तो सबसे सरलतम मार्ग यह है कि उसे अपने कर्म फलों का त्याग कर देना चाहिए और अपनी आत्मा में स्थित हो जाना चाहिए। श्रीकृष्ण कहते हैं कि लौकिक कर्मों से श्रेष्ठ ज्ञानार्जन है, ज्ञानार्जन से श्रेष्ठ ध्यान है और ध्यान से श्रेष्ठ कर्म–फलों का त्याग करना है जो तुरन्त परमशांति के मार्ग की ओर ले जाता है। इस अध्याय के शेष श्लोकों में उनके प्रिय भक्तों के अद्‌भुत गुणों का वर्णन किया गया है जो भगवान को अत्यन्त प्रिय हैं। अर्जुन ने पूछा कि आपके साकार रूप पर दृढ.ता पूर्वक निरन्तर समर्पित होने वालों को या आपके अव्यक्त निराकार रूप की आराधना करने वालों में से आप किसे पूर्ण योग मानते हैं–

**एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते।**
**ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः।।**[4]

आनन्दमयी भगवान ने कहा वे जो अपने मन को मुझमें स्थिर करते हैं और सदैव दृढतापूर्वक पूर्ण श्रद्धा के साथ मेरी भक्ति में तल्लीन रहते हैं, मैं उन्हें ही सर्वश्रेष्ठ योगी मानता हूं। लेकिन जो लोग अपनी इन्द्रियों को निग्रह करके सर्वत्र समभाव से मेरे परम सत्य निराकार अविनाशी निर्वचनीय अव्यक्त सर्वव्यापक अकल्पनीय अपरिवर्तनीय शाश्वत और अचल रूप की पूजा करते हैं। वे सभी जीवों के कल्याण में संलग्न रहकर मुझे प्राप्त करते हैं–

**मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।**
**श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः।।**[5]

जिन लोगों का मन भगवान के अव्यक्त रूप पर आसक्त होता है उनके लिए भगवान की अनुभूति का मार्ग अतिदुष्कर और कष्टों से भरा होता है। अव्यक्त रूप की उपासना देहधारी जीवों के लिए अत्यन्त दुष्कर होती है। लेकिन जो अपने सभी कर्मों को मुझे समर्पित करते हैं और मुझे परम लक्ष्य समझकर मेरी आराधना करते हैं और अनन्य भक्ति भाव से मेरा ध्यान करते हैं मन में मुझमें स्थिर कर अपनी चेतना को मेरे साथ एकीकृत कर देते हैं मैं उन्हें शीघ्र जन्म–मृत्यु के सागर से पार कर उनका उद्धार करता हूं। अपने मन को केवल मुझ पर स्थिर करो और अपनी बुद्धि मुझे समर्पित कर दो। इस प्रकार से तुम सदैव मुझ में स्थित रहोगे। श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! यदि तुम दृढ.ता से मुझ पर अपना मन स्थिर करने में असमर्थ हो तो सांसारिक कार्यकलापों से मन को विरक्त कर भक्ति भाव से निरंतर मेरा स्मरण करने का अभ्यास करो–

**अथ चित्तं समाधातुं न शक्नोषि मयि स्थिरम्।**
**अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तुं धनञ्जय।।**[6]

श्रीकृष्ण कहते हैं कि यदि तुम भक्ति मार्ग के पालन के साथ मेरा स्मरण करने का अभ्यास नहीं कर सकते तब मेरी सेवा के लिए कर्म करने का अभ्यास करो। इस प्रकार तुम पूर्णता की अवस्था को प्राप्त कर लोगे। यदि तुम भक्तियुक्त होकर मेरी सेवा के लिए कार्य करने में असमर्थ हो तब अपने सभी कर्मों के फलों का त्याग करो और आत्मस्थित हो जाओ। शारीरिक अभ्यास से श्रेष्ठ ज्ञान है, ज्ञान से श्रेष्ठ ध्यान है और ध्यान से श्रेष्ठ कर्मफलों का परित्याग है और ऐसे त्याग से शीघ्र मन को शांति प्राप्त होती है। जो किसी प्राणी से द्वेष नहीं करते, सबके मित्र हैं, दयालु हैं ऐसे भक्त मुझे अति प्रिय हैं क्योंकि वे स्वामित्व की भावना से अनासक्त और मिथ्या अहंकार से मुक्त रहते हैं। दुख और सुख में समभाव रहते हैं और क्षमावान होते हैं। जो मेरी भक्ति में दृढ.ता से एकीकृत हो जाते हैं वे आत्मसंयमित होकर दृढ. संकल्प के साथ अपना मन और बुद्धि मुझे समर्पित करते हैं। वे जो किसी को उद्विग्न करने का कारण नहीं होते और न ही किसी के द्वारा व्यथित होते हैं। जो सुख–दुख में समभाव रहते हैं, भय और चिन्ता से मुक्त रहते हैं, मेरे ऐसे भक्त मुझे अतिशय प्रिय हैं। वे जो सांसारिक प्रलोभनों के प्रति उदासीन रहते हैं, बाह्य और आंतरिक रूप से शुद्ध, निपुण, चिन्तारहित, कष्टरहित और सभी कार्यकलापों में स्वार्थरहित रहते हैं, ऐसे मेरे

भक्त मुझे अतिशय प्रिय हैं। वे जो न तो लौकिक सुखों से हर्षित होते हैं और न तो सांसारिक दुखों से निराश होते हैं तथा न ही किसी हानि के लिए शोक करते हैं एवं न ही लाभ की लालसा करते हैं, वे शुभ और अशुभ कर्मो का परित्याग करते हैं ऐसे भक्त जो भक्ति भावना से परिपूर्ण होते हैं वे मुझे अतिशय प्रिय हैं। जो मित्रों और शत्रुओं के लिए एक समान हैं, मान–अपमान, शीत–उष्ण, सुख–दुख में समभाव रहते हैं, जो सभी प्रकार के कुसंग से मुक्त रहते हैं, जो अपनी प्रशंसा और निदा को एक जैसा समझते हैं, जो सदैव मौन–चिन्तन में लीन रहते हैं, जो मिल जाए उसी में संतुष्ट रहते हैं, घर गृहस्थी में आसक्ति नहीं रखते, जिनकी बुद्धि दृढ.तापूर्वक मुझमें स्थिर रहती है और जो मेरे प्रति भक्तिभाव से परिपूर्ण रहते हैं वे मुझे अतिशय प्रिय हैं–

**तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी संतुष्टो येन केनचित्।**
**अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान्मे प्रियो नरः।।**
**ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।**
**श्रद्धधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः।।**[7]

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो भक्त अनन्य भाव से मेरा स्मरण करते हैं मैं उनके योग–क्षेम की स्वयं रक्षा करता हूं। यहां पर भक्ति के लिये अनन्य भाव का होना आवश्यक है। जिनके साध्य और साधन एक होते हैं, जो कुछ भी दृश्य और श्रव्य है वह सब ईश्वर का ही स्वरूप है, ऐसा जो दृढता से मान लेते हैं उनकी ईश्वर के अतिरिक्त कहीं भी महत्त्वबुद्धि नहीं होती। ऐसे अनन्य भक्त ईश्वर के प्रति प्रेम को स्वजीवन निर्वाह से भी अधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं।

**अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।**
**तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।**[8]

श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान, कर्म और भक्ति की समस्त जिज्ञासाओं को शान्त करने वाला एक विलक्षण ग्रन्थ है। साक्षात् परमेश्वर श्रीकृष्ण के मुख से निःसृत हुए गीता के श्लोकों को किसी अन्य प्रमाण की कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा नहीं की जाती। गीता में जितने भाव भरे हैं उतने बुद्धि में नहीं आते, जितने बुद्धि में आते हैं उतने मन में नहीं आते और जितने मन में आते हैं उतने भावों को वाणी कहने में समर्थ नहीं हो पाती। भक्ति की सीमा

या भक्ति का स्वरूप क्या होना चाहिये? इस शंका का समाधान करते हुए भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि–

**ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्यस्य मत्पराः।**
**अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते।।**[9]
**तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्।**
**भवामि नचिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम्।।**[10]

जो मनुष्य अपने सभी कर्मों को मुझे अर्पित करके मेरी शरण होकर अनन्यभाव से भक्तियोग में स्थित होकर निरन्तर मेरा चिन्तन करते हुए मेरी आराधना करते हैं, मुझमें स्थिर मन वाले उन मनुष्यों का मैं जन्म मृत्युरूपी संसार सागर से शीघ्र ही उद्धार करता हूं। भगवान कहते हैं कि जो जिस भाव से मेरी शरण आता है, उसी भाव से मैं उसको आश्रय देता हूँ–

**ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।**
**मम वर्त्मानुवर्ततन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः।।**[11]

अतः वे कहते हैं कि यद्यपि मैं सब में समभाव से स्थित हूँ तथापि जिनका एकमात्र प्रिय मैं हूं, जो मेरे लिये ही सम्पूर्ण कर्म करते हैं और मेरे परायण होकर नित्य निरन्तर मेरे ही ध्यान, जप, चिन्तन आदि में लगे रहते हैं, ऐसे भक्तों का मैं स्वयं मृत्यु–संसार–सागर से सम्यक् प्रकार से उद्धार कर देता हूँ। जब साधक भगवत्प्राप्ति के निमित्त बार बार नाम–जप, भजन–कीर्तन, श्रवण आदि का अभ्यास करता है तब उसका अन्तःकरण शुद्ध होने लगता है और भगवत्प्राप्ति की प्रबल इच्छा जाग्रत हो जाती है। भगवत्प्राप्ति की तीव्र इच्छा होने पर भगवान से मिलने के लिये व्याकुलता पैदा हो जाती है। यह व्याकुलता उसकी अवशिष्ट सांसारिक आसक्ति एवं अनन्त जन्मों के पाप को जला डालती है। जब भक्त भगवान के बिना नहीं रह सकता तो भगवान भी उस भक्त के बिना नहीं रह पाते और उससे मिलने का मार्ग सृजित कर देते हैं। अतः भगवान को पाने के लिये अभ्यास की विशिष्ट आवश्यकता है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि यदि तू मन को मुझमें अचल भाव से स्थिर करने में अपने को असमर्थ पाता है तो अभ्यास योग के द्वारा मेरी प्राप्ति की इच्छा कर। भगवान् यह भी कहते हैं कि निर्गुण निराकार ब्रह्म की उपासना करने वालों की अपेक्षा सगुण साकार ईश्वर की उपासना करने वाला श्रेष्ठ है। साथ ही

ऐसे भक्त के लिये समर्पण, अभ्यास, भगवदर्थ कर्म तथा सर्वकर्मफलत्याग ये चार साधन बताए हैं। इन चार साधनों से सिद्धावस्था को प्राप्त हुए अपने प्रिय भक्त के बारह लक्षणों का उल्लेख भगवान ने गीता में किया है–

**अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च।**
**निर्ममो निरहंकारः समदुःखसुखः क्षमी।।**
**सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढनिश्चयः।**
**मय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः।।**[12]

अर्थात् द्वेषभाव से रहित, मित्रभाव वाला, दयालु, ममतारहित, अहंकार रहित, सुखदुख मे सम, क्षमाशील, निरन्तर सन्तुष्ट, योगी, शरीर को वश में रखने वाला, दृढनिश्चयी तथा मुझमें अर्पित मन–बुद्धिवाला मेरा भक्त मुझे प्रिय है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भक्ति के नौ प्रकार बताए गए हैं जिन्हें नवधा–भक्ति कहा गया है–

**श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।**
**अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।।**[13]

श्रवण का तात्पर्य है ईश्वर की लीला, कथा, महत्त्व, शक्ति, स्त्रोत इत्यादि को परम श्रद्धा के सहित अतृप्त मन से निरंतर सुनना– परीक्षित की भांति। कीर्तन है– ईश्वर के गुण, चरित्र, नाम, पराक्रम आदि का आनंद एवं उत्साह के साथ कीर्तन करना– शुकदेव की भांति। निरन्तर अनन्य भाव से परमेश्वर का स्मरण करना, उनके महात्म्य और शक्ति का स्मरण कर उस पर मुग्ध होना स्मरण है– प्रह्लाद की भांति। पादसेवन है– ईश्वर के चरणों का आश्रय लेना और उन्हीं को अपना सर्वस्व समझना– लक्ष्मी की भांति। मन वचन और कर्म द्वारा पवित्र सामग्री से ईश्वर के चरणों का पूजन करना अर्चन कहलाता है– पृथुराजा की भांति। भगवान की मूर्ति को अथवा भगवान के अंश के रूप में व्याप्त भक्तजन, आचार्य, गुरुजनों, माता पिता आदि को परम आदर सत्कार के साथ पवित्र भाव से नमस्कार करना या उनकी सेवा करना ही वन्दन है– अक्रूर की भांति। ईश्वर को स्वामी और स्वयं को दास समझकर परम श्रद्धा के साथ सेवा करना दास्यभाव की भक्ति है– हनुमान की भांति। सख्य– ईश्वर को ही अपना परम मित्र समझकर अपना सर्वस्व उसे समर्पण कर देना तथा सच्चे भाव से अपने पाप पुण्य का निवेदन करना– अर्जुन की भांति। अपने

आप को भगवान के चरणों में सदा के लिये समर्पित कर देना और कुछ भी अपनी स्वतन्त्र सत्ता न रखना ही आत्मनिवेदन है। राजा बलि को इस श्रेणी का भक्त कहा जाता है। यह भक्ति की सर्वोत्तम अवस्था मानी गयी है। इस प्रकार भक्त और भगवान में प्रत्येक अद्वैत की समाप्ति होकर एकाकार हो जाना तथा भक्त के द्वारा स्वयं को समर्पित कर देना ही भक्तियोग है और यही भगवान् को प्रिय है।

## *संदर्भ*


1. *श्वेताश्वतरोपनिषद् 6.23*
2. *श्वेताश्वतरोपनिषद् 6.4*
3. *विष्णुपुराण 1.20.19*
4. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.1*
5. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.2*
6. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.9*
7. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.19. 20*
8. *श्रीमद्भगवद्गीता 9.22*
9. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.6*
10. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.7*
11. *श्रीमद्भगवद्गीता 4.11*
12. *श्रीमद्भगवद्गीता 12.13. 14*
13. *श्रीमद्भागवत पुराण 7.5.23*


***Paper Received : 12 April, 2025*** ***Paper Accepted : 25 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 125-132

# जनवादी चेतना और आत्मान्वेषण की अभिव्यक्ति मुक्तिबोध की लंबी कविता "अंधेरे में"

*डॉ० संतोष कुमार पाण्डेय **

*जय राज पाण्डेय ***

**सारांश**

*मुक्तिबोध की लंबी कविता 'अंधेरे में' हिंदी नई कविता आंदोलन की ऐसी प्रतिनिधि कृति है जिसमें मध्यवर्गीय बुद्धिजीवी का आत्मसंघर्ष, अपराधबोध और छद्म चेतना गहराई से उद्घाटित होती है। इस कविता में मुक्तिबोध ने तिलस्मी खोह, अंधेरा कमरा, जुलूस, तिलक की मूर्ति और गांधी जैसे प्रतीकों के माध्यम से समाजवादी और जनवादी आदर्शों के क्षरण को चित्रित किया है। मध्यवर्ग स्वतंत्रता से पहले लोकतंत्र और समाजवाद जैसे मूल्यों की स्थापना की उम्मीद करता था, परंतु स्वतंत्रता के बाद वही वर्ग पूंजीवादी आकांक्षाओं में उलझ कर इन मूल्यों से विश्वासघात करता है। कविता का नायक स्वप्न और फैंटेसी में अपने भीतर के अपराधबोध और आत्मग्लानि से जूझता है। रक्तालोक स्नात पुरुष उसके भीतर की वही जनवादी चेतना है जो उसे आत्मोद्बोधन के लिए प्रेरित करती है परंतु मध्यवर्गीय सुविधाभोगी उसे अंधेरे में ही उलझाए रखता है। कविता लोकतंत्र के विघटन, सत्ता के चारित्रिक पतन और फासिस्ट प्रवृत्तियों की आलोचना करते हुए कवि, लेखक और बुद्धिजीवी वर्ग का आह्वान करती है कि वे सत्ता के मुखपत्र न बनें, बल्कि जनता के पक्ष में खड़े हों। यह कृति आत्मान्वेषण, आत्मसंघर्ष और सामूहिक जनचेतना के मेल से एक प्रगतिशील समाज निर्माण का स्वप्न प्रस्तुत करती है और हिंदी कविता को एक नया फैंटेसी यथार्थ सौंपती है।*

***मुख्य शब्द** – ब्रह्मराक्षस, प्रयोगवाद, समाजवाद, जनवाद, लोकतंत्र, न्याय, अहिंसा, गांधी, तिलक, मध्यवर्ग, द्वंद, संघर्ष।*

मुक्तिबोध प्रयोगवाद और नई कविता धारा से जुड़े हुए कवि थे। मुक्तिबोध में यदि एक तरफ व्यक्तिवाद था तो दूसरी तरफ समाजवाद और मार्क्सवाद। मुक्तिबोध इस बात को मानते थे कि समाज का ठीक होना आवश्यक है परंतु उससे पहले यह आवश्यक है कि व्यक्ति अपने आप को संशोधित करे।

इसलिए कि जो है उससे बेहतर चाहिए पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए वह मेहतर मैं हो नहीं पाता।[1]

---

* *असिस्टेंट प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक हिंदी–विभाग, फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ*

** *शोध–छात्र, हिंदी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ*

मुक्तिबोध की कविताएं एक तरफ मध्यवर्ग व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश करती हैं तो दूसरी तरफ समाजवाद मार्क्सवादी चेतना को भी उभारने की कोशिश करती हैं। मुक्तिबोध की कविताओं में मध्यवर्गी बुद्धिजीवी ही नायक है जो ब्रह्मराक्षस और रक्तालोक स्नात पुरुष जैसे प्रतीकों के रूप में उभर कर आया है।

मुक्तिबोध की कविताओं के केंद्र में मध्यवर्ग और उसकी छद्म चेतना है। इस छद्म चेतना में मध्यवर्ग समाजवादी हितों की बात तो करता है लेकिन दूसरी तरफ यह अपने लिए उच्चवर्गीय पूंजीवादी सुविधाओं और महत्वाकांक्षाओं को भी हासिल करना चाहता है। अब ऐसे में यह मध्यवर्ग पूंजीवादी हितों की ओर जाए या समाजवादी आकांक्षाओं की ओर वह तय नहीं कर पाता यही इसकी छद्म चेतना है। मध्यवर्ग के मन में यह भाव था कि भारत जब आजाद होगा तो लोकतंत्र, समाजवाद, स्वतंत्रता, मानवता, बंधुत्व और न्याय जैसे मूल्यों की स्थापना होगी लेकिन पीड़ा यह है कि आजादी तो मिली लेकिन इन्हीं मूल्यों के साथ इसी मध्यवर्ग ने विश्वासघात किया।

मुक्तिबोध की कविताएं मध्यवर्ग के इसी अपराध बोध को उद्घाटित करती हैं। ब्रह्मराक्षस कविता का नायक खंडहर की बावड़ी में घुसा हुआ है स्नान कर रहा है–

> प्रतिपल पाप–छाया दूर करने के लिए, दिन–रात स्वच्छ करने –ब्रह्मराक्षस घिस रहा है देह हाथ के पंजे, बराबर, बाँह–छाती–मुँह छपाछप खूब करते साफ, फिर भी मैल फिर भी मैल।[2]

वह अपराध बोध को धो देना चाहता है लेकिन दाग इतने गहरे हैं कि वह धोए नहीं जा सकते।

मुक्तिबोध की कविताओं के दो हथियार हैं, आत्मसंघर्ष तथा मध्यवर्ग के द्वंद। अंधेरे में कविता का नायक अपने कमरे में सोया हुआ है वह स्वप्न से जागना नहीं चाहता उसे अपनी सुविधाएं पसंद हैं। रक्तालोक स्नात पुरुष उसे बुलाना चाहता है लेकिन वह कहता है मुझे ऊंचाइयों से डर लगता है। तुम चाहते हो मैं नदी नाले को पार कर आऊं लेकिन मुझे अपनी सुविधाओं और अपनी कमजोरी को त्याग कर तुम्हारे पीछे आना पसंद नहीं है।

> लगता है— दरवाजा खोलकर बाँहों में कस लूँ... मैं पड़ा हुआ हूँ, शक्ति ही नहीं है कि उठ सकूँ जरा भी (यह भी तो सही है कि कमजोरियों से ही लगाव है मुझको) इसीलिए टालता हूँ उस मेरे प्रिय को डरता हूँ उससे।[3]

दूसरी तरफ उनकी कविताओं में व्यक्तित्व का परिवर्तन भी है। मध्यवर्ग सुविधाभोगी आत्म चेतस है। एक ओर तो वह विश्वचेतस बनना चाहता है। लेकिन दूसरी ओर अपने जीवनधर्मिता के लिए भी जीना चाहता है। इसीलिए

> पिस गया वह भीतरी और बाहरी दो कठिन पाटों बीच, ऐसी ट्रेजिडी है नीच।[4]

मुक्तिबोध ने अवचेतन मन के अमूर्त भाव और विचारों को बिंबो और प्रतीकों के माध्यम से उसे पहले स्वप्नकथा में बदलने की कोशिश की फिर स्वप्नकथा को कविता का नाम दिया। यही वजह है मुक्तिबोध ने फैंटेसी शैली को अपनाया। इसीलिए मुक्तिबोध की कविताओं में अवचेतन मन के अपराध बोध हैं, गुहा अंधकार है, तिलिस्मी खोह है। कहीं बरगद है तो कहीं डरावने पेड़।

> रचना और अर्थ का स्रोत कवि की वह व्यापक वेदना है जिसे वह बार—बार 'सत्—चित्—वेदना' कह कर अभिहित करता है। वक्तृत्व के अंश शायद सबसे कम इस कविता में आते हैं, जो बहुत बार उसके नाटकीय विधान में घुल—मिल गए हैं, और इस स्तर पर यह मुक्तिबोध की क्लासिक कृति है।[5]

अंधेरे में कविता में कुल आठ खंड है। इस कविता का काव्यनायक स्वप्न में कई दृश्यों को देखता है। वह देखता है कि—

> जिन्दगी के...कमरों में अँधेरे लगाता है चक्कर कोई एक लगातार आवाज पैरों की देती है सुनाई बार—बार... बार—बार, वह नहीं दीखता...।[6]

यह काव्यनायक स्वप्न में देख रहा है कि अंधेरे कमरे में कोई चल रहा है यह अंधेरा कमरा और कुछ नहीं अवचेतन मन का परिचायक है। अचानक उसे दिखता है।

> इतने में अकस्मात् गिरते हैं भीतर से फूले हुए पलस्तर, चूने–भरी रेत खिसकती हैं पपड़ियाँ इस तरह–खुद–ब–खुद कोई बड़ा चेहरा बन जाता है। नुकीली नाक और भव्य ललाट है, दृढ़ हनु, कोई अनजानी अन–पहचानी आकृति।[7]

रामविलास शर्मा लिखते हैं –''कामायनी के इस मनु से मुक्तिबोध की कविता के मनु की तस्वीर बहुत कुछ मिलती जुलती है।''[8] लेकिन नामवर सिंह लिखते हैं– कामायनी के मनु अंततः कैलास पर जाकर समरस की साधना में लीन हो जाते हैं जबकि 'अंधेरे में' का मनु जगत की गलियों में घूमता है प्रतिपल, वही फटेहाल रूप।[9]

अगले दृश्य में देखता है कि शहर के बाहर के तालाब का जल श्याम है उसे उसमें एक श्वेत आकृति दिखाई पड़ती है, काव्यनायक समझ नहीं पाता कि जो पपड़ी और प्लास्टर के झड़ जाने से आकृति उभर कर आई है और तालाब में जो आकृति है ये दोनों या जिनके पैरों की आवाज सुनाई पड़ती है वह कौन है ?

> बाहर शहर के, पहाड़ी के उस पार, तालाब..निस्तब्ध जल, पर, भीतर से उभरती है सहसा सलिल के तम–श्याम शीशे में कोई श्वेत आकृति.. किन्तु, मैं हतप्रभ, नहीं वह समझ में आता।[10]

सपने में ही अचानक काव्य नायक देखता है कि–

> अकस्मात् –वृक्षों के अँधेरे में छिपी हुई किसी एक तिलस्मी खोह का शिला–द्वार खुलता है धड़ से घुसती है लाल–लाल मशाल अजीब–सी.. कुहरे में, सामने, रक्तालोक–स्नात पुरुष एक, रहस्य साक्षात्।[11]

तब काव्यनायक समझता है यह वही आकृति है जिसे मैने नील सलिल में और कमरे में देखा था। फेंटेसी शैली की यही पहचान है कि वहां स्वप्नकथा चलती रहती है अगले क्रम में वह देखता है कि –

> साँकल ही रह–रह बजती है द्वार पर आधी रात, इतने अँधेरे में, कौन आया मिलने? बाहर जो खड़ा है यह वही व्यक्ति है, जी हाँ! जो मुझे तिलिस्मी खोह में दिखा था।[12]

लेकिन काव्यनायक अपनी कमजोरी में इतना थका और उलझा हुआ है कि बार बार बजती उस साकल से उत्पन्न अपने भीतर के उद्‌बोध को सुनना नहीं चाहता है। हालांकि यह जान गया है कि वह कोई और नहीं रक्तालोक स्नात पुरुष ही है जो इसे जगाने के लिए इसे इसी की बात बताने के लिए बेचौन है। परंतु यह तो मध्यवर्गीय सुविधाभोगी नायक है। यह क्यों उसकी बात सुने

> अवसर–अनवसर प्रकट जो होता ही रहता मेरी सुविधाओं का न तनिक खयाल कर... प्रतीकों में प्रस्तुत, इशारे से बताता है, समझाता रहता, हृदय को देता है बिजली के झटके।[13]

मुक्तिबोध की कविताएं लोकतंत्र में आई गिरावट राजनीति के चारित्रिक पतन जैसे मुद्दों को उद्‌घाटित करती हैं। काव्यनायक देखता है कि जुलूस में चल रहे कुछ लोगों की निगाह इस पर पड़ती है और आवाज आती है–

> मारो गोली, दागो स्साले को मार डालो, उसको खत्म करो एकदम''
> रास्ते पर भाग–दौड़ धका–पेल गैलरी से भागा मैं पसीने से शराबोर।[14]

काव्य नायक पकड़ा जाता है और उसे ऐसा लगता है–

> किसी काले डैश की घनी काली पट्टी ही आँखों पे बँध गयी, किसी खड़ी पाई की सूली पर मैं टांग दिया गया, किसी शून्य बिन्दु के अँधियारे खड्डे में गिरा दिया।[15]

जिस व्यवस्था के द्वारा उसे पकड़ा जाता है यह व्यवस्था नहीं चाहती है कि कोई चेतस व्यक्ति जागृतावस्था में आ जाय। मुक्तिबोध जानते हैं कि मध्यवर्ग के पास ज्ञान विज्ञान की कमी नहीं है परंतु वह अपने ज्ञान का सामाजिक संवेदना के उद्देश्य से प्रयोग नहीं कर पाता। ब्रह्मराक्षस और अंधेरे में का नायक दोनों इसी बात के परिचायक हैं। वर्तमान व्यवस्था ऐसे जागरूक लोगों के खिलाफ है। ऐसे लोग व्यवस्था के लिए घातक साबित हो सकते हैं इसलिए व्यवस्था उसके साथ कुछ ऐसा बर्ताव करती है कि–

> शीश की हड्डी जा रही तोड़ी।
> लोहे की कील पर बड़े हथौड़े पड़ रहे लगातार।
> शीश का मोटा अस्थि–कवच ही निकाल डाला।[16]

मुक्तिबोध कविता में मार्शल लॉ की चर्चा करते हैं जहां सैनिक सत्ता लागू की जाती है। लोकतंत्र की सारी शक्तियां सेना के हाथों में चली जाती है। अधिनायकवाद निरंकुशता और तानाशाही का जन्म होता है। अभिव्यक्ति की आजादी खत्म कर दी जाती है। ऐसे में काव्यनायक अपने होशोहवास छोड़कर स्वप्न में भागता दिखाई पड़ता है। काव्यनायक स्वप्न में भागता ही जा रहा है कि उसे अचानक तिलक की मूर्ति दिखाई पड़ती है

> तिलक की पाषाण–मूर्ति है निःसंग स्तब्ध जड़ीभूत...देखता हूँ उसको परन्तु, यह क्या!! भव्य ललाट की नासिका से बह रहा खून न जाने कब से लाल–लाल गरमीला रक्त टपकता।[17]

आजाद भारत में लोकतंत्र तो आया ज्ञान विज्ञान की व्यवस्था तो हुई लेकिन गांधीवादी आदर्शों और मूल्यों की हत्या हुई। काव्यनायक स्वप्न में भागता ही जा रहा कि अचानक उसे बरगद के वृक्ष पर रहने वाला एक सिरफिरा दिखाई पड़ता है जो कि अब आत्मउद्बोधित हो चुका है। वह जान गया है कि शहर में मार्शल लॉ लागू हो चुका है, इसीलिए वह मुझे भी जगाने के लिए गीत गा रहा है...

> ओ मेरे आदर्शवादी मन, ओ मेरे सिद्धान्तवादी मन, अब तक क्या किया? जीवन क्या जिया !!
>
> उदरम्भरि बन अनात्म बन गये, भूतों की शादी में कनात–से तन गये, किसी व्यभिचारी के बन गये बिस्तर,...बहुत–बहुत ज्यादा लिया, दिया बहुत–बहुत कम, मर गया देश, अरे, जीवित रह गये तुम।[18]

मध्यवर्ग के गाल पर तमाचा जड़ते हुए मुक्तिबोध कहते हैं कि तुमने लोककरुणा को मन से निकाल कर जन सामान्य के हितों की बात सोचना बंद कर दिया सिर्फ अपने ही कीचड़ में सन कर तुम केंचुए की तरह सिमट गए।इस गीत को सुनकर काव्यनायक स्वयं उद्बोधित हो चुका है। वह जान चुका है कि रक्तालोक स्नात पुरुष ही उसकी आत्मा की पीड़ा है अब उसी की बात को सुनना है।

> वह रहस्यमय व्यक्ति अब तक न पायी गयी मेरी अभिव्यक्ति है,
> पूर्ण अवस्था वह निज–सम्भावनाओं,

निहित प्रभावों, मेरे परिपूर्ण का आविर्भाव,
हृदय में रिस रहे ज्ञान का तनाव वह, आत्मा की प्रतिमा।[19]

बच्चन सिंह लिखते हैं इसमें न अस्मिता की खोज है और न अस्तित्ववाद–रहस्यवाद। इसमें अँधेरे के विरुद्ध प्रकाश का संघर्ष है। इसी संघर्ष में ही उसकी अपनी रचना–प्रक्रिया–आत्मसंभवा परम अभिव्यक्ति होती है।[20] काव्यनायक का स्वप्न भंग होता है अब वह सब कुछ समझ चुका है वह कहता है कि अभिव्यक्ति पर जिन लोगों ने ताला लगा रखा है वह उसे बर्दाश्त नहीं है –

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे।

तोड़ने ही होंगे मठ और गढ़ सब। पहुँचना होगा दुर्गम पहाड़ों के उस पार तब कहीं देखने मिलेंगी बाँहें जिसमें कि प्रतिपल काँपता रहता अरुण कमल एक ले जाने उसको धँसना ही होगा झील के हिम–शीत सुनील जल में।[21]

इस कविता में रक्तालोक स्नात पुरुष और कोई नहीं बल्कि अभिव्यक्ति तथा आत्मोद्बोधन को जगाने का परिचायक है जो मध्यवर्गीय व्यक्ति की आत्मा में कहीं बैठी हुई है। यह कविता स्वप्न कथा के माध्यम से मध्यवर्ग के मूल्यों, भावों एवं विचारों को बिंबो एवं प्रतीकों के माध्यम से उद्घाटित करती है। इस कविता का उद्देश्य जनवादी समाजवादी मूल्यों की स्थापना के साथ फासिस्ट पूंजीवादी तथा अधिनायकवादी शक्तियों का विरोध कर समाजवाद की स्थापना करना है।यह कविता व्यक्ति को अपने भीतर झांकने और अंधेरे कोनों को उजागर कर उन्हें मिटाने की प्रेरणा देती है।

## *संदर्भ*


1. *मुक्तिबोध,चांद का मुंह टेढ़ा है,भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन नई दिल्ली 1985 , पृष्ठ 121*
2. *वही, पृष्ठ 36*
3. *वही, पृष्ठ –260*
4. *वही, पृष्ठ –41*
5. *रामस्वरूप चतुर्वेदी , हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास , लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, 2000, पृष्ठ – 204*

6. चांद का मुंह टेढ़ा है, पृष्ठ – 121
7. वही, पृष्ठ –256
8. रामविलास शर्मा, नयी कविता और अस्तित्ववाद, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली 2012, पृ. –147
9. नामवर सिंह, कविता के नए प्रतिमान, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली 2003, पृ. – 248
10. चांद का मुंह टेढ़ा है, पृष्ठ – 257
11. वही, पृष्ठ –257
12. वही, पृष्ठ –259
13. वही, पृष्ठ –259
19. वही, पृष्ठ –267
20. वही, पृष्ठ –258
21. वही, पृष्ठ –285
22. वही, पृष्ठ –277
23. वही, पृष्ठ –279
24. वही, पृष्ठ –270
25. वही, पृष्ठ –258
26. बच्चन सिंह, हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली 2006, पृष्ठ – 432
27. चांद का मुंह टेढ़ा है, पृष्ठ – 289


***Paper Received : 12 April, 2025*** ***Paper Accepted : 25 July, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 133-141

# ट्रावणकोर और कोचीन राज्य का भारत संघ में विलय

*डॉ० दिवाकर त्रिपाठी **
*विद्याधर मिश्र ***

**सारांश**

*भारत प्राचीनकाल से लेकर अब तक सांस्कृतिक रूप से एक सुदृढ़ राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठापित रहा है। वैदिक साहित्य से लेकर लौकिक साहित्य के महाकाव्यों तक सभी में हमें एक राष्ट्र की संकल्पना दिखाई पड़ती है। आधुनिक भारत में राष्ट्रवाद का उदय 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से दिखाई पड़ता है। किन्तु, इसी के साथ ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में 'फूट डालो और राज करो' की नीति भी खुलकर अपनायी गयी थी। 1947 में भारत को ब्रिटिश सत्ता से आजादी मिली। परन्तु यह आजादी देश के विभाजन के रूप में एक भीषण त्रासदी लेकर आयी थी। विभाजन के बाद भारत एवं देशी रियासतों को एक प्रशासन के अन्तर्गत लाना प्रायः राजनीतिक नेतृत्व के सामने सबसे महत्वपूर्ण कार्यभार था। सरदार वल्लभभाई पटेल बहुत कुशलता और दक्षतापूर्ण राजनयिकता के साथ प्रलोभन और दबाव का प्रयोग करते हुए सैकड़ों रजवाडों और रियासतों को दो चरणों में भारतीय संघ में विलय करने में सफल रहे। इनमें त्रावणकोर और कोचीन की रियासतें दक्षिण भारत की प्रमुख रियासतें थीं। जिनका विलय दूसरे चरण में सफलतापूर्वक कर लिया गया। यह कार्य 1949 में सम्पन्न हुआ। इस कार्य में सरदार पटेल के सचिव रहे वी.पी. मेनन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दोनों रियासतों के महाराजाओं के बीच राजप्रमुख के पद नए संघ की राजधानी तथा अन्य मुद्दों पर उभरे मतभेद को आसानी से सुलझा लिया गया।*

***मुख्य शब्द*** *– स्वतन्त्रता, रियासत, त्रावणकोर, कोचीन, महाराजा, मेनन, सरदार वल्लभभाई पटेल, देवस्वोम, केरल, त्रिवेन्द्रम, ब्रिटिश, नारायण पिल्लई, बलवर्मा, एर्नाकुलम, प्रिवी पर्स।*

## ट्रावणकोर और कोचीन राज्य का भारत संघ में विलय

15 अगस्त 1947 को भारत को ब्रिटिश सत्ता से आजादी तो मिली परन्तु यह आजादी, देश के विभाजन के रूप में, एक भीषण त्रासदी लेकर आयी थी। विभाजन के बाद भारतीय राजनीतिक नेतृत्व के सामने सबसे महत्वपूर्ण कार्य देशी रियासतों को एक प्रशासन के अन्तर्गत लाना था। ब्रिटिश शासन के

* *इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या*

** *असिस्टेण्ट प्रोफेसर, इतिहास, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर*

अन्तर्गत देश का लगभग 40 प्रतिशत भाग, छोटे और बड़े कुल मिलाकर 56 रियासतों से घिरा हुआ था जो ब्रिटिश सर्वोच्चता ;ठतपजपेी च्तंउवनदजबलद्ध को स्वीकार करते थे। इन देशी रियासतों को बाह्य आक्रमणों से सुरक्षा के साथ–साथ राज्य की प्रजा से बचाने की प्रतिभूति कुछ शर्तों के साथ ब्रिटिश सरकार से प्राप्त थी।

ट्रावणकोर और कोचीन के राज्य भारतीय प्रायद्वीप के सूदूर दक्षिणी भाग में स्थित हैं। प्राचीन काल में ट्रावणकोर के भूभाग पर चेर वंश के राजाओं ने शासन किया था। बाद में, चेर राज्य कई भागों में विभक्त हो गया और वहाँ अनेक छोटे–छोटे राज्य स्थापित हो गए। अठारहवीं शताब्दी में राजा मार्तण्ड वर्मा ने इन राज्यों को पुनः संगठित किया तथा सम्पूर्ण ट्रावणकोर में राजनीतिक एकता स्थापित कर राज्य को एक शासनसूत्र में बाँधा।

कोचीन का राज्य, अरब सागर के तट पर, ट्रावणकोर राज्य के उत्तर में स्थित है। पुर्तगालियों द्वारा प्रथम यूरोपीय कम्पनी, कोचीन में स्थापित की गई थी। सन् 1500 ई0 से लेकर सन् 1663 ई0 तक कोचीन के शासकों पर पुर्तगालियों का प्रभाव बना रहा। 1663 ई0 में वे डचों के प्रभाव में आ गए। मैसूर राज्य के शासक हैदर अली और उसके पुत्र टीपू सुल्तान ने कोचीन राज्य को जीतकर उसे अपने आधिपत्य में रखा। 1791 ई0 में दोनों राज्यों के बीच एक समझौता हो गया और कोचीन का राज्य अंग्रेजी संरक्षण में चला गया। 1805 ई0 से कोचीन राज्य पर ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी का प्रभाव पूरी तरह से कायम हो गया।

स्वतन्त्रता के पश्चात् राज्यों के एकीकरण की प्रक्रिया के सम्पादन के क्रम में, सरदार वल्लभभाई पटेल के रियासत मन्त्रालय में सचिव वी.पी. मेनन मार्च, 1949 में ट्रावणकोर गए। वे रियासत के प्रधानमन्त्री टी.के. नारायण पिल्लई तथा बाद में अन्य मन्त्रियों से मिले। यथासम्भव राज्यों का समूहीकरण, रियासत मन्त्रालय की नीति से सम्बन्धित था। मेनन ने दोनों राज्यों–ट्रावणकोर और कोचीन–के एकीकरण को सही और उचित कदम बताया। राज्य के प्रधानमन्त्री ने दक्षिणी भाग में बसे हुए तमिल भाषी लोगों की तरफ इशारा किया और कहा कि एकीकरण में यहाँ से समस्या का सामना कर पड़ सकता है। परन्तु मेनन विचार था कि इस समस्या को आसानी से सुलझाया जा सकता था।

दोनों राज्यों के एकीकरण के मुद्दे पर वार्ता करने के लिए कोचीन के प्रधानमन्त्री अपने मन्त्रिमण्डल के साथ मेनन से मिले। इसके बाद ट्रावणकोर और कोचीन के मन्त्रिमण्डलों की एक संयुक्त बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से दोनों राज्यों के मन्त्रिमण्डलों ने एकीकरण के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

इसी समय मेनन ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से भी बातचीत की। वे भी दोनों राज्यों के एकीकरण के पक्ष में थे। ट्रावणकोर तमिल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमण्डल भी मेनन से मिला। उसने कहा कि दोनों राज्यों के एकीकरण से तमिल–भाषी लोग अल्पसंख्यक हो जाएंगे और उन पर बहुसंख्यकों का क्रूर अत्याचार हो सकता है। इसलिए तमिल–भाषी क्षेत्र का मद्रास राज्य में विलय का प्रस्ताव रखा गया। मेनन ने इस विषय को गम्भीरता से नहीं लिया और भविष्य के लिए टाल दिया। आर्थिक और अन्य मुद्दों के आधार पर स्थानीय बार एसोसिएशन ने भी दोनों राज्यों के मद्रास प्रान्त के साथ विलय का प्रस्ताव रखा। मेनन ने उन्हें बताया कि यह रियासत मनत्रालय द्वारा कभी भी स्वीकार्य नहीं होगा। फिर भी, वे यह प्रस्ताव सरदार पटेल के पास रखने के लिए सहमत हो गए।

06 मार्च को वी.पी. मेनन और ट्रावणकोर के महाराजा बल वर्मा के बीच आखिरी बैठक हुई जिसमें मेनन ने कहा कि अधिकांश भारतीय रियासतों का नए भारत संघ में विलय हो चुका है। ट्रावणकोर और कोचीन का एकीकरण राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। 10 मार्च को मेनन ने कोचीन की राजधानी एर्नाकुलम में ''ऐक्य केरल समिति'' के सदस्यों से बातचीत की। 10 मार्च को ही मेनन ने दोनों राज्यों के प्रधानमन्त्रियों को पत्र लिखकर अपने राज्य के भविष्य के बारे में निश्चित सुझाव लिखित रूप में देने को कहा। 12 मार्च को दोनों राज्यों की ओर से लिखित सुझाव आ भी गए। दोनों राज्यों ने अपने–अपने विधानमण्डलों से परामर्श तथा कांग्रेस के सदस्यों से सलाह करने के बाद यह सुझाव दिया कि सबसे पहले दोनों राज्यों का एकीकरण कर दिया जाय। इसके बाद मेनन दिल्ली वापस आ गए।

दिल्ली वापस आकर मेनन ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सूचित किया कि दोनों राज्यों की प्रजा, दोनों राज्यों के एकीकरण की प्रबल पक्षधर है। ट्रावणकोर के तमिलभाषी लोगों के मामले में उन्होंने बताया कि वे पहले से ही वहाँ अल्पसंख्यक हैं। और यह कि, राज्यों के एकीकरण हो जाने से उनकी वर्तमान स्थिति में कोई विशेष व्यवधान नहीं आने वाला है। भाषा के अतिरिक्त, अन्य सभी मामलों में वे राज्य की शेष जनसंख्या के साथ अच्छी तरह से घुले–मिले हुए हैं। सरदार पटेल ने इस बात को स्वीकार किया।

दोनों राज्यों के एकीकरण की प्रक्रिया के अगले चरण में, 01 अप्रैल 1949 को दोनों राज्यों के मन्त्रियों तथा स्थानीय कांग्रेस संगठन के प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमण्डल दिल्ली में सरदार पटेल से भेंट की। कांग्रेस के नेताओं ने एक बार पुनः मलयालम भाषी प्रान्त के गठन की बात तो की, किन्तु इस पर

कोई दबाव नहीं डाला। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने भी सरदार पटेल से, दोनों राज्यों का एकीकरण कर, एक नए संघ के निर्माण हेतु अपनी इच्छा प्रकट की। 02 अप्रैल, 1949 को भारत सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रतिनिधिमण्डल के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

ट्रावणकोर के महाराजा ने दिल्ली आकर सरदार पटेल और वी.पी. मेनन से वार्ताएं की। वार्ता के दौरान महाराजा ने कुछ महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए। उनकी इच्छा थी कि उनके राज्य की महत्ता को देखते हुए उन्हें ही दोनों राज्यों के संघ का स्थायी अध्यक्ष बनाया जाय; उनकी उपाधि 'राजप्रमुख' के स्थान पर 'पेरुमल' (प्राचीन केरल संघ के राजाओं की उपाधि) रखी जाय; और अन्त में, स्वामी पद्मनाभ के राज्य का सेवक होने के नाते तथा उनके प्रति विशेष समर्पण होने के कारण उनके लिए सामान्यतः 'राजप्रमुख' के पद की शपथ लेना सम्भव नहीं होगा।

इसी समय दिल्ली में एक अफवाह तेजी से फैल रही थी कि यदि ट्रावणकोर राज्य का एकीकरण किया गया तो महाराजा सिंहासन त्याग देंगे। गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने मेनन से कहा कि यदि प्रस्तावित संघ, महाराजा के सत्ता से विमुख होने का कोई कारण बन रहा हो तो हमें इस विचार का त्याग कर देना चाहिए। हमारा उद्देश्य राज्यों से सुरक्षित एकीकरण के साथ नई व्यवस्था के स्थायी रहने और किसी भी कड़वाहट से दूर रहने का है। ट्रावणकोर और कोचीन की परिस्थितियों को देखते हुए, महाराजा की स्थिति संरक्षित की जानी चाहिए।

एकीकरण के प्रक्रिया के अगले चरण में, सरदार पटेल ने वार्ता के लिए मेनन को एक बार पुनः त्रिवेन्द्रम भेजा। मेनन 21 मई को त्रिवेन्द्रम पहुँचे और महाराजा द्वारा पूर्व में गिनाई गई बाधाओं पर कई दौर की वार्ताएं की। पहली बाधा थी—महाराजा का राजप्रमुख के रूप में शपथ लेने की असमर्थता। एक तरफ तो महाराजा ने स्वयं को श्री पद्मनाभ स्वामी के राज्य का सेवक बताया था, न कि राज्य का शासक। दूसरी तरफ, भारत सरकार को महाराजा से कुछ इस प्रकार का आश्वासन भी चाहिए था कि वे भारत के नए संविधान तथा नए संघ के प्रति वफादार हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मेनन ने महाराजा को एक सुझाव दिया कि वे उन्हें (मेनन को) संबोधित करते हुए एक पत्र पढ़ेंगे जिसके शब्द इस प्रकार होंगे—''ट्रावणकोर और कोचीन राज्य के राजप्रमुख का पदभार ग्रहण करते हुए मैं, भारत सरकार को यह दृढ़ विश्वास दिलाता हूँ कि मैं, भारत के संविधान और ट्रावणकोर तथा कोचीन के संयुक्त राज्य का बचाव, संरक्षण और सुरक्षा अपनी पूर्ण क्षमता के साथ करूँगा तथा मैं भारत की जनता

की सेवा के प्रति समर्पित रहूँगा।'' इस पत्र को नए संघ के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा महाराजा की उपस्थिति में पढ़ा जाना था। दूसरी समस्या थी–महाराजा का 'आजीवन राजप्रमुख' बने रहने का प्रस्ताव। इससे पूर्व ग्वालियर, पटियाला और जयपुर के महाराजाओं को 'आजीवन राजप्रमुख' मान लिया गया था, इसलिए ट्रावणकोर के महाराजा का वही प्रस्ताव अस्वीकार नहीं किया जा सकता था। जनसंख्या और राजस्व – दोनों विषयों में ट्रावणकोर की स्थिति, कोचीन से अधिक महत्वपूर्ण थी। लेकिन महाराजा का यह भी प्रस्ताव था कि एकीकृत ट्रावणकोर और कोचीन राज्य का कोई उपप्रमुख नहीं होगा, और यह कि, उनकी अस्थायी अनुपस्थिति में ट्रावणकोर और कोचीन राज्य संघ के प्रधान न्यायाधीश, राजप्रमुख की भूमिका निभाएंगे। यह प्रस्ताव कोचीन के महाराजा के लिए निश्चित रूप से उचित नहीं था। जैसा कि अन्य संघ राज्यों के विषय में लागू किया गया था, वे उपराजप्रमुख पद के हकदार थे। ऐसी स्थिति में, उनके युग, धार्मिक मान्यताओं और अन्य कारणों से नए संघ की होने वाली राजधानी त्रिवेन्द्रम में, किंचित् समय के लिए भी, ठहरना उनके लिए काफी असुविधाजनक होता। ट्रावणकोर के महाराजा ने यह शर्त रखी थी कि यदि उनकी नई प्रास्थिति से उन्हें किसी भी प्रकार का कष्ट हुआ तो वे अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे। मेनन इस प्रस्ताव पर सहमत हो गए थे और ट्रावणकोर के महाराजा को नए संघ राज्य का राजप्रमुख मान लिया गया। और यह भी कि वहाँ कोई उपराजप्रमुख का पद नहीं होगा। जहाँ तक महाराजा द्वारा 'राजप्रमुख' पद के स्थान पर 'पेरुमल' की उपाधि धारण करने का प्रस्ताव था, उसे पूरी तरह से नकार दिया गया क्योंकि इस तरह का कोई भी नया कार्य भविष्य में अनेक समस्याएं पैदा कर सकता है। सरकार की तरफ से यह स्पष्ट किया गया कि नए संविधान में प्रान्तों का मुखिया 'गवर्नर' कहा जाएगा तथा राज्य संघ का मुखिया 'राजप्रमुख'।

मेनन ने दोनों राज्यों के महाराजाओं के साथ अलग–अलग और एक साथ कई वार्ताएं कीं। अन्त में, कोचीन के महाराजा ने ट्रावणकोर के महाराजा को नए संघ राज्य का 'आजीवन राजप्रमुख' बनना स्वीकार कर लिया। कोचीन के महाराजा ने कोई विशेष माँग भी नहीं रखी, सिवाय इसके कि उन्हें कोचीन राज्य से प्रकाशित होने वाली वार्षिक पत्रिका 'पंजंगम' की भविष्य में आपूर्ति की जाती रहेगी।

ट्रावणकोर–कोचीन राज्य में एक अन्य समस्या देवस्वोम ;क्मअेंवउद्ध को लेकर थी। पद्मनाभ मन्दिर के पास बहुत सारी सम्पत्ति थी। यह सम्पत्ति जमीन के रूप में भी थी। इसका प्रबन्धन आठ वंशानुगत ट्रस्टियों तथा महाराजा

के द्वारा किया जाता था। इस ट्रस्ट को 'योगम' या 'सिनोड' कहा जाता था। 18वीं शताब्दी में योगम संस्था, मन्दिर प्रबन्धन से बाहर हो गई और मन्दिर का सम्पूर्ण प्रबन्धन महाराजा के हाथों में आ गया। इसके बाद मन्दिर और राज्य की सम्पत्तियाँ आपस में मिल गईं। फिर भी, राज्य ने मन्दिर के रखरखाव और धार्मिक उत्सवों के आयोजन में योगदान करने का कार्य जारी रखा।

ट्रावणकोर के महाराजा के 'प्रिवी पर्स' का निर्धारणः—ट्रावणकोर के महाराजा का कुल वार्षिक आहरण 27 लाख रुपए का था। सरदार पटेल के सचिव वी.पी. मेनन ने महाराजा को बताया कि वास्तव में उनका प्रिवी पर्स 15 लाख रुपए वार्षिक का ही था। शेष राशि वे विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के रूप में उपभोग कर रहे थे। एक लम्बी वार्ता के बाद महाराजा का प्रिवी पर्स 18 लाख रुपए वार्षिक निश्चित किया गया। मेनन ने महाराजा को सुझाव दिया कि नई नियमावली में उनके उत्तराधिकारियों के लिए 10 लाख रुपए वार्षिक का ही प्रिवी पर्स दिया जाएगा क्योंकि सरकार का निर्णय है कि किसी भी स्थिति में इससे अधिक की राशि अन्य किसी मामले में स्वीकृत नहीं की जा सकती है। महाराजा के आग्रह पर यह निश्चित किया गया कि उनके उत्तराधिकारियों के लिए प्रिवी पर्स की धनराशि भारत सरकार द्वारा बाद में निर्धारित कर दी जायेगी। ट्रावणकोर के महाराजा के भत्ते, मन्त्रियों की सहमति के बाद, तीन लाख रुपए वार्षिक तथा कार्यालय व्यय के लिए 66 हजार रुपए वार्षिक अलग से निश्चित कर दिए गए।

वार्ता के दौरान ट्रावणकोर के प्रधानमन्त्री ने बताया कि महाराजा के द्वारा लगभग 60 हजार एकड़ की कान्दूकृषि की जमीन, जिससे लगभग 5 लाख रुपए का वार्षिक भूराजस्व प्राप्त होता है, को पुनः अधिकृत कर लिए जाने से जनता में गहरा असन्तोष है। इस बात पर सहमति बनी कि महाराजा और उनका मन्त्रिमण्डल स्वेच्छया इस भूभाग को नए संयुक्त राज्य को अभ्यर्पित कर देगा। महाराजा ने इससे सम्बन्धित घोषणापत्र पर, प्रतिज्ञा—पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही, अपने हस्ताक्षर भी किए।

दोनों राज्यों के प्रधानमन्त्रियों से तीन अन्य प्रमुख बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। पहला, राजप्रमुख, भारत सरकार अधिनियम 1935 के प्रावधानों के अनुसार केन्द्रीय और समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार, केन्द्रीय विधान सभा को देने से सम्बन्धित अधिकार को विलयपत्र में शामिल करेंगे। करों से सम्बन्धित मामले पर राजप्रमुख एक नए प्रतिज्ञा—पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ट्रावणकोर में खाद्यान्न की समस्या है, केन्द्रीय सरकार राज्य को सहायता प्रदान करती रहेगी। दूसरा,

नवगठित राज्यों के संघों के राजनेताओं में अनुभव की कमी, प्रशिक्षित कर्मचारियों अभाव और एकीकरण के परिणामस्वरूप उत्पन्न अव्यवस्था के उदाहरणों को देखते हुए राजप्रमुख को, आपातकाल में न्यायपालिका छोड़कर, प्रशासन के वे सभी अधिकार दे दिए जाएंगे जो भारत सरकार के नियन्त्रण में हैं। इस आशय का प्रावधान भी प्रतिज्ञा–पत्र में शामिल किया गया। तीसरा, जब तक भारत के संविधान का निर्माण पूरा नहीं कर लिया जाता और संविधान सभा द्वारा वह अंगीकार नहीं कर लिया जाता, तब तक राजप्रमुख और मन्त्रिमण्डल दोनों, भारत सरकार द्वारा नियन्त्रित, अधीक्षक की भूमिका में रहेंगे। पहले तो प्रधानमन्त्रियों ने इन प्रावधानों को स्वीकार करने में अनिच्छा जताई परन्तु बाद में वे इसे स्वीकार करने को तैयार हो गए। मेनन ने उन्हें बताया कि ये मामले केवल ट्रावणकोर और कोचीन के राज्यों से ही सम्बन्धित नहीं थे बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के अन्य संघों पर भी लागू होंगे।

दोनों राज्यों के प्रधानमन्त्रियों से आगे की वार्ताओं के बाद प्रतिज्ञा पत्र तैयार कर उसे अन्तिम रूप किया गया। इस प्रतिज्ञा–पत्र के द्वारा ट्रावणकोर और कोचीन के संघ ने, भारत सरकार अधिनियम–1935 में उल्लिखित संघीय सूची और समवर्ती सूची के विषयों पर, भारत सरकार का अधिकार स्वीकार कर लिया। राजप्रमुख को करों के निर्धारण के विषय में अधिकार देने की सहमति भी ले ली गई। राजप्रमुख और राज्य की मन्त्रिमण्डल, भारत सरकार के नियन्त्रण में रहेगी। राज्य की सरकार भंग होने की स्थिति में प्रशासन की समस्त शक्तियाँ भारत सरकार को प्राप्त हो जाएंगी।

कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने नए संघ का नाम 'केरल संघ' रखने का सुझाव दिया था। इसे इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया था कि इससे भाषायी समस्या उठ खड़ी होगी और नए संघ के तमिलभाषी लोगों तथा ट्रावणकोर के महाराजा की इस पर आपत्ति हो सकती है। नए संघ का नाम 'ट्रावणकोर और कोचीन संयुक्त राज्य' रखा गया।

27 मई, 1949 को ट्रावणकोर के महाराजा ने अन्तिम रूप से तैयार किए गए प्रतिज्ञा–पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। मन्त्रिमण्डल की ओर से राज्य के प्रधानमन्त्री ने महाराजा को हरसम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि महाराजा और उनके परिवार की गरिमा बनाए रखने के लिए वे सब कुछ करने को तैयार हैं। इसके प्रतिउत्तर में महाराजा ने अपने मन्त्रियों को अपना हार्दिक सहयोग प्रदान करने को कहा।

कोचीन के महाराजा के प्रिवी पर्स का निर्धारण और शाही राजपरिवारः–1949 में कोचीन के महाराजा रु0 174000.00 (रुपए एक लाख

चौहत्तर हजार मात्र) के अलावा अन्य सुविधाएं जैसे—राजमहल की मरम्मत, कारों की आपूर्ति तथा रखरखाव आदि प्राप्त कर रहे थे। सभी पक्षों और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए महाराजा का प्रिवी पर्स रु0 235000.00 (रुपए दो लाख पैंतीस हजार मात्र) वार्षिक तय कर दिया गया जो कोचीन राज्य के समस्त राजस्व का 0.56 प्रतिशत था।

कोचीन के शाही राजपरिवार में उस समय 223 राजकुमार (Princes) और 231 राजकुमारियाँ (Princesses) थीं जिन्हें राज्य की तरफ से भत्ता मिलता था। उनके विवाह, अन्य उत्सव या समारोह तथा शिक्षा के लिए अलग से धन दिया जाता था। सभी राजकुमारियों के लिए आवास उपलब्ध कराया गया था और अधिकांश के पतिगण उनकी सहायता करने के बजाय राज्य पर ही आश्रित रहते थे। भारत सरकार ने इनकी स्थिति को देखते हुए राजपरिवार के साथ तत्समय रह रहे राजकुमारों और राजकुमारियों के इन सभी के भत्तों को जारी रखने का निर्णय लिया। साथ ही, यह स्पष्ट कर दिया गया कि भविष्य में राजपरिवार में किसी भी नए सदस्य के जुड़ने पर उनके प्रति भारत सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। राजकुमारों और राजकुमारियों से वार्ता के दौरान एक दिलचस्प तथ्य यह भी सामने आया था कि राज्य में एक पक्षीशाल ;।अपंतलद्ध है जिसमें दुर्लभ प्रजाति के अनेक पक्षी पाले गए हैं। नई लोकप्रिय सरकार बनने के बाद अहिंसा के नियमों के पालन किए जाने की आड़ में अगर इन पक्षियों को मुक्त कर दिया जाएगा तो ये दूसरे शिकारी पक्षियों और अन्य जीवों के शिकार बन जाएंगे। इस प्रकार ये बेचारे पक्षी बेमौत मारे जाएंगे।

कोचीन के महाराजा ने 29 मई, 1949 को प्रतिज्ञा—पत्र पर हस्ताक्षर दिए। हस्ताक्षर करने से पूर्व उन्होंने ईश्वर को याद किया और एक प्रार्थना भी की थी। मेनन ने महाराजा को आश्वस्त किया कि भारत सरकार उनकी गरिमा और विशेषाधिकारों को पूरी तरह से बनाए रखेगी। इसके बाद महाराजा ने प्रधानमन्त्री और मन्त्रिमण्डल के सदस्यों को बुलाकर कहा कि भविष्य में राजपरिवार और कोचीन की जनता के हितों की रक्षा और देखभाल करना आपका दायित्व होगा। प्रधानमन्त्री ने महाराजा को आश्वस्त किया कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ उनकी इच्छाओं का सम्मान करेंगे।

**राज्य की राजधानी —** ट्रावणकोर और कोचीन के नए संयुक्त राज्य की राजधानी के प्रश्न पर विचार करने के लिए अबिलम्ब ध्यानाकर्षण किया गया। एक विकल्प कोचीन की राजधानी एर्नाकुलम थी। परन्तु वहाँ सुविधाओं का अभाव था। अतः यह नगर राजधानी के रूप में उचित नहीं हो सकता था। दूसरा विकल्प ट्रावणकोर की राजधानी त्रिवेन्द्रम का था जहाँ सभी सुविधाएं

उपलब्ध थीं। परन्तु, यह नगर राज्य के सुदूर दक्षिणी भाग में स्थित था। इससे कोचीन के निवासियों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता। तीसरा विकल्प नए संघ राज्य के मध्य में किसी नए स्थान को राजधानी के रूप में विकसित करने का हो सकता था। परन्तु, राज्य के राजस्व की कमी को देखते हुए यह सम्भव नहीं था। अन्ततः एक बीच का मार्ग निकाला गया। ट्रावणकोर और कोचीन के संयुक्त राज्य की राजधानी 'त्रिवेन्द्रम' में होगी तथा राज्य का उच्च न्यायालय तथा लॉ कॉलेज, एर्नाकुलम में स्थित होंगे। यह निर्णय दोनों राज्यों के मन्त्रिमण्डलों की सहमति से लिया गया था।

ट्रावणकोर–कोचीन संघ के उद्घाटन के लिए न तो पं. जवाहरलाल नेहरू और न ही सरदार वल्लभभाई पटेल समय निकाल सके। इसलिए सरदार पटेल ने रियासत मन्त्रालय के सचिव, वी.पी. मेनन को यह कार्य सौंपा। संघ का उद्घाटन 01 जुलाई, 1949 को किया गया। संघ का क्षेत्रफल 9155 वर्ग मील, जनसंख्या 75 लाख तथा राजस्व लगभग 13.5 करोड़ रुपये था। मेनन ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि नए संघ राज्य के निर्माण से रियासत मन्त्रालय के कार्य का प्रथम चरण पूरा हुआ। अब दूसरे चरण का आरम्भ होगा। हमें उन सभी कार्यों को समेटना है जो पहले किए जा चुके हैं। अब दोनों राज्यों का एकीकरण हो गया है। जनता को अपने पुराने आग्रहों, दुराग्रहों और पूर्वाग्रहों को भूल जाना चाहिए। रियासत मन्त्रालय द्वारा निर्धारित किए गए राज्यों के एकीकरण की तालिका में यह अन्तिम संघ था जिसका निर्माण सफलतापूर्वक कर दिया गया था।

## *संदर्भ*

1. *चन्द्र, बिपिन एवं अन्य : आजादी के बाद का भारत, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007, द्वितीय संस्करण, फरवरी, 2002 पृष्ठ सं. 94।*
2. *Menon, V.P. : Integration of the Indian States, Orient BlackSwan Private Limited, Himayatnagar, Hyderabad – 500029, Telangana, India, First Published 2014, Reprinted 2023, Page No. 250.*
3. *Menon, V.P. : Ibid, Page No. 253.*
4. *Menon, V.P. : Ibid, Page No. 254.*
5. *ट्रावणकोर–कोचीन राज्य में मन्दिरों से सम्बद्ध सम्पति को 'देवस्वोम' (Devaswom) कहा जाता था।*
6. *Menon, V.P. : Ibid, Page No. 260.*
7. *Menon, V.P. : Ibid, Page No. 262.*

***Paper Received : 18 March, 2025*** ***Paper Accepted : 25 Aug., 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 142-152

# जीवन की चुनौतियों के बीच डॉ० रघुवंश का समीक्षा–कर्म

*डॉ० अभिषेक कुमार मिश्र **

## *सारांश*

*डॉ० रघुवंश हिन्दी आलोचना के उन आलोचकों में हैं,जिन्होंने अपने आलोचनात्मक चिंतन से हिन्दी की नई आलोचना को गति दिया। यद्यपि विधाता ने उन्हें जन्म से ही दोनों हाथों से अपंग बनाया था किन्तु वे विराट इच्छा शक्ति के धनी साहित्यकार थे। उन्होंने पैरों से लेखन का कार्य आरंभ किया तथा विचार और लेखन की दुनिया में महारत हासिल किया। यह वास्तव में विचारणीय है कि एक लेखक, जो जन्मजात अपंग है, उसका लेखन इतना विराट कैसे हो सकता है ? उन्होंने अपनी लेखनी से साहित्य की विभिन्न विधाओं को सम्पन्न किया। उनका आलोचनात्मक प्रशस्त कर्म अत्यंत श्लाघ्य है। उनका साहित्यिक चिंतन आलोचना की दुनिया में गंभीर हस्तक्षेप करता है। उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य दोनों ही साहित्यों का अध्ययन–मनन किया तथा उस पर अपना मौलिक और नूतन विचार भी प्रस्तुत किया। डॉ० रघुवंश की विचारशीलता, विश्लेषणप्रवणता तथा सूक्ष्म भेदक आलोचना–दृष्टि एक नूतन सिरे से विचार की मांग करता है। यह शोध–पत्र उसी दिशा में एक लघु प्रयास है।*

***मूल शब्द*** *– आलोचना, आलोचक, रचना, रचनाकार, लेखन, विचारशीलता, विश्लेषणप्रवणता, सूक्ष्म भेदक आलोचना–दृष्टि, सर्जनात्मकता, मूल्य–प्रक्रिया, संस्कृति, साहित्य, सामयिक, सौन्दर्य–बोध, व्यापक, गहन, आंतरिक, विवेक आदि।*

## प्रस्तावना

डॉ० रघुवंश दुर्द्धर्ष जिजीविषा के साहित्यकार थे। उनके दोनों हाथ जन्म से अपंग थे। सामान्य आदमी अपंगता को जीवन का अभिशाप मानकर हार मान लेता है किन्तु डॉ० रघुवंश सहाय वर्मा उन लोगों में नहीं थे। उन्होंने अपंगता को जीवन की कमजोरी नहीं बनने दिया। वे अपने पैरों से लिखने लगे। जीवन की प्रतिकूलताओं में भी वे आगे को बढ़ते रहे। पैर से लेखन कार्य करने में ही उन्होंने महारत हासिल कर लिया। जितनी तेजी से वे अपने पैरों से लिख लेते थे उतनीं तेजी से लोग हाथ से भी नहीं लिख पाते थे। उनका

* *सहायक आचार्य, हिन्दी, राजकीय डिग्री कॉलेज, कुशीनगर, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर*

हाथ अपंग था, किन्तु मन में महान संकल्प था,जिससे उन्होंने सिद्ध कर दिया कि कोई व्यक्ति यदि मन में कुछ करना ठान तो कुछ भी कर सकता है। वे गंभीर अध्यवसाय तथा रचनाशीलता के उदाहरण हैं। जीवन की शुरुआत से ही दोनों हाथों से अपंग होने के बावजूद भी उन्होंने अपने रचना कर्म को कभी अवरुद्ध नहीं होने दिया। उनकी साहित्य साधना उत्कट जिजीविषा का उत्कृष्ट प्रमाण है। उनका समूचा जीवन पठन–पाठन और लेखन के लिए समर्पित रहा है। उनकी आलोचना–दृष्टि में अध्ययन की विशदता तथा विश्लेषणप्रवणता को महसूस किया जा सकता है। उनके भीतर सूक्ष्म–विश्लेषण क्षमता के साथ ही गंभीर भेदक–दृष्टि है,जो रचना के तह तक प्रवेश करती है। उनके संदर्भ में प्रतिष्ठित आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का यह कथन उद्धरणीय है–" डॉ० रघुवंश हिन्दी के विचारशील तरुण लेखक हैं। यद्यपि विधाता ने इनके हाथ की बनावट पूरी करने में बहुत कृपणता का परिचय दिया है– इनके हाथ इतने दुर्बल और निःशक्त हैं कि वे उनसे लिख भी नहीं सकते, पैरों की सहायता से हाथों को हिलाकर लेखनी चलातें हैं –परंतु फिर भी तीक्ष्ण बुद्धि और उदार मन देकर उन्होंने अपनी कृपणता का कलंक मिटा दिया है। इन्होंने संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी साहित्य का खूब मनन किया है। किसी भी साहित्यिक प्रभाव का वे बड़ी बारीकी से विश्लेषण करते हैं, उसके तह में जाते हैं और उसका वास्तविक रूप समझने का प्रयत्न करते हैं।.... किसी वस्तु के यथार्थ तक पहुँचने के लिए वे उसका सूक्ष्म विश्लेषण करते है। वस्तुतः वह भेदक दृष्टि वाले आलोचक हैं। उनका अध्ययन विशाल है और दृष्टि विश्लेषणप्रवण।.... श्री रघुवंश जी अथक परिश्रम करने वाले लोगों में हैं। वे लिखने–पढ़ने में लगे रहते हैं।"[1] डॉ० रघुवंश समाजवादी विचारधारा के पोषक साहित्यकार थे। उन्होंने अपनी लेखनी से साहित्य की विविध विधाओं में श्रेष्ठ कृतियों की सर्जना की है। कहानी, उपन्यास, जीवनी, यात्रा–संस्मरण तथा आलोचना सभी क्षेत्रों में उनकी रचनात्मक श्रेष्ठता को देखा जा सकता है।

डॉ० रघुवंश सहाय वर्मा एक स्वतंत्र स्वच्छन्दतावादी आलोचक थे। संस्कृति और मानव–मूल्यों को आधार बनाकर आलोचना कर्म करने वाले डॉ रघुवंश हिन्दी में 'नई आलोचना' के उन्नायकों में एक रहे हैं। वे साहित्य में सर्जनात्मकता तथा मूल्य–प्रक्रिया को विशेष महत्त्व देते हैं। उनका मानना है कि – "साहित्य की सारी अभिव्यक्ति सर्जनात्मक होती है,अतः उसका अनुभव संस्कृति की.... मूल्य–प्रक्रिया से सम्बद्ध है।"[2] संस्कृति की मूल्य प्रक्रिया पर वे

बहुत ही विस्तार से विचार भी करते हैं तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि– ”संस्कृति की सारी चर्चा में यह व्यंजित हुआ है कि मनुष्य सर्जनात्मक मूलयोपलब्धि के क्षेत्र में उच्चतर लक्ष्य की ओर उन्मुख रहा है। और इस यात्रा में वह जितना आगे बढ़ा है उसका चरम लक्ष्य अधिक व्यापक, गहन, आंतरिक, सूक्ष्म होता गया है।”[3] डॉ० रघुवंश की इस टिप्पणी से स्पष्ट होता है कि वे सर्जनशीलता तथा संस्कृति की मूल्य–प्रक्रिया के द्वारा साहित्य में उच्च आध्यात्मिक मूल्यों की प्रतिष्ठा के पक्षधर आलोचक हैं। एक आलोचक के रूप में डॉ० रघुवंश के समीक्षात्मक निबंधों का प्रतिनिधि ग्रंथ 'साहित्य का नया परिप्रेक्ष्य' है। उनकी यह कृति 1963 में प्रकाशित हुई। डॉ० रघुवंश सामयिक से ज्यादा चिरंतन अर्थात शाश्वत में विश्वास करते थे। इस चिरंतन को ही वे साहित्य के सौन्दर्य–बोध के रूप में रेखांकित करते हैं। उनका विचार है कि– ”पर साहित्य,विशेषतया उच्च साहित्य, जीवन को जिस समग्रता में ग्रहण करता है, अथवा पूर्णता में अभिव्यक्त करता है उसकी अपने–आप में देश–काल से निरपेक्ष स्थिति हो जाती है। युगीन जीवन की सीमाएं उसमें प्रत्यक्ष न हों ऐसी बात नहीं,पर वह जीवन के संतुलन का जो आधार ग्रहण करता है वह युग–युग के मानव में एक प्रकार से समान होता है और इसी संतुलन की पूर्णता को व्यापक अर्थों में सौन्दर्य–बोध भी कह सकते हैं, और यही नया सौन्दर्य–बोध समीक्षा का स्थायी किन्तु निरंतर विकासशील मानदंड बन सकता है,क्योंकि इसी में प्रयोजन और प्रेषणीयता का सूक्ष्म समन्वय सम्पन्न हो सकता है।”[4] डॉ० रघुवंश ने 'जनवादी साहित्य' से गंभीर असहमति प्रकट की है। वे जनवादी साहित्य को वर्ग–संघर्ष पर आधारित साहित्य बताते हैं और कहते हैं कि हिन्दी की पूर्व परंपरा जनवादी साहित्य नहीं है। इसी आधार पर उन्होंने मार्क्सवादी सौन्दर्य दृष्टि के संबंध में आपत्ति प्रकट की है। उनका विचार है कि – ”कठिनाई यह नहीं है कि मार्क्सवादी दृष्टि ने साहित्य की यथार्थवादी सामाजिक व्याख्या की है वरन यह कि वह अपनी पद्धति में ऐसा मान स्थापित करता है जिसके अनुसार 'साहित्यिक का श्रमिक जनता के जीवन के अनुसार सज्जित होना' अनिवार्य शर्त हो जाती है। फलतः साहित्य का समाजवादी निर्माण और सामाजिक दीक्षा का सेवक बनना भी निश्चित है।”[5] डॉ० रघुवंश की दृष्टि में जब कोई रचनाकार किसी विषय पर कोई रचना कर्म करता है तब उस रचना कर्म से पूर्व वह उस विषय की जो तैयारी करता है वही 'सामाजिक दीक्षा का सेवक' में परिवर्तित होना कहलाता है। डॉ० रघुवंश ने कभी किसी विचारधारा

विशेष के साथ जुड़कर आलोचना कर्म करने की बात नहीं स्वीकार की। वे विचारधारा विशेष से सम्बद्ध रहकर साहित्य मूल्यांकन को 'उपनिवेशवादी मानसिकता' का परिचायक मानते हैं। यही कारण है कि उन्होंने पूँजीवादी और समाजवादी दोनों ही व्यवस्थाओं के प्रति असंतोष प्रकट किया है। उन्होंने इन दोनों ही विचारधाराओं के राष्ट्रों को 'साम्राज्यवादी' तथा 'अराष्ट्रवादी' कहा है। उनका विचार है कि– ''यूरोप के पूँजीवादी प्रजातांत्रिक राष्ट्र तथा साम्यवादी राष्ट्र दोनों की सैद्धान्तिक प्रतिद्वन्द्विताओं के मूल में राष्ट्रीय शक्ति और प्रभाव की भावना अधिक प्रेरक रही है और दोनों ने भिन्न ऐतिहासिक क्रमों तथा भौगालिक क्षेत्रों में अपनी साम्राज्यवादी राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक प्रभावों के रूप में भी नीतियों से इस उद्देश्य की सिद्धि की है।''[6] इन दोनों ही व्यवस्थाओं के अस्वीकार के कारण उन्होंने 'प्रजातांत्रिक समाजवाद' की कामना की है। 'प्रजातांत्रिक समाजवाद' अंतर्राष्ट्रीय समाजवादियों के द्वारा स्वीकृत नैतिक आदर्श है। इसे मार्क्स और लेनिन के विचारों के विरूद्ध नैतिक आदर्श के रूप में अपनाया गया। इसमें मार्क्स की मूल स्थापनाओं, वर्ग–संघर्ष, सामाजिक क्रांति तथा सर्वहारा के अधिनायकवाद को अस्वीकार किया गया है और गाँधीवादी मूल्यों में एक प्रकार से आस्था प्रकट की गयी है। स्वयं 'डॉ०. रघुवंश' का विचार है कि– ''मूलतः मेरे चिंतन का आधार गाँधी–विचार रहा है, अतः मेरी सत्य, न्याय और अहिंसा पर पूरी आस्था रही है।''[7] यह समन्वयवादी दृष्टि है, जिसमें दो विरोधी दृष्टिकोणों का समन्वय है।

डॉ० रघुवंश ने व्यक्ति की वैयक्तिकता को उतनी ही स्वतंत्रता दी है, जिससे कि सामाजिक हित को कोई खतरा न हो। इस कारण उन्होंने व्यक्ति के व्यक्तिगत दायित्व का भी सवाल उठाया है। वे दायित्व और स्वातंत्र्य को एक ही प्रक्रिया की दो स्थितियाँ मानते हैं, जो परस्पर अविच्छिन्न हैं। स्वयं उन्हीं के शब्दों में– ''इस प्रकार दायित्व और स्वातंत्र्य एक ही प्रक्रिया की (या मूल्यों की) दो स्थितियाँ मात्र हैं और उनके साथ वैयक्तिक लगाना उतना ही निरर्थक है,जितना सामाजिक। वे एक–दूसरे से अविच्छिन्न मूल्य हैं।''[8] इसी नूतन प्रतिमान पर वे आधुनिकता को कसते हैं। उन्होंने देश में बौद्धिकों के दो वर्ग माने हैं। प्रथम वर्ग जो पश्चिमी आदर्श को ही अपनाकर आधुनिक बनता रहा है। इस वर्ग के प्रतिनिधि पं० नेहरू हैं। दूसरा वर्ग भारतीयता में ही आधुनिकता को देखता है। इस वर्ग के प्रतिनिधि महात्मा गाँधी हैं। डॉ० रघुवंश ने महात्मा गाँधी के आधुनिकता के आदर्श को स्वीकार कर आगे बढ़ने की बात

की है। उनका विचार है कि ''गाँधी का समस्त मानवतावाद, विश्वबंधुत्व, सत्याग्रह, अहिंसावाद और सर्वोदय न केवल देश की परम्पराओं से गृहीत और विकसित हुआ है, वरन् इनकी सारी परिकल्पना में देश के यथार्थ की गहरी पकड़ रही है। इस प्रकर गाँधी के व्यक्तित्व और चिंतन में वे सारी संभावनाएँ निहित रही हैं, जिनके आधार पर भारत की बौद्धिक परिस्थिति आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को गतिशील करने में सक्षम हो सकती थी।''[9] आधुनिकता की व्याख्या डॉ० रघुवंश ने अपने ढंग से की है। उनकी दृष्टि में कुछ विदेशी वस्तुओं, पद्धतियों और मूल्यों को उधार लेकर हम कभी आधुनिक नहीं बन सकते। जब तक हमारे भीतर मौलिकता, गतिशीलता तथा सर्जनशीलता नहीं होगी तब तक केवल बाह्य को अपनाकर हम आधुनिक नहीं हो सकते। इस संदर्भ में उनका विचार है– "हमारे लिए आधुनिकता का मतलब यह नहीं है कि हम कुछ वस्तुएँ चाहते हैं, कुछ पद्धतियाँ चाहते हैं या किन्हीं मूल्यों को उधार लेने के आकांक्षी हैं। हमारे लिए आधुनिक होने का मतलब है कि हम गतिशील, मौलिक और सर्जनशील हों।''[10] अतः स्पष्ट है कि आधुनिकता किसी मूल्य या विचारधारा में बंधना नहीं है, वरन् निरन्तर गतिशील रहकर मौलिक बने रहना है। इसी में सृजनशीलता है। किसी विचारधारा या मूल्य के प्रति सम्बद्धता आधुनिकता नहीं है। वस्तुतः आधुनिकता की प्रतिबद्धता किसी मूल्य दृष्टि की प्रतिबद्धता न होकर निरन्तर सृजन कर्म में प्रवृत्त रहने और मूल्यों की खोज में लगे रहने की है।

डॉ० रघुवंश ने 'आधुनिकता' के दो लक्षण बताये हैं– प्रथम–बौद्धिकता और दूसरा निज व्यक्तित्व की खोज। उनकी दृष्टि में आज मनुष्य भावों की अपेक्षा बुद्धि से ज्यादा संचालित हो रहा है। यथार्थ को भी बौद्धिक दृष्टि से ही पहचानने की कोशिश हो रही है। इसलिए हमारा अनुभव और अधिक जटिल होता जा रहा है। एक तरह से हम अनुभव के ऐसे क्षेत्र में प्रवेश करते जा रहे है, जहाँ एकमात्र बौद्धिक चेष्टा से ही यथार्थ परिस्थिति का सही बोध ग्रहण किया जा सकता है। हम 'यथार्थ को एक साथ कई पक्षों और आयामों से जोड़कर देखने में समर्थ हो सकते हैं तथा अनुभव को विस्तार के साथ अधिक जटिल रूप में ग्रहण कर सकते हैं। इसी कारण उन्होंने मार्क्सवाद के वैज्ञानिक मूल्यों का भी विरोध किया है, क्योंकि वे स्थिर और जड़ हैं, उनमें गतिशीलता या सर्जना नहीं। डॉ० रघुवंश का विचार है कि निज व्यक्तित्व की खोज व्यक्ति के व्यक्तित्व को व्यापक रचनात्मक स्तर पर जोड़ेगी तथा व्यक्ति और समाज

के बीच एक नूतन रिश्ता विकसित होगा। यह रिश्ता समाज से आबद्ध नहीं, वरन् संपृक्त होगा। चूँकि डॉ० रघुवंश की दृष्टि में सामाजिक हित ही सर्वोपरि है। इसलिए वे व्यक्ति की स्वतन्त्रता को इस रूप में प्रस्तुत करते हैं कि व्यक्ति स्वतंत्र होने के साथ सामाजिक दायित्व से भी युक्त हो। इसी को वे निज व्यक्तित्व कहते हैं, जो समाज से आबद्ध न होकर संपृक्त और सशक्त है। डॉ० रघुवंश एक भाववादी साहित्य–चिंतक हैं। उन्होंने किसी भी रचनात्मक तथा वैचारिक समस्या का एक भाववादी हल प्रस्तुत किया है। आदर्श साहित्यकार वे उसे ही मानते हैं, जो बुद्धि से नहीं, वरन् अंतः विवेक से चालित होता है। इसके लिए उन्होंने आदिकवि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, होमर, मिल्टन आदि कवियों के उदाहरण देकर यह बताया है कि वे इसलिए आदर्श हैं कि उन्होंने समाज को आंतरिक विवेक से देखा है और चित्रित किया है न कि बुद्धि से।

डॉ० रघुवंश ने साहित्य के मूल्यांकन में रचना की 'सृजन–प्रक्रिया' के साथ उसके 'सामाजिक दायित्व' को भी स्वीकार किया है। इसके लिए उन्होंने 'संरचनावादी आलोचना' का समर्थन किया है। उनका विचार है कि– ''इधर आधुनिक आलोचना के क्षेत्र में यूरोप के समान हिन्दी में भी साहित्येतर मूल्यों के आधार पर साहित्य पर विचार करने की पद्धतियों के प्रति विरोध देखा गया है.....। पहले इन आलोचकों की दृष्टि कृति की सर्जन–प्रक्रिया पर केन्द्रित थी, पर क्रमशः अब उनके सामने कृति का रचनात्मक संघटन प्रधान होता जा रहा है।......... उनके सामने कृति है और उसके रचनात्मक संघटन के विश्लेषण द्वारा वे उसमें निहित सर्जन या सौन्दर्य या आनन्दतत्त्व की व्याख्या करना चाहते हैं।''[11] अतः स्पष्ट है कि डॉ० रघुवंश ने 'संरचनावादी आलोचना' को महत्त्व देकर समाज या साहित्य की सृजन सामग्री को भी महत्त्व दिया है, क्योंकि 'संरचनावादी समीक्षा' में समाज या साहित्य की सृजन–सामग्री को गौण रूप में ही महत्त्व प्राप्त है। इस विषय में उनका विचार है कि– ''वातावरण, परिस्थिति, युग–जीवन, सांस्कृतिक मूल्य, रचना–प्रक्रिया, कवि की मनःस्थिति आदि वहीं तक महत्त्व रखते हैं, जहाँ तक वे कृति के संरचनात्मक संघटन के अंग या तत्त्व बन सके हैं।''[12] यहाँ भी रघुवंश ने कृति की संरचना पर ही विशेष बल दिया है, जिसके भीतर समस्त रचना–प्रक्रिया आ जाती है। डॉ० रघुवंश ने 'सांस्कृतिक नव्यालोचन' की भी बात की है। इस दृष्टि के उद्भव और विकास के कारणों के विषय में उनका विचार है कि रचना को व्यापक

मानवीय मूल्यों से जोड़ने की प्रवृत्ति ही इस 'नव्यालोचन' के विकास का कारण है। 'नव्यालोचना' में न तो कृति की संरचना पर विशेष बल दिया जाता है और न ही कृति के आंतरिक मूल्यों पर। वे कहते हैं कि– ''सांस्कृतिक नव्यालोचना' में न कृति की संरचना पर इतना बल है कि अनुभव वैशिष्ट्य के सारे मूल्य संदर्भों को छोड़कर केवल शिल्प–विधान के विभिन्न तत्त्वों के विश्लेषण–विवेचन को ही सब कुछ मान लिया जाये ओर न ही किन्हीं मूल्यों के प्रति किसी प्रकार की प्रतिबद्धता है, जिनके माध्यम से रचनात्मक अनुभव के समस्त वैशिष्ट्य की व्याख्या की जा सके।''[13] अतः स्पष्ट है कि डॉ० रघुवंश ने कृति की अंतः तथा बाह्य संरचना को समान महत्त्व देकर अपनी संतुलित दृष्टि का ही परिचय दिया है। डॉ० रघुवंश मुख्यतः छायावादोत्तर हिन्दी काव्य के आलोचक हैं। उन्होंने प्रगतिवादी स्थापनाओं के विरूद्ध प्रयोगवादी तथा नयी कविता की स्थापना का समर्थन किया है। उनका विचार है कि ''प्रयोगशील............. काव्य पिछले काव्य से यथार्थ के प्रति बदली हुई दृष्टि से प्रारम्भ होता है। अभी तक यथार्थ किसी लक्ष्य की ओर उन्मुख था, उसे उद्देश्यगत अर्थात् सत्य रूप में देखने की पद्धति रही थी।........ परन्तु युग जीवन के गहरे संसर्ग (कंसर्न) ने कवि को प्रेरित किया वह उद्देश्य के विभ्रम से अलग यथार्थ को ग्रहण करने का प्रयत्न करे।''[14] नयी कविता को डॉ० रघुवंश ने प्रयोगवाद का ही विकसित रूप माना है। नयी कविता में प्रयोगवाद की प्रवृत्तियाँ ही और विकसित रूप में सामने आती हैं। इसी कारण दोनों अत्यन्त घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध हैं। स्वयं उन्हीं के शब्दों में ''नयी कविता अपनी अभिव्यक्ति, प्रेषणीयता तथा उपलब्धि की दृष्टि से प्रयोगशील कविता की आगे की स्थिति है। दोनों में घनिष्ठ सम्बन्ध है, पर ऐतिहासिक दृष्टि से एक दूसरे का विकास हैं।''[15] इसी बात को उन्होंने अपनी एक अन्य कृति में भी स्वीकार किया है– ''जिन मौलिक स्वीकृतियों के आधार पर सत्यान्वेषण के मार्ग पर प्रयोगशील कवि बढ़ा था, नयी कविता की अधिकांश अभिव्यक्ति तथा उपलब्धि उसी पर प्रतिष्ठित है।''[16] इससे प्रकट है कि नयी कविता का विकास प्रयोगवादी भावभूमि पर ही हुआ है। इसके साथ ही डॉ० रघुवंश का यह भी विचार है कि यथार्थ के समग्र चित्रण के कारण नयी कविता का कवि 'सिनिक' हो गया। उसे सुन्दर–असुन्दर, शिव–अशिव, कुत्सित–वर्जित कुछ भी का ध्यान नहीं रहा। उनका कथन है कि – "इस संक्रांति काल में मूल्यों और मर्यादाओं का ऐसा स्खलन और विघटन हुआ है कि कवि के स्वर में अनेक बार निराशा और अवसाद ध्वनित होता है।''[17] मूल्यों

और मर्यादाओं के विघटन को डॉ० रघुवंश युग मूल्यों के अन्वेषण हेतु नितान्त आवश्यक मानते हैं। उनका विचार है कि– ''ऐसा नहीं कि नयी कविता में 'सिनीसिज्म' नहीं है, पर विघटित मूल्यों और विस्थापित व्यक्तियों के युग में इस प्रकार की आस्थाहीनता और उसका आक्रोश आवश्यक है।''[18]

डॉ० रघुवंश 'नई कविता' के दौर में पैदा हुई अनास्थ और निराशा को अपने देश तक ही सीमित न मानकर पूरे विश्व की राजनीति और अर्थनीति की देन मानते हैं। आज का कवि इस विश्वव्यापी पीड़ा तथा वेदना को पहचानता है और उस पर अपने ढंग से प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। डॉ० रघुवंश ने इसे ही 'समग्र यथार्थपरक दृष्टिकोण' कहा है और आधुनिक वैज्ञानिक और बुद्धिवादी दृष्टि को इसके विकास का आधार बताया है। डॉ० रघुवंश ने प्रयोगवादी तथा नयी कविता को ही आधुनिक कविता के रूप मे स्वीकार किया है। उनका मानना है कि एक लम्बे समय से हिन्दी साहित्य में जिस आधुनिक दृष्टिकोण का विकास हो रहा है, उसके मूल में प्रयोगवादी कवियो की अपनी दृष्टि रही है। यह आधुनिक दृष्टिकोण प्रयोगकालीन कवियों की बौद्धिक जागरूकता, आत्मान्वेषण की प्रवृत्ति, वैज्ञानिक दृष्टि और युग के विघटित मूल्यों के प्रति अनास्था में देखी जा सकती है। इस आधुनिकता में डॉ० रघुवंश ने मानव के 'व्यक्ति स्वातन्त्र्य' की भी बात की है। वे इसे सामाजिक नियंत्रण से परे मानते हैं तथा इस पर वर्ग, दल या राष्ट्र की या शक्तिमान नेता के शासन तथा नियंत्रण को उचित नहीं मानते हैं। वे सहज व्यक्तित्व की स्थापना पर बल देते हैं। ऐसा सहज व्यक्तित्व अपनी स्वतन्त्रता के साथ दूसरों की स्वतंत्रता के लिए भी प्रयत्नशील रहेगा। इस समष्टि मानव के विषय में उनका विचार है कि– ''आज का कवि सहज मानव (लघु मानव) की स्थापना करना चाहता है, जो अपनी पूर्ण उपलब्धि में समष्टि को ही सार्थक करता है, वह स्वयं उसी प्रकार स्वतंत्र रहना चाहता है और दूसरों को मुक्त करने में अपनी स्वतंत्रता की सार्थकता मानता है।''[19] वर्ग, शासन तथा दल से स्वतंत्र होने पर व्यक्ति की स्वतंत्रता समाज या राष्ट्र के लिए अहितकर न हो जाये, इस हेतु उन्होंने व्यक्ति में विवेक को आवश्यक माना है। विवेकयुक्त मनुष्य सामाजिक दायित्व से स्वतः ही जुड़ जाता है। उनका विचार है कि– ''मुक्ति के साथ विवेक का प्रश्न भी सन्निहित है। मानव–नियति का निर्देशक युगों से मनुष्य के बाहर की अनेक आध्यात्मिक या सामाजिक शक्तियाँ रही हैं, पर आज का मानव अपनी नियति का दायित्व अपने विवेक पर लेना चाहता है।''[20] विवेक के साथ डॉ०

रघुवंश ने आस्था पर भी बल दिया है। उनका मानना है कि विश्वास के अभाव में मानव समाज तथा कवि दोनों ही मूल पथ से भटककर निराशावादी हो जायेंगे। मनुष्य तथा कवि के भीतर विश्वास ही वह ताकत है, जो उसे संकट में भी सोचने का साहस देती है। आज के समाज के भटकाव का कारण उसका निराशावादी हो जाना है। आशा के द्वारा ही उसमें सुन्दर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। स्वयं उन्हीं के शब्दों में– ''आज की संक्रान्ति में मनुष्य के हाथ से यही विश्वास, आस्था का संबल छूट गया है, इसी कारण वह भटक गया है। यदि मानव–भविष्य की पुनः स्थापना करना है, तो उसे उसके प्रति पुनः आशावान् करना होगा। कवि इस विश्वास को लेकर चलता है कि हमारा आज का मार्ग कितना ही धुंधला हो, पर विवेक साथ देगा और यदि हमारी आस्था न काँपे तो हमारा पथ प्रशस्त है।''[21]

डॉ० रघुवंश ने 'नयी कविता' के शिल्प पर भी विचार किया है। उन्होंने माना है कि कुत्सित तथा असुंदर के चित्रण में नयी कविता कभी–कभी निरर्थक तथा भावहीन भी लगने लगती है, किन्तु इस चित्रण से कवि की समग्र जीवन–दृष्टि का पता लगता है। इस माध्यम से कवि अपनी सामयिक परिस्थितियों से भी जुड़ता है। उनका विचार है कि– ''आधुनिकता के संदर्भ में यह सम्पूर्ण जीवन को आत्मसात करने का आग्रह है और इस प्रकार नया कवि समसामयिकता के दायित्व का निर्वाह सच्चे अर्थों में करता है, क्योंकि वह जीवन की वास्तविक गति के अन्दर से युग के व्यंग्य को अत्यधिक प्रखरता और गहराई के साथ व्यंजित करता है।''[22] विषय का यथातथ्य चित्रण करने के कारण नयी कविता में युग–जीवन का वैषम्य, मनःस्थिति की उलझन तथा वैयक्तिक अनुभूति की तीव्रता विद्यमान है। यही नयी कविता का वैचित्र्य है। डॉ० रघुवंश ने नयी कविता के कुछ कवियों अज्ञेय, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना तथा विपिन अग्रवाल आदि रचनाकारों पर भी विचार किया है। डॉ० रघुवंश ने अज्ञेय को प्रायोगवाद तथा नयी कविता के कवियों में सर्वाधिक सुशिक्षित, संयत, सुसंस्कृत तथा संवेदनशील माना है। उनका मानना है कि अज्ञेय के इसी व्यक्तित्व ने हिन्दी साहित्य को छायावादी शब्दजाल, प्रगतिवादी व्यक्तित्वहीनता तथा छायावादोत्तर भावावेश से मुक्त कर यथार्थ के धरातल पर खड़ा किया। उनका विचार है कि– ''अज्ञेय का सुशिक्षित और सुसंस्कृत मस्तिष्क और संवेदनशील और संयत विद्रोही व्यक्तित्व ही काव्य को छायावादी शब्दजाल,

प्रगतिवादी व्यक्तित्वहीनता तथा उत्तर छायावादी रोमेंटिकों के भावावेश से मुक्त कर युग के यथार्थ से संपृक्त और व्यक्ति की अद्वितीयता और विशिष्टता से सम्पन्न करने में समर्थ हुआ।''[23]

**निष्कर्ष –** सारतः कहा जा सकता है कि रघुवंश की दृष्टि में समन्वय की चेष्टा है। उन्होंने विभिन्न विरोधी प्रवृत्तियों के बीच निरन्तर समन्वय स्थापित करने की कोशिश की है। यद्यपि उनके जीवन की कठिनाइयाँ किसी भी मनुष्य को असहज करने वाली हैं किन्तु वे इन मुश्किलों से तनिक भी विचलित नहीं हुए और अपने साहित्यिक कर्म से इस बात को सिद्ध भी कर दिया। उनकी आलोचना दृष्टि में अध्ययन की विशालता तथा चिंतन की मौलिकता विद्यमान है। उनकी सूक्ष्म और गहन विश्लेषण क्षमता किसी भी विचार अथवा कृति का सटीक मूल्यांकन मे कारगर साबित हुई है। उनका आलोचना कर्म हिन्दी साहित्य का श्रेष्ठ आलोचना कर्म कहा जा सकता है।

## *संदर्भ*


1. *hi.m.wikipedia.org रघुवंश–(साहित्यकार), अगस्त 16, 2025*
2. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास,राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–314*
3. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास,राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–314*
4. *मधुरेश, हिन्दी आलोचना का विकास, सुमित प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम और द्वितीय संस्करण:2004, पृष्ठ–208*
5. *मधुरेश, हिन्दी आलोचना का विकास, सुमित प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम और द्वितीय संस्करण:2004, पृष्ठ–208*
6. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–308*
7. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–308*
8. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–309*
9. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–309*
10. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–309*

11. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 317*
12. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 317*
13. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 317–318*
14. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 318*
15. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 320*
16. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 320*
17. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–320*
18. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–320*
19. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–323*
20. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–323*
21. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–323*
22. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ–324*
23. *नवल नन्द किशोर, हिन्दी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, पहला संस्करण–1981, दूसरी आवृत्ति:2003, पृष्ठ 325*

***Paper Received : 07 June, 2025*** ***Paper Accepted : 18 June, 2025***

मङ्गलम् - वर्ष 16(02) भाग-XXXI अगस्त 2025
ISSN-0976-8149 पृ. 153-160

# परशुरामविक्रमम् महाकाव्य में मानवीय चेतना एवं दार्शनिक चिन्तन

*मोहन लाल* *

## *सारांश*

*परशुरामविक्रमम महाकाव्य में मानवीय संस्कारों की प्रधानता स्पष्ट रूप से स्वीकार की गयी है। प्रत्येक स्थिति में मानवीय संस्कारों का परिपालन अपेक्षित है। संस्कारों का परित्याग करने वालों को हेय कहा गया है। हमारे भारतीय समाज में संस्कारों का विशेष महत्व है। यहाँ पर बच्चे के जन्म से ही उसको संस्कार दिये जाते हैं। जिससे कि वह बड़ा होकर अपना और अपने परिवार एवं देश समाज का नाम रोशन कर सके। परशुराम के चरित्र मे हमें वे सब संस्कार देखने को मिलते हैं। जो कि उनको महान एवं एक आदर्श पुरूष बनाते हैं। डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज द्वारा रचित परशुरामविक्रमम् महाकाव्य आधुनिक समय का एक उच्च कोटि का महाकाव्य है। जिसके नायक परशुराम है। यह महाकाव्य मानवीय चेतना और दार्शनिक चिंतन को प्रभावित करता है। जो कि मानव जीवन ओर समाज के लिए उपयोगी है।*

***मूल शब्द** :– परशुरामविक्रमम् महाकाव्य, मानवीय चेतना, दार्शनिक चिंतन, राष्ट्रीय चेतना, आश्रम व्यवस्था, संस्कार, आदर्श पुरूष, परित्याग।*

विश्व वाङ्मय में संस्कृत साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इसमें भारतीय संस्कृति और सभ्यता के गुण साक्षात् दिखाई पड़ते हैं।[1] जो मानव जीवन के लिए अमूल्य है। भारतीय संस्कृति की विशेषता अपने आप में महत्वपूर्ण है।[2] उसका संवर्धन संस्कृत साहित्य के अमूल्य योगदान से हुआ है। आचार्य डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज द्वारा लिखित **"परशुरामविक्रमम्"** महाकव्य 21वीं सदीं का संस्कृत जैसी देववाणी में विभिन्न सुन्दर गेय छन्दों में निबद्ध गौरवशाली महाकव्य है।[3] साहित्य समाज का दर्पण होता है आधुनिक महाकाव्यों में परशुरामविक्रमम् महाकाव्य भारतीय समाज का दर्पण है। महाकाव्य में भारतीय समाज का अत्यन्त सजीव चित्र प्रस्तुत किया गया है। महाकाव्य के अध्ययन से ज्ञात होता है कि परशुराम के समय में दो प्रमुख जातियाँ थी। आर्य और अनार्य इन दोनों जातियों के कुछ प्रमुख प्रभेद भी थे। इनकी सामाजिक व्यवस्था में काफी अंतर था।[4] आर्यो का समाज वर्णाश्रम पर आधारित था। जबकि अनार्यो

* *शोध छात्र, संस्कृत विभाग, आर्य कन्या पी०जी० कॉलेज, हापुड़, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ*

के समाज में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। आर्य जाति का निवास गंगा सिन्धु का मैदान था। अनार्य दक्षिण के वन प्रदेश में रहते थे। आर्य जाति के प्रभुत्व के अनार्य जाति ने स्वीकार कर लिया था। भारत के दक्षिण भाग में लंकाद्वीप में राक्षस जाति निवास करती थी। जिसकी रीति नीति आर्यों के आचार विचार से सर्वथा भिन्न थी। उस समय मनुष्य का जीवन चार आश्रमों में विभक्त था। 1. ब्रह्मचर्य आश्रम, 2. गृहस्थाश्रम, 3. वानप्रस्थाश्रम, 4. सन्यासाश्रम। जीवन के प्रारम्भिक काल में विद्याभ्यास के लिए ब्रह्मचर्याश्रम की व्यवस्था की गई थी।[5] गृहस्थाश्रम में व्यक्ति विवाह करके संतानोत्पत्ति द्वारा वंशवृद्धि करके मानव जाति के क्रम को अक्षुण्ण बनाता था। उस समय गृहस्थ आश्रम को चारों आश्रमों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। परशुराम की शिक्षा–दीक्षा एवं तपस्या पूर्ण हो जाने के पश्चात पिता जमदग्नि परशुराम को गृहस्थाश्रम की महत्ता बताते हुए। विवाह के लिए कहते हैं।

**"पूर्णस्तवाध्ययनकालविभाग आद्यःकालोऽधुना नियमतो गृहवासयोग्यः।**
**प्रारब्ध एष एकलाश्रममूलरूपः शिष्टै प्रशंसित इहास्ति सदा गृहस्थः।।[6]**

तुम्हारा पहला अध्ययन काल सम्बन्धी विभाग पूरा हो गया है। अब तुम्हारा गृहस्थ, जो सभी आश्रमों का मूल है, में प्रवेश करने का काल प्रारम्भ हो गया है। गृहस्थाश्रम की शिष्टजनों ने सदा प्रशंसा की है। उस समय के समाज में 6 प्रकार के विवाहो का उल्लेख मिलता है। प्रथम प्रकार में कन्या का पिता वर को आमंत्रित करके बिना द्रव्य लिए ही अपनी कन्या का विवाह कर देता था। गांधर्व विवाह का प्रचलन आर्येत्तर जातियों में अधिक था।[7]

परशुराम के समय में स्त्रियों की स्थिति अत्यन्त उदात्त थी। स्त्रियों को पढ़ने, लिखने अपना मत व्यक्त करने युद्ध भूमि में रण कौशल दिखलाने तथा स्वयंमेव अपना पति वरण करने का अधिकार था। फिर भी प्रायः तत्कालीन समाज पति प्रधान ही था। यद्यपि स्त्रियाँ गृहस्वामिनी एवं लक्ष्मी कही जाती थी। तथापि स्त्री के लिए पति की आज्ञा एवं पति सेवा वैदिक आदेश के समान था। इसके बाद भी स्त्रियों की स्वतन्त्रता तथा उनके अधिकारों का पर्याप्त ध्यान रखा जाता था।[8]

परशुरामविक्रमम् महाकाव्य में राजनीतिक व्यवस्था का वर्णन कवि ने भली प्रकार से किया है। उस समय प्रजा राजा को ईश्वर का प्रतिरूप समझती थी और राजा भी प्रजा को अपनी संतान समझता था। इसी काल में राजा ही

सम्पूर्ण राष्ट्र का केन्द्र बिन्दु माना जाता था क्योंकि राजा का मुख्य कार्य प्रजानुरंजन एवं राष्ट्रोन्नयन था। इतना ही नहीं, राजा राष्ट्र के धर्म तथा सत्य का उद्‌भव स्थल था। उस समय के समाज में यह मान्यता थी कि राजा रहित राज्य में किसी भी प्रकार के मंगल या कल्याण की कल्पना नहीं की जाती थी। प्रतिज्ञा पालन को सच्चरित्रता का अभिन्न अंग समझा जाता था सत्यप्रियता तथा प्रतिज्ञा पालन लोगों का महनीय वृत्त समझा जाता था। जो लोग सत्यनिष्ठा एवं प्रतिज्ञा निर्वाह के महानीय व्रत के पालन में सफल होते थे। वही महिमा सम्पन्न समझे जाते थे।

**"मान्यं सदा यन्महतां विधानं ह्युक्तं तथैवाप्तजनस्य नित्यम्।**
**लोके तथापि व्यवहारहेतोः स्पष्टं समेषां पुरतो भवेत तत्।।"**[9]

जो महान पुरूषों का विधान होता है वह सदैव मान्य होता है। उसी प्रकार शिष्ट पुरूषों का कथन भी मान्य होता है। परन्तु लोक में व्यवहार के लिए वह सब कुछ सभी के सामने स्पष्ट हो जाना चाहिए। विधान सब के लिए एक होता है। इसलिए जमदग्नि ने परशुराम की परीक्षा भी अन्य शिष्यों का भाँति कराने का निर्णय लिया। जमदग्नि गुरूकुल के कुलपति है। उन्होंने गुरूकुल की परम्परा का निर्वाह करते हुए। सर्वप्रथम विधान के नियमों अनुसार परशुराम की लिखित परीक्षा कराई। तत्पश्चात सबके सामने उसकी प्रयोगात्मक परीक्षा भी हुई। क्योंकि विद्या के सदा प्रयोग की अपेक्षा होती है।[10] महाकाव्य के सप्तदश सर्ग में परशुराम ने सभा में नीतिपूर्वक कहा कि अर्जुन राष्ट्र का रक्षक होने के लिए पूर्णतया योग्य है। सभी राज्यों के राजाओं की सहमति से अर्जुन का तिलक कर दिया जाए ताकि सम्पूर्ण आर्य भारत एक छत्र शासन के अन्तर्गत आ जाए।

**"तिलकं क्रियतां मत्या सर्वेषां राज्यभूभृताम्।**
**एकच्छत्रे समागच्छेत् सम्पूर्णमार्यभारतम्।।"**[11]

इससे सभी लोगों के द्वारा क्षेत्रीय भेद से मुक्त होकर राष्ट्रीय एकता की भावना धारण की जाएगी। इसके आगे परशुराम कहते है कि विधान का निर्माण लोक का उपकार करने वाले धर्म के ज्ञाता महामुनि कश्यप की अध्यक्षता में होना चाहिए। परन्तु मेरे मन बहुत बड़ी शंका है कि कही सम्राट निरंकुश होकर प्रजा को दुख देने वाला न हो जाए। कार्तवीर्य की जो कथा

प्रसिद्ध है। उनमें सदैव प्रजाजन को पीड़ा पहुँचाने की बात सुनी जाती है। उसके अपने लोग तथा उस पर आश्रित दुष्ट राजा सम्राट का भय दिखाकर अत्याचार करते हैं।

राजा का पहला धर्म है। प्रजा पालन करना उसके अधार्मिक हो जाने पर राष्ट्र की जठ की समाप्त हो जाती है। पहले वह दात्तत्रेय की शिक्षा से निश्चित रूप से धार्मिक था परन्तु अब बल की अधिकता के कारण अहंकारी हो गया है। इस लिए भारत के अधिपति के पद पर अभिषेक से पहले सम्राट प्रजा के कष्ट हरने का आश्वासन दे। तपस्वी राजा अर्जुन ने उठकर और दत्तात्रेय गुरू से आज्ञा लेकर प्रजा को प्रसन्न करने वाले यह वचन बोले—मैं यह मानता हूँ कि प्रजा का पालन ही राजा का परम धर्म है। धर्म की वृद्धि के लिए प्रयत्न करता हुआ मैं अपने धर्म का पालन करूँगा यदि मेरा कोई सम्बन्धी पाप का आचरण करता है। तो में उसे निश्चित रूप से बिना किसी पक्षपात के धर्म के अनुसार दण्ड दूँगा।

**"सम्बन्धी यदि कश्चिन्में पापाचारं करोति वे।**
**दण्डं दास्यामि नूनं तं यथाधर्मम भेदतः।।**[12]

ऐसा आश्वासन देकर राजा विनीत की तरह चुपचाप बैठ गया। तालियों की ध्वनि के समूह से पूरा सदन गूंज उठा। महाकाव्य में भारतीय राजनीति व्यवस्था का सजीव चित्रण किया गया है। सम्पूर्ण राष्ट्र को एक धागे में बांधने का अथक प्रयास परशुराम ने किया है एवं सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए विधान का निर्माण किया गया है।[13]

संस्कृत भाषा और साहित्य हमारे आर्य देश की वह सम्पदा है। जिसके बल पर हम संसार की समस्त सभ्य जातियों के समक्ष उन्नत मस्तक होकर खड़े हो सकते है। जिस संस्कृत शाश्वत ग्रन्थ रत्न वेद आर्य जाति के इतिहास में प्राप्त प्राचीनतम लेख है।[14] आधुनिक संस्कृत साहित्य में डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज द्वारा रचित परशुरामविक्रमम् महाकाव्यम् एक उत्तम कोटि के महाकाव्य है। जिसमें मानवीय संस्कारों का गुरू भक्ति, पितृ भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम का वर्णन किया गया है। महाकाव्य में नायक वीर पराक्रमी पराशुराम के चरित्र से मानवीय संस्कारों की शिक्षा मिलती है। परशुराम ने धर्म का पालन करते हुए

मानवता की रक्षा की और सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधा है। धर्म के बिना नैतिक आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। अतः स्वधर्म का परिपालन अत्यावश्यक है। महाभारत में भी कहा गया है।

**"प्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।[15]**

महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में गुरूकुल में पिता जमदग्नि द्वारा परशुराम का लालन–पालन सभी वैदिक संस्कारों से किया जाता हैं और साथ ही उन्हें शिक्षा प्रधान की गयी। परशुराम के चरित्र विकास में पिता जमदग्नि द्वारा दिये गये। संस्कारों की निरन्तर साधना एवं संरक्षण देखने को मिलते हैं। परशुराम को अपने माता–पिता की ओर से जो संस्कार प्राप्त हुए हैं। वे परशुराम के चरित्र को उदात्त बनाते हैं। परशुराम के पिता जमदग्नि ने यह देखा कि उसका पुत्र पढ़ना चाहता है। तो उन्होंने विधि पूर्वक गुरूकुल के आचार और नियम के अनुसार उसका **"उपनयन"** संस्कार किया और उसे अध्ययन के लिए प्रवेश दे दिया।

**"दृष्ट्वा शिशिक्षां कुलपः सुतस्य प्रावेश्यत् तं विधिना गुणज्ञः।**
**कृत्वोपनीतं नियमेन पुत्रं ह्याचाररीत्याध्ययनाय तत्र।।"[16]**

पिता जमदग्नि ने गुरूकुल के कुलपति होते हुए भी अपने वात्सल्य को त्यागकर व्यवहार में कठोर बनकर अपने पुत्र को शास्त्र एवं संस्कारों और मानवीय धर्म की शिक्षा दी। परशुराम को गुरू के मुख से उच्चारण होते ही स्वतः प्रेरणा से प्रकट हुए हृदय में विद्यमान वेद स्मरण हो गये। गुरूजनों के नियम बड़े कठोर थे तथा गुरूकुल की दिनचर्या निश्चित और दृढ़ थी। फिर भी अवकाशश के समय में भी समय निकालकर वह अभ्यास करता था। परशुराम को वेद वेदाङों एवं शास्त्र को ज्ञान गुरू द्वारा दिया गया।

**"वेदान् स साङ्गानधिगम्य शीघ्रं चान्वीक्षिकी राजनयं समग्रम्।**
**सर्वाः स्मृतीश्चापि पुराणराशिं जग्राह साक्षादिव दैवत्यागात्।"[17]**

उसने वेदों का अंगों सहित शीघ्र अध्ययन कर लिया तर्क शास्त्र राजनीति शास्त्र, स्मृति ग्रंथों तथा पुराणों का ज्ञान प्राप्त कर लिया।

परशुराम अपने संस्कारों एवं कर्त्तव्यां से एक महान राष्ट्रनायक के रूप में हमारे समक्ष है। परशुराम की राष्ट्र भक्ति देखकर और राष्ट्र के लिए समर्पित अपना पूरा आजीवन ब्रह्मचर्य में व्यतीत कर देना एक आदर्श है। प्राचीन समय से ही ऋषि मुनियों की तपस्या एवं ज्ञान के कारण संस्कारों के द्वारा एक व्यवस्था बनाई गयी है। जिसको अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन सरल एवं खुद को महान बना लेता है। परशुरामविक्रमम् महाकाव्य में हमें देखने को मिलता है कि परशुराम एक राष्ट्रभक्त महान योद्धा है। जो कि आज की युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है।[18] वैदिक वाङ्मय में कहा गया है कि राजा की शक्ति प्रजा में निहित है। प्रजा को राजा को अनुकूल बनाने की प्रक्रिया यज्ञ द्वारा सम्पन्न की जाती थी।[19]

राष्ट्रीय भावना सदा ही जनता के धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक राजनैतिक सभी दृष्टिकोणों को प्रभावित करती है। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में जब सर्वत्र ईर्ष्या द्वेष, कलह वैमनस्य वैमत्य, असहिष्णुता, अराजकता व्याप्त है। इसलिए राष्ट्रीय भावना की प्रासंगिकता और भी अधिक हो जाती है। डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज द्वारा रचित परशुरामविक्रमम् महाकाव्य में राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति की गयी है। महाकाव्य का नायक परशुराम राष्ट्र की समृद्धि एवं सुख शान्ति के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर देता है। राष्ट्र की रक्षा करना राजा का परम कर्त्तव्य माना गया है। राजा से प्रार्थना की गई है कि वह मातृभूमि की रक्षा करे देश द्रोहियों को पनपने न दे अपने अस्त्र शस्त्रों की धार पैनी रखे अपने बाहुबल को बढ़ाता रहे, अपनी सेना में वीर सैनिक की नियुक्ति करे। महाकाव्य के सप्तदश सर्ग परशुराम के द्वारा सभा का आयोजन किया जाता है और सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने के लिए एक सुयोग्य राजा का चुनाव किया जाता है और सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए एक समान विधान बनाया जाता है।[20] परशुराम भी सम्पूर्ण राष्ट्र को एक छत्र करने के लिए दुष्ट राजाओं का वध कर देते हैं और सम्पूर्ण पृथ्वी को 21 बार क्षत्रिय विहीन कर देता है। परशुराम के अन्दर जो राष्ट्र प्रेम का भावना है। उसके बीच वह किसी को भी नहीं आने देता है। माता–पिता के आग्रह करने पर भी वह विवाह से इंकार कर देते है। महाकाव्य की नायिका पद्मेश्वरी जो कि मन ही मन परशुराम को चाहती है। सुन्दर एवं बहादुर राजकुमारी है। जिसको पाने के

लिए अनेक राजा प्रयत्न करते हैं लेकिन परशुराम पद्मेश्वरी से भी विवाह के लिए मना कर देता है और निष्कपट भाव से राष्ट्र की सेवा करने के लिए विश्वभ्रमण यात्रा पर निकल जाता है। महाकाव्य में कवि ने राष्ट्रीय भावना के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। उस समय प्रजारंजन ही राजा के जीवन का मुख्य उद्देश्य था। अपनी संस्कृति की रक्षा करना भी राष्ट्रीय भावना ही है। राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत यह महाकाव्य आज भी युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक महाकाव्य है। जिससे जनता में राष्ट्रीय चेतना का विकास होगा।

## *संदर्भ*


1. *संस्कृत साहित्य का इतिहास – आचार्य बलदेव उपाध्याय शारदा संस्थान वाराणसी दशम संस्करण 1978, पृ० सं० 17*
2. *संस्कृत साहित्य का समग्र इतिहास – डॉ० राधावल्लभ त्रिपाठी – चौखम्बा सुभारती प्रकाशन वाराणसी, 1974, पृ० सं० 85*
3. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्यम् – डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज कल्पः भारद्वाज पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली वर्ष 2011 ISBN - 978.9384741.31.0 पृ० सं० 5*
4. *परशुरामोदयम् महाकाव्यम् – डॉ० सुधीकान्त भारद्वाज कल्पः देववाणी परिषद् दिल्ली 2009 ISBN - 978.81.90946.322 पृ० सं० 8*
5. *संस्कृत वाङ्मय विमर्श – डॉ० भगवती लाल राजपुरोहित बांके बिहारी प्रकाशन आगरा, 1976, पृ० सं० 85*
6. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 5/7*
7. *संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास – पी०वी० काणे मोतीलाल बनारसीदास, 1966, पृ० सं० 118*
8. *रामायण – श्री चिन्न स्वामी शास्त्री – मद्रास 1985, पृ० सं० 278*
9. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 2/44*
10. *संस्कृत महाकाव्य की परम्परा – डॉ० केशवराव मुसल गाँवकर चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी, 1995, पृ० सं० 62*
11. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 17/63*
12. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 17/76*
13. *परशुरामविक्रमम् महाकाव्य पृ० सं० 55*
14. *संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ० बलदेव उपाध्याय शारदा प्रकाशन संस्थान, रवीन्द्रपुरी दुर्गा कुण्ड वाराणसी, 1998, पृ० सं० 117*
15. *श्रीमद्भगवदगीता 3/35*

*16. परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 4/35*

*17. परशुरामविक्रमम् महाकाव्य 2/15*

*18. भारतीय काव्यशास्त्र की भूमिका– डॉ० नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दिल्ली, 1963, पृ०सं० 55*

*19. भारतीय राजनीति विज्ञान, शोध पत्रिका, अंक द्वितीय, जुलाई–दिसम्बर 2021, पृ०सं० 179*

*20. परशुरामविक्रमम् महाकाव्य प्रस्तावना पृ०सं० 5*

***Paper Received : 10 July., 2025*** ***Paper Accepted : 29 July, 2025***

# Manglam International Journal of Humanities & Social Sciences

## Application for Membership

website:www.mangalamallahabad.com

PHOTO

Membership ID. No.- ..................................................................................

(For Official Use)

1. Name (with title, e.g. Dr/Prof./Mr./Ms.) 2. Male/Female

2. Designation and Address-(If retired, Last address)

3. Mailing/Permanent Address-

4. Telephone (With STD code)-

Office:................................ Residence:.............................

Mobile No.:........................ E-Mail :..................................

Fax No. :.............................

5. Type Of Membership

One Year :- Rs. 2000/- Three Year :- Rs. 5000/- Life Membership* :- Year:- Rs. 10,000/-

(*For Ten Year's)

New you may deposit the Membership fee directly in Maglam International Journal of Humanities & Social Scial Sciences (ISSN : 0976-8149) Account as per Following details :-

Name of Bank : State Bank of India Prayagraj Branch : Civil Lines Prayagraj
Account Holder : Manglam Sewa Samiti, Prayagraj A/c No. : 65024854963
IFC Code : SBIN 0018245 MICR Code : 211007003

Please return this form to


**Dr. Dinkar Tripathi**

Editor : Manglam International Journal of Humanities & Social Sciences

463/359G-2 Shivam Apartment, New Mumfordganj, Prayagraj(U.P.)- India, 211002

website:www.mangalamallahabad.com

e-mail : drdinkartripathi@gmail.com

**Manglam International Journal of Humanities & Social Sciences**
**Subscription Order Form**
**website:www.mangalamallahabad.com**

1. Name :..........................................................................................
2. Address : ......................................................................................
   ......................................................................................
   Tel./ Mabile No. ........................................................ e-mail .......................
3. Life Membership of Manglam Sewa Samiti- Yes/No (If Yes then I.D. No.....................)
4. Tpe of Subscription : Individual / Institon
5. Period of Subscription : Annual / Three year's / Life time*
6. Number of Copies Subscription : ..........................................................

Dear Editor,

Kindly acknowledge the receipt of my Subscription and staet sending the issue (s) of Manglam International Journal of Humanities & Social Sciences (ISSN-0976-8149) at follwing Aeddres.

..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................

**The Subscription rates ars sa Follow : w.e.f. 31.08.21\012**

| India (Rs.) | Members of Manglam Sewa Samiti | Individuals | Institutions |
|---|---|---|---|
| Single Copy | Rs. 300/- | Rs. 600/- | Rs. 750/- |
| Anaual Copy | Rs. 500/- | Rs. 1100/- | Rs. 1500/- |
| Three Copy | Rs. 1500/- | Rs. 8000/- | Rs. 4500/- |
| Life time* | Rs. 500/- | Rs. 1100/- | Rs. 10,000/- |
| **OTHER COUNTRIES** | **Members of Sewa Samiti** | **Individuals** | **Institutions** |
| Single Copy | $ 65 | $ 80 | $ 120 |
| Anaual Copy | $ 120 | $ 150 | $ 240 |
| Three Copy | $ 360 | $ 430 | $ 720 |
| Life time* | $ 3000 | $ 5000 | $ 10,000 |

(*For Ten Year's)

New you may deposit the Membership fee directly in Maglam International Journal of Humanities & Social Scial Sciences (ISSN : 0976-8149) Account as per Following details :-

Name of Bank : State Bank of India Prayagraj Branch : Civil Lines Prayagraj
Account Holder : Manglam Sewa Samiti, Prayagraj A/c No. : 65024854963
IFC Code : SBIN 0018245 MICR Code : 211007003

Please return this form to


**Dr. Dinkar Tripathi**

Editor : Manglam International Journal of Humanities & Social Sciences
463/359G-2 Shivam Apartment, New Mumfordganj, Prayagraj (U.P.)- India, 211002
website:www.mangalamallahabad.com
e-mail : drdinkartripathi@gmail.com

## Instruction for Research Paper's

- Reserach Papers are Invited Only in Hindi, Sanskrit and English with a Declaration of being Original and unpublished ,work.
- The Paper Must be Neaty Typed in 14 Point Size of KrutiDav-010/ Times New Roman on A4 Size Paper having 1.25 inch margin of evey side with full Residential & Offical Address Mobile No. and email.
- The Research Paper Should have the Maximum Limit of 2000 Words. It can be returned if no Summary (Maximum in 150 Words) and referenace are attached.
- Research Paper will be Published after the approval of Editorial board.
- Author Should give the References in this manner
  for Articles- Dr. Gopal Prasad, Economic Development and Panchayatiraj, Manglam Journal, Allahabad. ISSN-097-8149 Year 02 No-01 February 2011 P.17-18.
  for book- Yogendra Yadav, Electroal Politics in the time of Change:India's third Electoral Sytem 1989-99" Economic & Political Weekly Vol.34 No.34 21-28Aug.1999. P-2330-2399.
- All Right of Published Papers will be Preserved under the Name of Editor.
- Authors may sent two copies of their Books (Under one year of its Publication) for Review in the Journal.
- The Journal will be Sent to all Personal and Institutional Members. Through general post, if some one required post be will have to pay Additional Charge for it.
- Please sent your Research Paper, C.D. and Subscription form/ Membership Form at the address given below.

**Editor**

Dr. DINKAR TRIPATHI

•

Manglam -Half Yearly Journal
463/359G-2 Shivam Apartment,
New Mumfordganj, Allahabad (U.P.) India
Mobile- +91-7398180008, +91-9044666672
Email- drdinkartripathi@gmail.com

•

Manglam- Half Yearly Journal
1249/1A, Civil Lines-2
(Behind-Raj Hotel ) Sultanpur, (U.P.)
Mobile- +91-9532006658